

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 48 | रांची, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण 14, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


## वक्फ संशोधन विधेयक को जेपीसी ने दी मंजूरी

एजेंसियां

- किए गए 14 बदलाव, विपक्ष के सुझाव खारिज
- बजट सत्र में रिपोर्ट सदन में की जाएगी पेश



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने मंजूरी दे दी है। इसमें 14 बदलाव किए गए हैं। आगामी बजट सत्र में रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी। सत्तारूढ़ भाजपा के जगदंबिका पाल की अगुआई वाली समिति के समक्ष कुल 44 बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनमें से कई प्रस्ताव विपक्षी सांसदों से भी उठाए गए थे, लेकिन मतदान के जरिए विपक्ष द्वारा प्रस्तावित परिवर्तनों को अस्वीकार कर दिया गया।

वक्फ संशोधन विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति ने सोमवार को भाजपा-नीत एनडीए सदस्यों द्वारा प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया और विपक्षी सदस्यों द्वारा किए गए सभी संशोधनों को खारिज कर दिया। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने पत्रकारों को बताया कि समिति द्वारा अपनाए गए संशोधन कानून को बेहतर और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

**विपक्ष के आरोप :** विपक्ष के सांसदों ने बैठक की कार्यवाही की आलोचना की और पाल पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने पत्रकारों से कहा, यह एक दिखावटी बैठक थी। हमें सुना तक नहीं गया। पाल ने तानाशाही तरीके से काम किया है। वहीं पाल ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक थी और बहुमत के जरिए ही फैसला लिया गया।

**44 प्रस्तावों में से 14 बदलाव ही मंजूर :** समिति के समक्ष कुल 44 बदलावों के प्रस्ताव पेश किए गए थे, लेकिन 14 प्रस्तावों को ही मंजूर किया गया।

शेष पेज 08 पर

### भाजपा के सभी 10 संशोधनों को मंजूरी

बैठक में भाजपा सांसदों ने 10 संशोधन पेश किए और सभी संशोधनों को मंजूरी दी गई। वहीं, विपक्ष की तरफ से भी कई संशोधन पेश किए, लेकिन सभी को मतदान के बाद खारिज कर दिया गया। विपक्ष द्वारा पेश किए गए सभी संशोधन 10-16 के मतों से खारिज हुए। जबकि, भाजपा के सभी संशोधनों को 16-10 मतों से स्वीकार किया गया।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पोर्टल किया लॉन्च

### देश का पहला राज्य बनकर रचा इतिहास




**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी सोमवार से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑफिशल पोर्टल लॉन्च करते हुए एलान कर दिया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड अब भारत देश का पहला राज्य बन गया है। 27 जनवरी को यूसीसी लागू किए जाने की तारीख पहले से तय की गई थी।

पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी का पोर्टल लॉन्च करते हुए कहा, 'आज का दिन उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक है। ड्राफ्ट बनाने में टीम ने कड़ी मेहनत की है। हमने जनता से किया वादा पूरा किया है। यूसीसी किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, बल्कि इससे अब राज्य में सभी धर्मों की महिलाओं को एक समान अधिकार मिलेगा। यूसीसी से महिलाएं सशक्त होंगी। हलाला प्रथा, बहुविवाह, बाल विवाह पर रोक लगेगी।'

सीएम धामी ने यूसीसी लागू करते हुए कहा कि इस कानून से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व तय होंगे। समान नागरिक संहिता के अंतर्गत जाति, धर्म, लिंग आदि के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने की कोशिश की गई है।

भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने को प्रमुख चुनावी वादे में रखा था। सीएम की कुर्सी पर दोबारा बैठते ही पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कैबिनेट की पहली ही बैठक में यूसीसी प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए उसका मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ कमिटी के गठन पर मुहर लगा दी गई थी।

उत्तराखंड यूसीसी विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, लिव-इन रिलेशनशिप और इनसे संबंधित अन्य विषयों को रेगुलेट करेगा।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की फिर बिगड़ी तबीयत



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबीयत एक बार फिर खराब हो गई है, जिसके बाद उनका पूर्णिया दौरा रद्द कर दिया गया है। नीतीश कुमार गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में भी अस्वस्थता के कारण शामिल नहीं हो सके। नीतीश कुमार हर साल दलित टोले में झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होते थे, इस बार वहां भी नहीं गए। फिलहाल वो सीएम आवास में आराम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास पर डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर रख रही है। डॉक्टरों की सलाह पर सीएम नीतीश कुमार के सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। उन्हें सर्दी और बुखार होने की बात कही जा रही है।

### अगले मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम का चयन करने के लिए खोज समिति गठित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अगले मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के लिए नाम का चयन करने के लिए एक खोज समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे। इस समिति में वित्त मंत्रालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव भी सदस्य होंगे। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

शेष पेज 08 पर

**महाकुंभ मेले में स्नान के लिए गए बिहार के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत** पेज 08

## उपराजधानी दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया एलान

# झारखंड में 48 हजार पदों पर नियुक्ति करेगी सरकार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

- मुख्यमंत्री ने दुमका में फहराया तिरंगा और ली सशस्त्र बलों की परेड की सलामी



**दुमका।** 76वें गणतंत्र दिवस पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपराजधानी दुमका के पुलिस लाइन मैदान में तिरंगा फहराया और सशस्त्र बलों की परेड की सलामी ली। इस मौके पर उन्होंने देश-राज्य के शहीदों और अमर विभूतियों की कुर्बानी और योगदान को नमन करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में हमारे देश ने बड़े संघर्षों के बाद स्वतंत्रता प्राप्त की और एक सशक्त लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में विश्व के मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा।

**हर चेहरे पर दिख रही हैं उम्मीद की नई किरणें :** मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियां गिनवाईं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं और नीतियां बनायी हैं और उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है। झारखंड के गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ है। हर चेहरे पर उम्मीद की नई किरणें दिख रही हैं। हम जनता से किए हर वादे को पूरी संजीदगी से निभाने का प्रयास कर रहे हैं।

शेष पेज 08 पर

### मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल ने किया झंडारोहण 44 अधिकारियों और कर्मियों को किया सम्मानित



**रांची।** 26 जनवरी 2025 को देशभर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मोरहाबादी मैदान में किया झंडारोहण किया। राज्यपाल ने सशस्त्र बल संयुक्त परेड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने दीपाटोली रांची स्थित झारखंड युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण कर वीर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

**वीर शहीदों को श्रद्धांजलि :** राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उनकी सरकार राज्य के हर वर्ग के लिए संवेदनशील होकर काम कर रही है। राज्य सरकार ने हमेशा से सुशासन एवं न्याय के साथ विकास पर जोर दिया जा रहा है।

**नक्सलियों पर एक्शन :** नक्सली अभियान में वर्ष 2024 में 248 नक्सली को गिरफ्तार किया गया, 24 ने आत्मसमर्पण किया, वहीं नौ को मार गिराया गया। इस वर्ष राज्य में संगठित अपराध के कुल 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें अलकायदा के भी 4 आतंकी शामिल हैं। बढ़ते साइबर अपराधों के बीच राज्य में कुल 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस सभी को साइबर अपराध की रोकथाम के लिए बनाए गए प्रतिबिम्ब एप की मदद से गिरफ्तार किया गया है।

शेष पेज 08 पर



### किसानों के लिए खुशखबरी

### पीएम किसान की 19वीं किस्त 24 फरवरी को होगी जारी

**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों का जीवन आसान बनाने में मददगार पहल साबित हो रही। पीएस किसान योजना की 19वीं किस्त का इंतजार अब खत्म हो गया है।

**इस दिन जारी होगी 19वीं किस्त :** पीएम किसान योजना की 19वीं किस्तब 24 फरवरी 2025 को जारी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार से देश के करोड़ों किसानों के खाते में 2000 रुपये ट्रांसफर करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। बता दें कि पीएम मोदी ने पिछली बार महाराष्ट्रश से 5 अक्टूबर 2024 को योजना की 18वीं किस्त जारी की थी। उस समय पीएम ने 9.58 करोड़ किसानों के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की थी।

शेष पेज 08 पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने फहराया तिरंगा

# कर्तव्य पथ पर दुनिया ने देखी भारत की ताकत

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को देशभर में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुबह 10:30 बजे कर्तव्य पथ पर तिरंगा फहराया। उसके बाद 21 तोपों से सलामी दी गई। राष्ट्रपति मुर्मू इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बग्घी में बैठकर कर्तव्य पथ पहुंचीं। जो इस वर्ष के मुख्य अतिथि हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद हैं। पीएम मोदी ने वहां मौजूद गेस्ट से मुलाकात की।

**इंडोनेशिया के जवानों ने भी निकाली परेड :** बता दें कि कर्तव्य पथ पर झंडोतोलन के बाद तीनों सेनाओं के हेलीकॉप्टर ने परेड की शुरुआत की। आसमान से फूल बरसाए गए। उसके बाद कल्चर मिनिस्ट्री की 300 आर्टिस्ट ने वाद्य यंत्र बजाते हुए परेड निकाले। खास बात यह रही कि इंडोनेशिया के जवानों द्वारा भी कर्तव्य पथ पर परेड निकाली गयी। परेड के दौरान पहली सेना की टुकड़ी 61 कैवेलरी की रहीं। यह दुनिया का एक मात्र एक्टिव घुड़सवार सेना रेजिमेंट है।



### कलाकारों ने कर्तव्य पथ पर की कला प्रदर्शित

इस बार गणतंत्र दिवस की थीम 'गोल्डन इंडिया- हेरिटेज एंड डेवलपमेंट' है। इस बार सांस्कृतिक कलाकार पूरे परेड पथ पर अपनी कला का प्रदर्शन करते नजर आए। जो पहले सिर्फ राष्ट्रपति बॉक्स के सामने प्रदर्शन करते थे। इसके अलावा, पूरे भारत से लगभग 10 हजार विशेष अतिथियों को परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया था। जिनमें पैरालंपिक दल, शीर्ष प्रदर्शन वाले गांवों के सरपंच, हथकरघा कारीगर, वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकर्ता शामिल रहे।

## घर में ब्लास्ट, महिला की मौत, छह झुलसे

### गिरिडीह

- एक महिला और पुरुष की स्थिति नाजुक, रांची रिम्स रेफर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गिरिडीह।** गिरिडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शीतलपुर में उमेश दास के घर में किसी ने खिड़की से घर के अंदर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसके कारण घर में जबरदस्त ब्लास्ट हो गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि परिवार के 6 लोग आग की जद में आने से झुलस गए हैं। सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक महिला और पुरुष की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड के कारोबारी ने 90 करोड़ में खरीदा प्राइवेट जेट

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

### सिंगापुर के लिए भरी पहली उड़ान





**गिरिडीह।** देश के अमीर कारोबारियों में से एक झारखंड के सुरेश जालान ने पूरे परिवार के लिए एक प्राइवेट जेट खरीद लिया है। झारखंड के सबसे बड़े कार्बन रिर्सोस कंपनी के मालिक जालान ने 10 सीटों वाले विमान का 90 करोड़ रुपए में सौदा किया है।

**देश के अमीर कारोबारियों में 299वां स्थान :** दरअसल, देश के अमीर कारोबारियों में 299वां स्थान रखने वाले गिरिडीह के मशहूर उद्योगपति सुरेश जालान ने 90 करोड़ रुपये की लागत से एक प्राइवेट जेट खरीदा है। 10 सीटों वाले इस विमान ने स्विट्ज़रलैंड से उड़कर गिरिडीह हवाई अड्डा यानी बोरो एयरोड्रम पर अपनी पहली लैंडिंग की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उस विमान का पूजन किया गया। विमान ने सिंगापुर के लिए अपनी पहली उड़ान भरी। यह कदम क्षेत्र में सुरेश जालान की बढ़ती आर्थिक ताकत और वैश्विक कनेक्टिविटी की ओर संकेत करता है।

**भारत के 5 राज्यों में फैला कारोबार :** बता दें कि कारोबारी सुरेश जालान की कंपनी कार्बन रिसोर्सेज कार्बनयुक्त कच्चा माल बनाती है। इनका कारोबार भारत के 5 राज्यों में फैला हुआ है। दावा है कि कंपनी भारत में इलेक्ट्रोड पेस्ट की सबसे बड़ी और एकमात्र उत्पादक है, जिनकी क्षमता दो स्थानों पर 120,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। इसके अलावा, कंपनी कैल्सिनेड पेट्रोलियम कोक, इलेक्ट्रिकली कैल्सिनेड एन्थ्रेसाइट, रैमिंग पेस्ट, कार्ब्युराइज़र और इंजेक्शन कार्बन भी बनाती है।

## गृह मंत्री शाह और सीएम योगी ने लगाई संगम में डुबकी

एजेंसियां





**प्रयागराज।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी, जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि और योग गुरु बाबा रामदेव भी दिखाई दिये।

**योगी और बाबा रामदेव ने त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और योग गुरु बाबा रामदेव ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। स्नान के बाद सभी ने महाकुंभ के महत्व पर चर्चा की।

**सीएम योगी ने किया रामदेव संग योग :** सीएम योगी आदित्यानाथ और संतों ने शाह पर पानी डाला। करीब 10 मिनट तक संगम स्नान किया। शाह को संतों ने मंत्रोच्चार के बीच आचमन कराया। इस दौरान सीएम योगी ने रामदेव के साथ योग किया।

**परिवार संग अक्षय वट पहुंचे अमित शाह :** स्नान के बाद शाह ने संगम पर परिवार के साथ पूजा की। इसके बाद शाह अक्षयवट पहुंचे। यहां से स्वामी अवधेशानंद के आश्रम में पहुंचे और भोजन किया। शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटा जय शाह, बहू रिशिता, दोनों पोतियां और नवजात पोता भी महाकुंभ आए।

**परिक्रमा और संत समाज के साथ विचार-विमर्श :** गृहमंत्री शाह और मुख्यमंत्री योगी ने अक्षय वट की परिक्रमा की। पूजा के बाद शाह परिवार ने संतों के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाई। महाकुंभ की तैयारियों को लेकर संत समाज और प्रशासन के बीच गहन चर्चा भी हुई।

**शाह ने लिया स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज से मुलाकात की। इस दौरान गृहमंत्री ने परिवार सहित स्वामी जी का आशीर्वाद लिया। शेष पेज 08 पर

## प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे राष्ट्रीय खेलों का आगाज, देशभर के 11 हजार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

एजेंसियां



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शाम छह बजे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित समारोह में खेलों की शुरुआत करेंगे। पारंपरिक अंदाज में प्रधानमंत्री का स्वागत होगा। पीएम के सामने 35 टीमों के एथलीट परेड करेंगे। उत्तराखंड निवासी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन उन्हें मशाल सौंपेंगे। 14 फरवरी तक चलने वाले राष्ट्रीय खेलों में देशभर के 11 हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। कई स्पर्धाओं के लिए टीमें उत्तराखंड पहुंचने लगी हैं। मंगलवार शाम को छह बजे जब प्रधानमंत्री खेलों का शुभारंभ करेंगे, उस दौरान प्रधानमंत्री के सामने एथलीटों की परेड होगी। इस दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों राज्य की लोक संस्कृति की छटा देखने को मिलेगी। खेलों के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.), केंद्रीय खेल मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खड़से, खेल मंत्री रेखा आर्या, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ.पीटी उषा भी मौजूद रहेंगी।

शेष पेज 08 पर

# जिलों में हर्षोल्लास से मना 76वां गणतंत्र दिवस

## डीसी-एसपी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, 16 विभागों ने निकाली आकर्षक झांकी, परेड ने भी लोगों का मोहा मन







**प्रातःनागपुरी टीम**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के सिद्धो कान्हो मैदान में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर डीसी चंदन कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर लोगों को बधाई दी। डीसी चंदन कुमार एवं एसपी अजय कुमार ने परेड का निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि सन 1950 में हमारे देश का संविधान प्रभावी हुआ और इसके साथ ही एक स्वतंत्र गणतंत्र की स्थापना का हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों का सपना साकार हुआ। आज हम सभी के जरिये देश के निर्माण में अपने योगदान को और मजबूत करने का संकल्प लेने तथा एक नागरिक के रूप में अपने उत्तरदायित्वों को पुनः दोहराने का अवसर भी है। प्रशासन और सरकार के जरिये सभी नागरिकों के लिए, विशेष रूप से पिछड़े और वंचित लोगों को प्राथमिकता देते हुए, सभी के विकास के लिए कई कार्य किये जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से आधारभूत सुविधाएं लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

डीसी ने कहा कि रामगढ जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। शिक्षा के क्षेत्र में सभी को शिक्षा उपलब्ध हो, इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्कूलों में आधारभूत संरचनाएं, अतिरिक्त भवन, शौचालय, बेंच डेस्क, पोशाक, छात्रवृत्ति आदि समय पर उपलब्ध कराया जा रहा है। रामगढ़ जिले के 08 विद्यालयों का चयन पीएम श्री विद्यालय के लिए किया गया है। उन्होंने विभिन्न विभागों के जरिये रामगढ़ जिले में किए गए विकास कार्यों को भी जनता के बीच रखा।

इस मौके पर बेहतर झांकी और परेड के लिए लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही वैसे लोग भी सम्मानित हुए, जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र से अलग हटकर विकास कार्य में अपनी भागीदारी निभाई थी। इसके अलावा एसपी कार्यालय और पुलिस लाइन में एसपी अजय कुमार, डीडीसी कार्यालय में डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ कार्यालय में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

### विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और निजी संस्थानों में फहराया गया रष्ट्रीय ध्वज



**खूंटी।** खूंटी जिले में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और अन्य निजी संस्थानों और बैंकों में रष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान के साथ लोगों ने देश के प्रति अपनी श्रद्धा और निष्ठा दिखाई। जिले का मूख्य समारोह कचहरी मैदान मं आयोजित किया गया, जहां उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने तिरंगा फहराया और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के के साथ परेड की सलामी ली। व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार, एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने तिरंगा फहराया। खूंटी थाना और अनुमंडल पुलिस कार्यालय में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक, रजक और तोरपा थाना में वहां एसडीपीओ ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम रूपेश कुमारी, वन विभाग में वन प्रमंडल पदाधिकारी, खूंटी क्लब में पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, शिवाजी चौक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने राष्ट्र ध्वज फहराया। बाबा आम्रेश्वर धाम परिसर में बाब आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महासचिव मनोज कुमार, कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने तिरंगा फहराया। गणतंत्र दिवस के मौके पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की महिला- पुरुष टुकड़ियां सहित बिरसा कॉलेज और विभिन्न स्कूलों के एनसीसी कैडेट्स एवं स्काउट गाइड के जरिये आकर्षक मार्च पास्ट कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों के जरिये सामूहिक ड्रील नृत्य की प्रस्तुति की गई तथा विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा कई सुंदर झांकियां निकाली गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जिला में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और लोगों से इसका लाभ उठाने का आह्वान किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा समेत देश के सभी स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने देश को अंग्रेजी दास्तां से मुक्त कराने के लिए संघर्ष किया, उन सभी को नमन करता हूं। आजादी के 78 सालों में भारत ने कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और अपना नाम हर क्षेत्र में विश्व पटल पर अंकित किया है। झारखंड राज्य एवं खूंटी जिले ने भी देश की विकास यात्रा में अपना सतत योगदान दिया है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से जिला हर प्रक्षेत्र में विकास की ओर अग्रसर है। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली पदाधिकारियों-कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### सिल्ली-मुरी



**सिल्ली।** सिल्ली मुरी एवं आसपास क्षेत्रों में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जहां प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक व बीडीओ अनिल कुमार एवं सीओ अरुणिमा एक्का ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर झंडे को सलामी दी। इसके अलावे क्षेत्र के सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। वहीं सिल्ली थाना परिसर में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, सामुदायिक अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रियंका सिन्हा, कस्तूरबा विद्यालय में जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, वार्डन चंद्रिका कुमारी व शिक्षिका अल्मा मेरी रुंडा, जेएमएम प्रखंड कार्यालय में विधायक अमित कुमार महतो, सिल्ली कॉलेज सिल्ली में प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो व इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंकर महतो, सिंगपुर अस्पताल में निदेशक डॉ रमनेश प्रसाद, आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू नेता शिशुपाल महतो, आजसू सिल्ली नगर कार्यालय में नगर अध्यक्ष भरत देव साय, रुडसेट संस्थान में निदेशक संजीत कुमार, मुरी ओपी में प्रभारी रेलवे आरपीऐफ पोस्ट में थाना प्रभारी । लुपुंग पंचायत सचिवालय में मुखिया सीमा कुमारी गोंझु, लोवादाग पंचायत सचिवालय में मुखिया लाल सिंह मुंडा। बंता हजाम उत्तरी पंचायत सचिवालय में मुखिया माधुरी सिंह मुंडा ने झंडा फहराया। इसके अलावे सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडा फहराया गया।

### राहे



**राहे।** सर्वोदय स्कूल राहे में बड़े ही धूम-धाम और हर्ष उल्लास से गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल प्रांगण में स्कूल प्राचार्य ज्ञान महतो के द्वारा झण्डोतलन किया गया। इस मौके पर स्कूल के छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और भाषण प्रस्तुत किए गए। इस इस दौरान झारखंड आंदोलन की थीम पर राहे मुख्य मार्ग में झांकी निकाली गई। मौके पर राहे प्रखंड जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप-प्रमुख उमेश प्रसाद मुखिया - कृष्ण पातर मुण्डा, पेंशनर समाज के अध्यक्ष - डॉ. परमेश्वर लाल, सचिव कमला कांत सिंह ,सैनाथ महतो, सुरेन्द्र प्रजापति, पूर्व जिला परिषद सदस्या, रमेश चन्द्र महतो, अक्षय महतो, डॉ. द्रोण सिंह मुंडा,स्कूल के संक्षक हराधन महतो, निदेशक सुनील कुमार महतो, एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन संजय शिखर के द्वारा किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू, सर्वोदय स्कूल राहे और ऑर्किट पब्लिक स्कूल राहे में बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने देशभक्ति से संबंधित नृत्य गीत और नाटिका प्रस्तुत किया । झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने शानदार बैंड की प्रस्तुति किया। इस असर पर विधायक प्रतिनिधि रोहिदास चौधरी सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### विद्या विकास समिति ने भी धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**रांची।** विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह खुशी और उल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता ख्यालीराम जी द्वारा झंडातोलन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने दायित्व और अपना कर्तव्य के बारे में बताया। परिवार प्रबोधन और उसके आयामों की विस्तृत चर्चा की। आज के समय में लोग अपने कर्तव्यों को भूलकर अधिकारों के प्रति ज्यादा सजग हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। देश के महान संविधान को मजबूत, समाज को समरस बनाने के लिए उन्होंने अपने दायित्वों पर जोर दिया। इस मौके पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। सह सचिव, नकुल कुमार शर्मा एवं समाज के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति इस मौके पर उपस्थित थे। विद्या विकास समिति, झारखंड ,वनांचल शिक्षा समिति, जनजातीय शिक्षा समिति के कार्यकताओं ने भारत माता पूजन एवं आरती सभी के साथ मिलकर की। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ। मंच संचालन प्रांतीय कार्यालय प्रमुख मनोज भारद्वाज ने किया।

### सोनाहातू



**सोनाहातू/राहे।** गणतंत्र दिवस पर पूरे क्षेत्र में शान से झंडा फहराया गया। राहे प्रखंड कार्यालय में प्रमुख लीलमनी देवी,राहे थाना में प्रभारी जेलेंद्र टुडू, सुभाष चौक में मनोज चटर्जी,कस्तूरबा राहे में वार्डन परमेश्वरी देवी, ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में निर्देशक अमजद अली ,पेंशनर समाज कार्यालय में अध्यक्ष परमेश्वर लाल इसके अलावे सभी पंचायत सचिवालय में मुखिया के द्वारा झंडाउत्तोलन किया। इधर सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ प्रमुख विक्टोरिया देवी,थाना में प्रभारी चंदन कुमार, अस्पताल में डॉ जयराम शर्मा, कस्तुरबा स्कूल में वार्डन शशि बाड़ा ,भगत सिंह चौक गोमदा में पूर्व जिला परिषद सदस्य रंगवती देवी आदि ने झंडा फहराया।

### इटकी



**इटकी।** इटकी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया है । मौके पर कई रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इटकी प्रखण्ड मुख्यालय में प्रमुख किरण उरांव, थाना प्रागंण में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, इटकी यक्ष्या आरोग्यशाला प्रशासनिक भवन में परिसर में अधीक्षक पीके भगत, एएचआइ, एएलआई संस्थान में प्रदेश युथ कांग्रेस को- आडेनेटर आरीफ रजा, इटकी पूर्वी पंचायत सचिवालय मुखिया रीता देवी, पश्चिमी पंचायत सचिवालय निमार्ला भेंगरा, बाजार परिसर में मुस्ताक अहमद सहित सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में झण्डोतलन किया गया।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय




**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को उत्साह के साथ झंडोतोलन किया गया। झंडोतोलन विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा देश 26 जनवरी 1950 ई को गणतंत्र घोषित हुआ था। कहा कि गणतंत्र घोषित होने के बाद से हमारे देश ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति किया है। जिसका लोहा आज पूरा विश्व मानता है। डॉ कश्यप ने कहा कि हमारा देश इसी तरह आगे बढ़े यही मेरी कामना है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मांडू विजय राम बतौर अतिथि मौजूद थे। जिनका विद्यालय आने पर बुके देकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक अध्यापक शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठालाल मांझी ,अध्यक्ष योगेश्वर भैया एवं प्रबंधन समिति के सदस्य शामिल हुए।

### गणतंत्र दिवस पर मेला का आयोजन

**सोनाहातू।** प्रखंड के मौजा दुलमी में रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नाग मेला आयोजन धुमधाम सम्पन्न हुआ। मेला का शुभारंभ मौजा के खुटकट्टीदार मुंडा कृष्ण कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मेले में फुटबॉल खेल, मुर्गा लड़ाई, नर्तकी नृत्य, टुसु प्रदर्शन, कृषि प्रदर्शन आदि आकर्षक का केंद्र बना रहा। फुटबॉल खेल के विजेता मनीष स्पोटिंग ने बाबू स्पोटिंग को एक गोल से पराजित किया। मौके पर गोपाल सिंह मानकी, मनोज सिंह मुंडा,बरुण सिंह मानकी, सत्यनारायण सिंह मुंडा, माधव सिंह मुंडा मनोहर सिंह मुंडा,दिलीप सिंह मुंडा,चिरंजीवी सिंह मुंडा, निशिकांत गोंझू, आदि उपस्थित रहे। मेला को सफल बनाने के लिए भोलेश्वर सिंह मुंडा,तपन सिंह मुंडा, महावीर पुरान,महानन्द पुरान, उत्तम मांझी, देवेन्द्र मांझी, दिनेश पुरान,लालु पुरान,रथु सिंह मुंडा, आदिवासी उच्च विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

## किसान मेला पतराहातु में उमड़ी भीड़



**सिल्ली।** ग्रामीण विकास केंद्र के तत्वाधान में आयोजित 36 वां गणतंत्र किसान टुसु मेला, पतराहातु में सम्पन्न हो गई। मेले परिसर में काफी संख्या में आसपास के ग्रामीण पूरे जोश-खरोश के साथ ढोल-नगाड़ा, चौड़ल और साँस्कृतिक -दल के साथ उमड़ पड़े। मेला में विधायक अमित कुमार महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा टुसु मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसको बचाना हमारी नई पीढ़ी के लिए एक चुनौती है। कार्यक्रम को माकपा नेता सुफल महतो, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, कृषि विभाग के अनिल सिंह एवं भजोहरी महतो आदि ने भी संबोधित किया। मेला में टुसू प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक दल को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। टुसू चौड़ल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार कारेयाडीह, द्वितीय पुरस्कार बादालु एवं तृतीय पुरस्कार तुंकू के टुसू चौड़ल समिति को दिया गया।मेले का मुख्य आकर्षण का केंद्र पश्चिम बंगाल के छः नृत्य दल, सरायकेला के झूमर दल एवं अनगड़ा का पांता नृत्य दल रहा। गणतंत्र किसान मेला में कृषि- प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें 175 किसानों को स्प्रेयर, कुदाल, हल एवं विभिन्न तरह के कृषि सामग्री देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर हलधर महतो, कैलाश महतो, कृष्णा प्रमाणिक, भुवनेश्वर महतो, श्रीपद महतो, अक्षय महतो, अश्विनी महतो, नरसिंह महतो, दिनेश महतो, विनोद महतो, शैलेश हाजरा, चितरंजन महतो, गोबिंद महतो, भूपेंद्र महतो, महावीर महतो, गोपाल मांझी आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने तोड़ा दम

**इटकी।** प्रखण्ड के चचगुरा गांव निवासी जीतबहान गोप (32) की इलाज के दौरान रिम्स में मौत हो गयी है। पिछले 21 फरवरी बुधवार की रात गड़गांव चौक के निकट सड़क पार कर रहे जीतबहान गोप को एक अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका इलाज रिम्स में चल रहा था इसी दौरन रविवार को करीब चार बजे वह दम तोड़ दिया। चचगुरा निवासी स्वर्गीय हबू गोप का जीतबहान गोप एकलौता पुत्र था। पिता के मौत के बाद जीतबहान परिवार का पूरा बोझ उठा रखा था। जीतबहान के मौत के बाद पूरा परिवार विखर गया। पत्नी और बुढ़ी मां का रो रो कर बुरा हाल है। इधर स्टेशन रोड जामून पतरा के निकट रविवार को करीब चार बजे एक बैगन आर कार और बाईक के सधे भिडंत में बाईक सवार बैजनाथ महतो और कार चालक इनामवेल मिंज गंभीर रूप से घायल हो गये है। दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाये गये है।

## रामलखन सिंह यादव हाई स्कूल में हर्षोल्लास से मना 76वां गणतंत्र दिवस

- प्राचार्य विनय रंजन ने किया ध्वजारोहण, रतन लाल अग्रवाल ने तिरंगे को दी सलामी



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव हाई स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मना। विद्यालय के प्राचार्य विनय रंजन ने ध्वजारोहण किया। मौके पर बतौर अतिथि उपस्थित रतन लाल अग्रवान ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। बच्चों ने राष्ट्रीय गीत गाया। विद्यार्थियों ने निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय रंजन ने कहा कि आज का छात्र देश का भावी कर्णधार है। आदर्श छात्र, आदर्श नागरिक बनकर विद्यार्थियों को अपने उत्तरदायित्व तथा कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए। इस गणतंत्र दिवस पर सभी को विश्व बन्धुत्व की भावना को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। शिक्षा ही सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय निरंतर बच्चों के विकास के लिए नई-नई गतिविधियां करता है। यहां डिजिटल क्लास है, जहां बच्चे रोज नये-नये एक्टिविटीज सीखते हैं।

**10वीं में अच्छे अंक लाने वाले छात्र होंगे पुरस्कृत**

मौके पर बतौर अतिथि उपस्थित शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी व लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल ने अच्छे अंक से 10वीं पास करने वाले 10 छात्रों को पुरस्कृत और सम्मानित करने की घोषणा की। मौके पर प्राचार्य विनय रंजन के अलावे संध्या खलखो, ममता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, श्रीनिवास शर्मा, संध्या रानी, प्रतीक्षा भारती, अनुकूल सिंह, ब्रिजनंदन राम, मनीष कुमार, शिव मूरत राम, साक्षी कुमारी, अनिका केरकेट्टा, आशा सिंह, पूर्व शिक्षक उदय नारायण पांडेय, आशा आदि मौजूद थे।

## इटकी अंचल का प्रशिक्षु आईएएस ने संभाला पदभार

- अधिकारियों को जारी किए कई निर्देश



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी अंचल में सोमवार को प्रशिक्षु आईएएस आदित्य पाण्डे ने पदभार संभाल लिया है । आईएएस पाण्डे 27 जनवरी से 16 फरवरी तक इटकी अंचला धिकारी रूप में स्वतंत्र प्रभार में रहेंगे। तबतक के लिए सीओ मो. अनीश ने मुख्यालय रांची में अपना योगदान दे दिया है हलांकि सीओ प्रशिक्षु आइएएस पाण्डे का साथ रहेंगे। इस दौरान प्रशिक्षु आई एएस पाण्डे ने अंचल कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों को समय से मुख्यालय पहुंचने और इमानदारी पूर्वक अपने कर्त्तव्य का निर्वाहन का निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों से अच्छा व्यवहार रखे और मानक न्यायसंगत के दायरा में रहकर विकास योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने पर पहल करे। इस बीच प्रशिक्षु आइएएस ने प्रखण्ड कार्यालय का भी निरीक्षक किया और कार्यरत अधिकारियों को तत्काल चार पंचायतों में पुस्तकालय स्थापना का निर्देश देते हुए अन्य पंचायतों में भी पुस्तकालय स्थापना पर कार्य शुरू करने का निर्देश जारी किया। प्रखण्ड कार्यालय के नेम प्लेट लिखी गई तुर्टी पर सुधार करने को कहा इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस पाण्डे ने दीदी कैफे, पीडीएस गोदाम सहित अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया और साफ सफाई पर ध्यान देने की बात कही। सरकार के अवर सचिव कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग, झारखण्ड रांची के अधिसूचना संख्या 1470 दिनांक 27,2,2024 के द्वारा आदित्य पाण्डे को परिक्ष्यामान भाप्रसे को रांची जिला में प्रशिक्षण के लिए पदस्थापित किया गया है।

## सामुदायिक अस्पताल के समीप फेंकी मिली एनीमिया की सरकारी दवा




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप थाना परिसर के चाहारदिवारी के समीप बच्चों को दी जाने वाली सरकारी एनीमिया सिरप दवाइयां की 50 एमएल की दर्जनों बोतल फेंकी हुई मिली है। इसकी जानकारी तब हुई जब लोग लघुशंका करने उस और गये। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कागज की एक काटुन में एनीमिया की सीरप फेंकी मिली है। सिरप के पैकेट में झारखंड सरकार की टैग लगी हुई है। दवाइयों का बैच नंबर 10 आईआरएसए 409 अंकित है। विडंबना है कि इन दवाइयों की एक्सपायरी भी नहीं हुई है। एक्सपायरी फरवरी 2025 को है। वहीं लोगों ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में अक्सर ही दवा उपलब्ध नहीं रहती है, जिस वजह से गरीबों को पैसे लगाकर दवा खरीदनी पड़ती है। दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में सप्लाई किये जाने वाली दवा यूं ही फेंक दी गई है। इसकी जांच होनी चाहिए, दोषियों पर करवाई होनी भी चाहिए।

## संक्षिप्त

### एसबीयू में मना गणतंत्र दिवस

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय परिसर में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक व कुलपति प्रो. सी जगनाथन विशेष तौर पर उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री से मिले बीएयू के कुलपति

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में 27 जनवरी को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एस०सी० दुबे ने शिष्टाचार मुलाकात की। कुलपति ने मुख्यमंत्री को किसान मेला के लिए आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को कुलपति ने बीएयू मैदान में 8 फरवरी, 2025 से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय किसान एग्रोटेक मेला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री को उन्होंने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सहित अन्य महत्व पूर्ण गतिविधियों से भी अवगत कराया।

### 57 .5 एकड़ में लगी अफीम की खेती नष्ट

**रांची।** रांची पुलिस के जरिये तमाड़, बुंडू, राहे, नामकुम और दशामफॉल थाना क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे अफीम की खेती को ट्रैक्टर तथा ग्रास कटर मशीन चला कर विनिष्ट किया गया। कुल 57 .5 एकड़ में लगे अफीम को नष्ट किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर बुंडू थाना के 15 एकड़, तमाड़ थाना के 31 एकड़, दशामफॉल थाना के 6 .5 एकड़, राहे थाना अंतर्गत 2 एकड़, नामकुम थाना अंतर्गत तीन एकड़ शामिल हैं।

### ठगी के प्रयास मामले में एफआईआर दर्ज

**रांची।** राज्य के वरीय पदाधिकारियों का स्थानातरण, पदस्थापन एवं अन्य ठेकेदारी सहित निविदा मैनेज करने का आश्वासन देकर ठगी का प्रयास किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में कोतवाली थाना में सनहा दर्ज कर सज्जाद उर्फ़ मुन्ना, कैप्टन सिंह सलूजा को थाना में बुलाकर पूछताछ किया गया। पूछताछ एवं अब तक के किये गए जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि इस समूह में इन दोनों के अलावा आयन सरकार, चन्दन लाल, सूर्य प्रभात सहित अन्य कई लोग भी शामिल हैं। अब तक के जांच से यह पाया गया कि राज्य के अनेक वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों का स्थानांतरण इच्छित स्थानों पर करने के सम्बन्ध में ये लोग आश्वासन दे रहे हैं। जांच में पीड़ित व्यक्तियों का पहचान किया जा रहा है। जांच की प्रगति के आधार पर आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोगों के जरिये एक समूह बना कर ठगी का प्रयास किया जा रहा है।

# राज भवन में 'बैंड डिस्प्ले' और 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के उपलक्ष्य में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार की उपस्थिति में राज भवन में 'बैंड डिस्प्ले' और 'एट होम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्य सरकार के मंत्री, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा सदस्य बाबूलाल मरांडी, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, विकास आयुक्त, पुलिस महानिदेशक, पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

समारोह में 11वीं बटालियन राजपूताना राइफल्स, प्रथम बटालियन जम्मू एवं कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, जैप-1, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रांची एवं विवेकानंद विद्या मंदिर, रांची की टीमों द्वारा मनमोहक बैंड डिस्प्ले प्रस्तुत किया गया। राज्यपाल ने मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में झांकी, परेड एवं बैंड प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

उक्त अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री द्वारा मोरहाबादी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2025 के अवसर पर प्रदर्शित झांकी, परेड एवं बैंड के विजेताओं के मध्य पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

विदित हो कि झांकी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को प्रथम, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा को द्वितीय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को तृतीय, परेड में सेना को प्रथम, जैप- 1 को द्वितीय, डी०ए०पी० (महिला) को तृतीय, बैंड में जैप-1 को प्रथम, जैप-(महिला बटालियन)10 को द्वितीय एवं सेना को विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### झांकी में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को प्रथम पुरस्कार



## सीएमपीडीआई में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 में 10 लाख मीटर ड्रिलिंग के मुकाबले दिसम्बर, 2024 तक 6.28 लाख मीटर ड्रिलिंग की गयी है जिसमें से 2.90 लाख मीटर विभागीय संसाधन के जरिए हुई है। साथ ही 400 लाइन किलोमीटर 2डी/3डी सिस्मिक सर्वे के विभागीय लक्ष्य के मुकाबले दिसम्बर, 2024 तक 232 लाइन किलो मीटर सिस्मिक सर्वे किया जा चुका है। उक्तस बातें सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय झंडा फहराने के बाद बोल रहे थे।

इस अवसर पर निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/ईएस) अजय कुमार, कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा श्रीमती रूपाली गुप्ता, श्रीमती सुषमा भारती, जेसीसी सदस्य एवं श्रमिक प्रतिनिधि, सीएमओएआई के प्रतिनिधि सहित सीएमपीडीआई परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# पैनम कोल माइंस के अवैध खनन मामले में सीबीआई जांच की मांग

## झारखंड हाईकोर्ट ने सरकार को दिया निर्देश



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खनन विभाग के सचिव कोर्ट के आदेश पर सशरीर उपस्थित हुए।

मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया जिस पर कोर्ट ने प्रार्थी को इस पर प्रतिउत्तर देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई में खान विभाग के सचिव के सशरीर उपस्थित होने पर छूट प्रदान की। पिछले सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब पर असंतोष जताया था।

उल्लेखनीय है कि पैनम माइंस पर लीज से ज्यादा खनन का आरोप है। झारखंड सरकार ने दुमका और पाकुड़ जिले में पैनम माइंस नाम की कंपनी को कोयला खनन का लीज सौंपा था लेकिन आरोप है कि कंपनी ने लीज से ज्यादा कोयला खनन किया है जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है।

इस मामले में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है।

## मनरेगा घोटाले में झारखंड हाईकोर्ट ने जनहित याचिका किया निष्पादित

**झारखंड** हाईकोर्ट ने खूंटी में हुए मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई पूरी कर सोमवार को जनहित याचिका निष्पादित करते हुए मामला बंद कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अब इसमें कोई मुद्दा शेष नहीं है, पुलिस और एसीबी की ओर से मामले में जांच की गई है। मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की।

उल्लेखनीय है कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में 200 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया गया था। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी की डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाद में खूंटी पुलिस से जांच लेकर एसीबी को सौंपा गया। अरुण कुमार दुबे ने आरोप लगाया था कि एसीबी से पूरे मामले की जांच करायी गयी, लेकिन उसमें तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच नहीं की गयी। उपायुक्त के द्वारा ही चेक पर हस्ताक्षर किया जाता था। उनकी भूमिका की ईडी से जांच कराने का आग्रह किया गया। अरुण कुमार दुबे ने जनहित याचिका दायर कर खूंटी की तत्कालीन उपायुक्त पूजा सिंघल की भूमिका की जांच कराने की मांग की थी। बाद में हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वत संज्ञान लिया था।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया शुरू




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का झारखंड में स्तरीय शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा कदम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय है। पहले चरण में राज्य के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाया जा रहा है। सरकार की इस पहल को अभिभावकों ने भी हाथों हाथ लिया। पिछले साल लगभग सभी जगह बड़ी संख्या में नामांकन हुए। इस वर्ष भी इसमें नामांकन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस पूरी तरह सीबीएसई पैटर्न पर चलाये जाते हैं। प्रथम चरण में 80 स्कूल सुचारू रूप से चलाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इनकी संख्या 4 हजार 496 तक की जाएगी। इस विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर योग्य शिक्षकों के चयन तक में खास ख्याल रखा जाता है।

हर स्कूल में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है। साथ ही साथ छात्रों के शारीरिक विकास के लिए हर विद्यालयों में खेलकूद की पूरी सुविधा की गयी है। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आवेदन जमा करने की तारीख 20 जनवरी से 10 फरवरी, 2025 तक रखी गयी है। इस सूचना के बाद अभिभावकों में खासा उत्साह है।

## एसबीयू में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर कार्यशाला शुरू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर दो दिवसीय कार्यशाला का 27 जनवरी का शुभारंभ हुआ। विवि परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में दर्शक खगोलीय जानकारी से रूबरू होने के अलावा रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन भी कर पाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। इस अवसर पर विशेषज्ञ प्रखर जैन ने खगोलीय रहस्यों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों व शिक्षकों के सवालों का विशेषज्ञ प्रखर जैन ने जवाब भी दिया।



कार्यशाला के पूर्व अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदमों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह हमारे स्पेस रिसर्च में लगातार हो रही प्रगति का ही परिणाम है कि आज चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर दुनिया दांतों तले उंगली दबा रही है। आज के दौर में लोगों की आकाशगंगा और अन्य खगोलीय घटनाओं पर बढ़ रही रुचि की भी उन्होंने चर्चा की। एसबीयू को रिसर्च यूनिवर्सिटी में तब्दील करने और क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के विवि परिवार के प्रयासों की भी उन्होंने जानकारी दी। कुलपति प्रो सी जगनाथन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे पूर्वजों के योगदान पर विस्तार से बताया। इस क्रम में उन्होंने प्राण, गति और मुहूर्त के साथ खगोलीय घटनाक्रमों के संबंधों पर प्रकाश डाला। आधुनिक विज्ञान और रूढ़िवादी मान्यताओं पर भी उपस्थित श्रोताओं को उन्होंने जानकारी दी। आईटी और मैनेजमेंट के इतर स्पेस सेक्टर में प्रचुर संभावनाओं पर भी उन्होंने फोकस करने का विद्यार्थियों से आह्वान किया।

कार्यशाला के विषय में डॉ. बी. सामंता ने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सिनोदिक स्पेस लैब्स के सीईओ प्रखर जैन, चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर ललित शर्मा एवं संकल्प जैन को सम्मानित किया गया। इसके अलावा गुरु नानक स्कूल के प्राचार्य कैप्टन सुमित कौर, जेवीएम श्यामली के शिक्षक को-ऑर्डिनेटर शशांक कुमार सिन्हा एवं सरला बिरला पब्लिक स्कूल के शिक्षक को-ऑर्डिनेटर आलोक कुमार और नीलांशु कुमार को भी सम्मानित किया गया। कार्यशाला के अवसर पर प्रतिभागियों को ग्रहों, तारों, तारामंडल और आकाशगंगा की विभिन्न खगोलीय घटनाओं का प्रत्यक्ष अनुभव होगा। इसके लिए डॉबसोनियन, न्यूटोनियन एवं अन्य अत्याधुनिक टेलीस्कोप की सहायता ली जा रही है। कार्यशाला विवि को विज्ञान आधारित नॉलेज हब बनाने की दिशा में माननीय कुलपति के प्रयासों की दिशा में एक कड़ी है।

कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह एवं विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। विवि के माननीय प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## नागरमल मोदी सेवा सदन की वेबसाइट का लोकार्पण

**रांची।** गणतंत्र दिवस पर नागरमल मोदी सेवा सदन पूर्व अध्यक्ष केके पोद्दार ने सदन की वेबसाइट का लोकार्पण किया। सदन के सदस्य वरूण जालान ने सविस्तार वेबसाइट का प्रदर्शन किया। वेबसाइट लोकार्पण पर सचिव आशीष मोदी ने कहा कि इससे सदन की व्यापक जानकारी एवं सम्पर्क विस्तार हो सकेगा। इस समारोह में सदन के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केडिया, सदस्य ललित केडिया, प्रदीप नारसरिया, राजीव मोदी, वैंकट गाड़ोदिया, गौतम मोदी, कविता मितल, राहुल मारू, रोहित अग्रवाल, प्रदीप राजगड़िया, चिकित्सक डॉ. के.पी. दारूका, डॉ. माया नारंग, डॉ. अंजु कुमार, डॉ. तरूण अडुकिया, डॉ. डी.एम. प्रसाद, डॉ. अविषेक अग्रवाल, डॉ. कृष्णा मुरारी सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यकम का संचालन सदन के सहायक सचिव वेद प्रकाश बागला और धन्यवाद सचिव आशीष मोदी ने किया। इससे पहले अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने झंडोतोलन किया।

## संघों ने स्वास्थ्य सचिव का जताया आभार सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने की मांग



कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा को लागू करने को सेवा संघों ने बताया ऐतिहासिक

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सरकारी कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा को मार्च, 2025 से लागू करने के सरकार के निर्णय संबंधी संकल्प निर्गत करने पर राज्य के विभिन्न संवर्गों के सेवा संघों ने खुशी जाहिर की। आज स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह से मिलकर उन्हें इस ऐतिहासिक कार्य के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार जताया।

सेवा संघ के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य के सरकारी सेवकों और सेवानिवृत कर्मियों को स्वास्थ्य बीमा के सुरक्षा कवच से आच्छादित करना प्रशंसनीय कदम है। आभार जताने वालों में झारखंड सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद, महासचिव सचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार वर्णवाल, अमित कुमार, अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, संगठन महामंत्री असादुल्लाह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, रांची और खूंटी के जिला अध्यक्ष क्रमशः सलीम सहाय तिग्गा, संजय कंडुलना, झारखंड वित सेवा के अध्यक्ष रतन कुमार, महासचिव अमोद कुमार वर्मा, झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ के आदिल जहिर, मृत्युंजय झा रामसेवक महतो,जयराम प्रसाद, बालेश्वर पासवान आदि शामिल रहे। इसके बाद सभी सेवा संघों ने संयुक्त बैठक हुई।

# सीसीएल 'नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन' पाने के लिए प्रतिबद्ध : सीएमडी

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सीसीएल ने 76वां गणतंत्र दिवस महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर सीएमडी नीलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। सीएमडी ने परेड का निरीक्षण किया। समारोह में निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्रमिक प्रतिनिधि, सीसीएल कर्मी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर विशिष्ट अतिथि ₹अर्पिता महिला मंडल₹ की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह और क्लब की अन्य सदस्य भी उपस्थित रहीं।

अपने संबोधन में सीएमडी ने कहा कि सीसीएल ना केवल कोयला उत्पादन और प्रेषण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि सामाजिक विकास के क्षेत्रों में भी अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने 2026 तक 'नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन' का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बताया कि कंपनी सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना और ई-वाहनों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के तहत अब तक सीसीएल कमांड क्षेत्र में 1 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने और 5,500 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर हरित क्षेत्र विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने मियावाकी प्लांटेशन तकनीक के माध्यम से चल रहे पौधरोपण और इको-पार्क विकास योजनाओं पर भी प्रकाश डाला।

सीएमडी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कंपनी हर साल 2 लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही है। हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर स्थापित करने में मदद कर रही है।

शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में सीसीएल ने सरकारी स्कूलों में स्मार्टक्लास एवं आईसीटी लैब स्थापित की हैं और स्थानीय युवाओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। हाल ही में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की 10 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा प्रदान किए गए।

सीसीएल की जेएसएसपीएस खेल अकादमी के कैडेट्स ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 8 पदक जीते हैं। कंपनी के खेल योगदान के तहत महिला फुटबॉल टीम ने 63वें सुब्रतो कप में शानदार जीत हासिल की।

निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने मुख्यालय दरभंगा हाउस और गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

समारोह के बाद सीएमडी ने गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में अमृत फामेर्सी का उद्घाटन किया। समारोह में डीएवी गांधीनगर, केंद्रीय विद्यालय और ज्ञानोदय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में शांति और प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आकाश में उड़ाया गया। इस अवसर पर परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सीएमडी ने पुरस्कार प्रदान किए। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सीसीएल के सुरक्षा गार्ड को भी गणमान्यों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में अमृत फार्मेसी का उद्घाटन



## सीसीएल में पांच दिवसीय 'अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ

**रांची।** केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में आज सीसीएल मुख्यालय स्थित 'उमंग सभागार' में पांच दिवसीय 'अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रम' का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 31 जनवरी 2024 तक चलेगा। सीसीएल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में प्रशासनिक दस्तावेजों का प्रभावी और सरल अनुवाद सुनिश्चित करना, पारिभाषिक शब्दावली का सटीक उपयोग करना और अनुवाद कौशल को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने किया। उन्होंने कहा, 'आज कार्यालयीन कार्यों में अनुवाद एक महत्वपूर्ण जरूरत बन गया है। हमें हिंदी को वाणी से कलम तक ले जाने के प्रयासों को बढ़ाना चाहिए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्मिकों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ कार्यालयीन हिंदी के प्रगामी प्रयोग को भी प्रोत्साहित करेगा।' कार्यक्रम के पहले सत्र में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय से आए सहायक निदेशक जनवारियुस तिर्की और कोलकाता केंद्र से आए सलाहकार प्रभुनाथ दत्त झा ने संघ की राजभाषा नीति और कार्यालयीन अनुवाद की मूलभूत प्रक्रियाओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों से जुड़े वाक्यांशों और अभिव्यक्तियों पर व्यावहारिक चर्चा करते हुए अनुवाद में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (अधि.स्था./राजभाषा) संजय ठाकुर, तेजविंदर सिंह, डॉ. दिविक दिवेश और अन्य का कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान रहा।

# योजनाओं को धरातल पर उतार रही सरकार : शिल्पी

**प्रातः नागपुरी टीम**

**लोहरदगा।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती शिल्पी तिर्की ने कहा कि आजादी के लिए हमारे देश के हजारों लोगों ने अपनी शहादत दी। इसके बाद हमें देश का अपना संविधान मिल सका। इस संविधान की रक्षा के लिए हम सभी को अपना बलिदान देना होगा। वर्तमान झारखंड सरकार लगातार संविधान का पालन के लिए उसके मूल्यों को धरातल में उतारने का कार्य कर रही है। कल्याणकारी योजनाओं को लगातार आमजनों के लिए धरातल में उतारने का कार्य सरकार कर रही है। मंत्री 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीएस कॉलेज स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। सलामी ली। कृषि मंत्री ने इस अवसर पर मुख्य मंच से झंडोत्तोलन किया।

कार्यक्रम में जिला पुलिस, सहायक पुलिस, एनसीसी, स्काउट/गाइड की विभिन्न टुकड़ियों द्वारा परेड किया गया। जिला के स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि, परिवहन, हिंडाल्को, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण और स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा चयनित विषयों पर झांकी निकाली गई।



कार्यक्रम में मंत्री द्वारा जिला स्तर शिक्षा और खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में एकलव्य आवासीय विद्यालय (कुजरा) की सुषमा कच्छप, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (कुजरा) की छात्रा खुशबू लकड़ा, मंजूरमति उच्च विद्यालय के अमित राम ओलंपियाड विजेता को सम्मानित किया गया।

कला उत्सव में बेहतर करनेवाली करीना उरांव, कराटे में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल मेडल प्राप्त करने वाले सुमन उरांव, करूणा उरांव और टीचर्स ट्रेनिंग में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली दीपिका शर्मा को सम्मानित किया गया।

खेल के क्षेत्र में ऑल इंडिया सिविल सर्विस टूनामेंट में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले उपवन बड़ा, सहायक शिक्षक शिव कुमार भगत, कुश्ती में पवन खेरवार, शतरंज में चांदनी कुमारी और राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में सामूहिक लोकगीत में राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करनेवाली अनुपमा स्वधा मिश्रा को सम्मानित किया गया। झांकी प्रदर्शन में कल्याण विभाग को प्रथम, समाज कल्याण विभाग को द्वितीय और परिवहन विभाग को तृतीय पुरस्कार दिया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय, लोहरदगा को योग के लिए पुरस्कार दिया गया। बेस्ट कंपनी कमांडर का पुरस्कार परेड कमांडर सार्जेंट मेजर को दिया गया। जिला पुलिस बल (पुरुष) को परेड के लिए प्रथम और महिला पुलिस बल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, कर्मी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बारियातु ने उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस

**हजारीबाग।** एनटीपीसी केरेडारी और चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजनाओं में 76वें गणतंत्र दिवस का भव्य एवं जोशपूर्ण आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने से हुई। केरेडारी परियोजना प्रमुख शिव प्रसाद और चट्टी बरियातु के एजीएम (कोयला प्रेषण) पवन रावत ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। आईआरबी और डीजीआर सुरक्षा कर्मियों ने तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति ने माहौल को गर्व और एकता से भर दिया। अपने संबोधन में शिव प्रसाद ने सभी कर्मचारियों और उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने केरेडारी परियोजना की बड़ी उपलब्धियों, जैसे निर्बाध कोयला उत्पादन और परिवहन संचालन, के लिए सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमारी प्रगति आपकी मेहनत और संकल्प का परिणाम है।




पवन रावत ने भी सभा को संबोधित करते हुए चट्टी बरियातु परियोजना की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने परियोजना के खनन और कोयला प्रेषण कार्यों एवं एनटीपीसी के ऊर्जा लक्ष्यों में इसके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। परियोजना प्रभावित गांवों के स्कूलों के बच्चों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। संस्कृति महिला समिति की सदस्यों ने मधुर देशभक्ति गीत गाए। जिज्ञासा बाल भवन के बच्चों ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं।

एनटीपीसी की सामाजिक उत्थान की प्रतिबद्धता के तहत केरेडारी परियोजना की सीएसआर पहल के तहत स्व-निर्भरता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए परियोजना प्रभावित लोगों के बीच सिलाई मशीनें वितरित की गईं। मौके पर चट्टी बरियातु परियोजना ने बिरहोर जनजाति और केरेडारी परियोजना ने भुइयां जनजाति को फलों की टोकरी दीं।

## सरकारी व निजी कार्यालयों में लहराया तिरंगा, लोगों ने दी सलामी

**गढ़वा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय में सभी सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों व संस्थानों में शान से तिरंगा लहराया। इसके साथ ही सभी सरकारी तथा गैरसरकारी शिक्षण संस्थानों ने सुबह में झांकी निकाली। बिशुनपुरा पुलिस के द्वारा परेड के पश्चात सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी, थाना परिसर में थाना प्रभारी राहुल सिंह, राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय बिशुनपुरा में प्रधानाध्यापक नागेंद्र पाण्डेय, राजकीय मध्य विद्यालय सह अपग्रेटेड हाई स्कूल बिशुनपुरा में प्रधानाध्यापक अजीत पांडेय, प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरी कला में प्रधानाध्यापक शशि प्रकाश रमण, सरस्वती ज्ञान मंदिर बिशुनपुरा में स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने झंडा फहराया। विद्या भारती हाई स्कूल बिशुनपुरा में प्रधानाध्यापक सह निदेशक अशोक कुमार मेहता, बाल विकास विद्यालय में प्रधानाध्यापक भोलानाथ साहू, बिशुनपुरा पंचायत भवन में मुखिया प्रमिला देवी, अमहर खास पंचायत भवन में मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह, सरांग पंचायत भवन में मुखिया ब्यूटी सिंह, पिपरी कला पंचायत भवन में मुखिया सुशीला देवी, पतिहारी पंचायत भवन में मुखिया रबैया फिरदौशी ने झंडोतोलन किया। तिरंगे को सलामी दी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राजेश कुमार, ब्लॉक उप प्रमुख कविता देवी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, ब्लॉक उपप्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, बिशुनपुरा मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, अमहर खास पंचायत मुखिया ललित नारायण सिंह उर्फ ददन सिंह, सरांग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, पिपरी कला पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, पतिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, अमहर खास पंचायत समिति सदस्य भरदूल चंद्रवंशी, बिशुनपुरा पंचायत समिति सदस्य शांति देवी, बीपीओ डिंपल गुप्ता, प्रखंड नाजिर मुकुल कुमार, आवास कोर्डिनेटर निरंजन मिश्रा, सीआई जयप्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, प्रखंड डीलर संघ अध्यक्ष शिवबच्चन यादव,सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### गारू में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान

**गारू/लातेहार :** सत्ताधारी पार्टी झामुमो के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोतीनाथ शाहदेव के निदेर्शानुसार गारू प्रखंड के करवाई पंचायत में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में गारू प्रखंड की जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, प्रखंड अध्यक्ष तौकिर मियां, और रामदेव उरांव ने प्रमुख रूप से भाग लिया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सह झामुमो नेत्री जीरा देवी कहा कि, इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना और झारखंड के विकास के लिए झामुमो की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान खासकर स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और झामुमो की सदस्यता ली। प्रखंड अध्यक्ष तौकिर मियां ने इस मौके पर कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा हमेशा से गरीबों, किसानों, और मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित रही है। उन्होंने लोगों से झामुमो के साथ जुड़ कर झारखंड को सशक्त बनाने की अपील की।

### शहरी जल स्रोतों के आस-पास अतिक्रमण हटाने के लिए टास्क फोर्स की बैठक

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्रों में स्थित जल स्रोतों के आस-पास के अतिक्रमण हटाने और प्रदूषण को रोकने के लिए एक टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को जल स्रोतों के आस-पास के अतिक्रमण को हटाने और प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्थित सभी जल स्रोतों का आकार उनके मूल नक्शे के आधार पर चिन्हित किया जाए और जल क्षेत्र की भूमि व आसपास की सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण को चिन्हित किया जाए।

इसके बाद अतिक्रमण मुक्त क्षेत्र का स्पष्ट सीमांकन किया जाए ताकि भविष्य में फिर से इस क्षेत्र पर अतिक्रमण न हो सके। उपायुक्त ने यह भी कहा कि अतिक्रमण हटाने के बाद उन क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ। अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, नगर प्रशासक राजीव रंजन सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता बुका टीम

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबता बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड के पास 26 जनवरी को मेरौनी बनाम बुक का के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने टॉस कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेल को हमें दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए। खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए।

मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए मेरौनी की टीम ने 50 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए बुका की टीम 6 ओवर में 51 रन बनाकर मैच जीत ली। विजेता बुक टीम को बड़ा कप एवं उपविजेता मेरौनी को छोटा कप देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, टूनामेंट के अध्यक्ष अनूप कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, छोटन कुमार सिंह, श्रीराम सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, आनंद गुप्ता, बिट्टू सिंह, भीम कुमार, संतु कुमार, चंद्रदेव सिंह, सुशील यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## टायो कॉलोनी में फ्लैट का अगला हिस्सा गिरा, मची अफरा-तफरी

**गम्हरिया ।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत टायो कॉलोनी के ई टाइप फ्लैट के अगला हिस्सा ढहने से पूरे कॉलोनी में अफरा तफरी मच गई है। फ्लैट की दीवारें धीरे-धीरे टूटने के बाद पूरा फ्लैट ही भरभरा का जमींदोज हो गई, गनीमत रही कि फ्लैट में रहने वाले लोग अपने सामान सहित समय पर वहां से निकल गए थे जिससे वह सुरक्षित रहे। मगर कुछ ऐसे भी व्यक्ति थे जिनके समान फ्लैट से पूरी तरह निकल नहीं पाया था, जिसके कारण सामान मलबे में ही दब गया। घटना को लेकर फ्लैट के निवासियों ने बताया कि जर्जर फ्लैट की शिकायत कई बार कंपनी प्रबंधन को किया गया, मगर उनके द्वारा समय रहते संज्ञान नहीं लिया गया। फिलहाल फ्लैट के निवासियों का कंपनी प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त की है।

## मंडल कारा में जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन




**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**लोहरदगा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं सदर अस्पताल ने संयुक्त रूप से जेल अदालत सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया।

इस अवसर पर कारा में संसीमित पुरुष और महिला बंदियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन किया। इसमें पेंटिंग, बोरा रेस, अंटा रेस, जलेबी रेस, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को व्यवहार न्यायालय के न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया। मेडिकल कैंप में सदर अस्पताल द्वारा प्रतिनियुक्त चिकित्सकों एवं कर्मियों द्वारा 8 बंदियों का इलाज किया गया। साथ ही, एलएडीसीएस के अधिवक्ताओं ने कारा संसीमित बंदियों को विधिक जागरूक किया।

मौके पर एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सब जज द्वितीय श्रीमती अर्चना कुमारी, सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट जया समिता कुजूर, डॉ शंकर प्रसाद, कारापाल सुबोध कुमार सुभाष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला विकास फाउंडेशन शुरू करेगा जागरुकता अभियान



**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** महिला विकास फाउंडेशन के पदधारी और सदस्यों की बैठक कल्याणपुर स्थित बिरसा मुंडा हैलीपेड पार्क में सोमवार को हुई। इसमें संस्था के कार्यों की समीक्षा की गई। संस्था की ओर से बताया गया कि जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में डायन-बिसाही के विरुद्ध जागरुकता अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने कंप्यूटर प्रशिक्षण का कार्य भी शुरू करने का निर्णय लिया।

महिला विकास फाउंडेशन महिलाओं के अधिकार, सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए काम करता है। बैठक में अध्यक्ष मधुलता शर्मा, सचिव चंपा देवी, नेशनल को-ऑर्डिनेटर दीपक शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर शीतल विश्वकर्मा सहित फाउंडेशन के अन्य सदस्य-गण उपस्थित थे।

## मोबाइल व पैसा लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**भवनाथपुर :** बीते 23 जनवरी की रात खरौंधी के खोखा चन्दना रोड में एक ऑटो चालक से मारपीट कर मोबाइल और पैसा लूट के मामले को पुलिस ने उद्भेदन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द कर दिया है, साथ ही लूट कांड में प्रयुक्त बाईक और मोबाईल भी जब्त की गई है।



सोमवार को भवनाथपुर पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि खरौंधी चन्दना गांव निवासी पिंटू चौधरी पिता पना चौधरी तथा राज कुमार पटेल पिता लालमुनि पटेल के द्वारा तकरीबन रात्रि आठ बजे लोहरगड़ा निवासी अच्छेबर चौधरी पिता बीटन चौधरी और उसके साथ ओम प्रकाश साह के साथ ऑटो से यूपी जा रहे थे, इसी बीच उक्त दोनों लोगों को एक बाईक पर सवार दोनों चन्दना निवासी अपराधियों को द्वारा मारपीट कर नगद और मोबाइल लुट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद पीड़ित के द्वारा लिखित शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक टीम गठित कर लगातार छापेमारी की गई, जिसमें दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। कहा कि लुट के पैसा और मोबाइल भी मिला है, पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

इस मौके पर खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, भवनाथपुर थाना प्रभारी रजनी रंजन उपस्थित थे।

## वेदिक सोसाइटी ने मनाया जेआरसी का स्थापना दिवस

**लातेहार ।** बच्चों के अधिकार और सुरक्षा के लिए समर्पित जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के स्थापना दिवस पर वेदिक सोसाइटी ने बाल अधिकारों के संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। देशभर के 400 से अधिक जिलों में सक्रिय 250 से ज्यादा संगठनों के इस नेटवर्क ने 2023-24 में 60,000 बच्चों को मुक्त कराया और 30,000 से अधिक नियोक्ताओं और ट्रैफिकिंग गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई की। कार्यक्रम में जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीड़ितों का पुनर्वास और दोषियों को सजा दिलाकर ही अपराधों पर रोक लगाई जा सकती है।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला 11 फरवरी से, तैयारी शुरू

**प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि**

**पलामू :** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 एवं 12 फरवरी को होगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में विभागों के स्टॉल लगाने, परिसंपत्तियों का वितरण करने, सरकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया गया।




बैठक में उपायुक्त ने मेले में आने वाली भीड़ को बेहतर तरीके से नियंत्रण करने को लेकर योजना बनाने की बात कही। उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर सीओ व संबंधित को इस विषय पर प्लान बनाने की बात कही।

उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों को आवश्यकतानुसार वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करने और उनके बीच आई कार्ड का भी वितरण करने की बात कही। उन्होंने फायर एक्सटिंग्विशर पर्याप्त मात्रा में रखने पर बल दिया। नगर आयुक्त को आयोजन स्थल पर समुचित साफ-सफाई रखने पर बल दिया। रंग-रोगन और सुंदरीकरण पर भी चर्चा की गयी। यातायात व्यवस्था एवं चिकित्सा व्यवस्था के लिये अलग से योजना बनाकर कार्य करने की बात कही।

बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम कुमार को सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के माध्यम से मेले में होने वाली गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कराने पर बल दिया।

मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीएम, सिविल सर्जन, सहायक पुलिस अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी सह खेल पदाधिकारी, मेला समिति के अध्यक्ष और सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

# संसार की शांति को नेस्तनाबूद करती ट्रंप की दादागिरी

डा. रवीन्द्र अरजरिया

**वर्तमान में जिस तरह से अमेरिका, चीन, रूस सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्र अपनी विस्तारवादी नीतियों पर मानवता की बलि देने पर तुले हैं, उससे भविष्यवाणी का प्रथम चरण प्रभावी होता दिख रहा है। यदि इसे झुठलाना है तो रेखांकित राष्ट्रों के आम नागरिकों को अपने देश की नीतियों-रीतियों की निष्पक्ष समीक्षा करके सकारात्मक आंदोलन छेडना होगा तभी मानव और मानवता संरक्षित रह सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समारोह में खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की मौजूदगी और उसके व्दारा खालिस्तान जिन्दाबाद के नारे लगाने की घटना ने अमेरिका के नवीन दृष्टिकोण की बानगी प्रस्तुत की है। सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल होने के बाद भी वहां की सरकार ने किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया है।

खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने स्वयं एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किये, जिसमें वह राष्ट्रपति ट्रंप के आधिकारिक उद्घाटन (द लिबर्टी बॉल) के विशेष अतिथि होने का दावा भी करता है। खालिस्तान समर्थकों ने ही प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में आगजनी करने की जिम्मेवारी भी ली है। आतंकी सरगनाओं व्दारा अमेरिका, कनाडा, इंग्लैण्ड, चीन, दुबई, पाकिस्तान, बंगलादेश, तुर्किये, सीरिया, ईरान, ईराक आदि देशों में बैठकर भारत विरोधी एजेन्डा चलाये जा रहे हैं। खालिस्तानी आतंकवादियों के अलावा इस्लामिक कट्टरपंथी गिरोहों, अनेक जेहादी संगठनों, नक्सलवादियों, खूनी क्रान्ति के पक्षधरों तो अब हथियारों की सप्लाई करने वाले देशों के लिए एक बडी मण्डी बन गये हैं। विकासशील देशों की सरकारों को अस्थिर करने हेतु अनेक हथियार निर्यातक देश निविध्न रूप से षडयंत्र कर रहे हैं। बंगलादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानस्तान, श्रीलंका आदि इसके जीवंत उदाहरण हैं। अमेरिका के खास नुमाइन्दों ने पहले बंगलादेश की सरकार को अपने प्रभाव में लेने का प्रयास किया जब सफल नहीं हुआ तो वहां पर छात्र आन्दोलन की आड में आतंक फैलाना शुरू कर दिया। बंगलादेश की वर्तमान सरकार भी अमेरिका का ही एक सफल अभियान था। वर्तमान में बंगलादेश का पाकिस्तान प्रेम और चीन की ओर दिखने वाला बनावटी झुकाव भी अमेरिका की ही कुटिल चाल का परिणाम है ताकि भारत अपनी विकास यात्रा के लक्ष्य को भूल कर सीमाओं की सुरक्षा में जुट जाये। दूसरी ओर मणिपुर में मैतेई और कुकी लोगों के मध्य आतंकवादियों की घुसपैठ करवाने के बाद वहां हमले शुरू करवा दिये गये। राज्य में मैतेई समाज की 64.6 प्रतिशत जनसंख्या होने के बाद भी उन्हें 10 प्रतिशत भूभाग में ही समेट दिया गया है। आतंकियों के व्दारा स्थानीय लोगों पर जुल्म ढाने का लक्ष्य हासिल करने वाले षडयंत्रकारी अब रक्तरंजित खेला करने में जुट गये हैं। यही हाल पश्चिम बंगाल का है जहां बंगलादेशियों की भरमार है। इस राज्य के घुसपैठिये अब समूचे देश में फैल चुके हैं। देश की



आर्थिक राजधानी मुम्बई में सैफ अली खान पर हमला भी बंगालादेशी ने ही किया था। यह प्रसिध्द व्यक्ति पर किया गया आपराधिक कृत्य था, सो चर्चा में आ गया अन्यथा ऐसी वारदातें तो देश के कोने-कोने में रोज ही हो रहीं हैं। मीरजाफरों की फौज के साथ मिलकर रोहिंग्या मुसलमान और बंगलादेशी सहित अनेक घुसपैठिये अपने भारतीय नागरिकता संबंधी दस्तावेज तैयार करवा लेते हैं और शान से अपराध की दुनिया में कदम रखकर चन्द दिनों में ही करोडपति बन जाते हैं। दुकानों पर नौकरी ढूंढने वाले कुछ सी समय में आलीशान बंगलों, कारों और व्यवसायों के मालिक बनकर राष्ट्रद्रोही राग अलापने लगते हैं। विदेशी आकाओं के इशारे पर इन असामाजिक तत्वों को तत्काल राजनैतिक संरक्षण भी मिल जाता है। अमेरिका, चीन और पाकिस्तान के हथियार विक्रेताओं के साथ-साथ अनेक मुस्लिम देशों में बनाये जाने वाले ड्रोन सहित घातक विस्फोटक बेचने वाले भी नियमित रूप से इन असामाजिक तत्वों को अग्नेय शस्त्र बेच रहे हैं। इस तरह की अवैध आपूर्ति का भुगतान षडयंत्रकारी देशों की सरकारों के इशारों पर उनकी गोद में बैठे संदिग्ध धनपशुओं व्दारा आतंकी सरगनों को खुलेआम किया जा रहा है। विदेशों में सुरक्षाचक्र के अन्दर से इनामी बदमाश आये दिन धमकियां देने, अपने सिपाहसालारों से अशांति फैलाने, राष्ट्र विरोधी गतिविधियां चलाने जैसे काम कर रहे हैं। दुनिया का स्वयंभू ठेकेदार बन बैठे अमेरिका ने इजराइल को घुटनों पर ला दिया और अब रूस पर दबाव बना रहा है। हमास ने मात्र तीन बंधकों के बदले में 100 खूंखार आतंकी छुडा लिये जो आने वाले दिनों में अनगिनत लोगों पर मौत बनकर मडरायेंगे। इस समझौते से दुनिया भर के आतंकवादियों के हौसले सातवें आसमान पर पहुंच गये हैं। तालिबान के बाद हमास की जीत से मुस्लिम कट्टरपंथियों के आतंकी गिरोहों ने अमृतपान कर लिया है। वे रक्तबीज बनकर समूची दुनिया में मनमानियां करने के लिए युध्दस्तर पर जुट गये हैं। मुख में राम, बगल में छुरी की कहावत को चरितार्थ करने वाला अमेरिका हमेशा से ही धोखेबाजी का मुखिया रहा है। वर्तमान में वहां के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणाओं से तो समूचा संसार आश्चर्यचकित है। नागरिकता वाले मुद्दे पर तो वहां के न्यायालय तक ने दांतों तले अंगुलियां दबा लीं हैं। सिएटल में संघीय न्यायाधीश जान कफेरोन ने ट्रंप के सिटिजनशिप आर्डर पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने 22 राज्यों तथा अप्रवासी अधिकार समूहों की याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रपति के आदेश को असंवैधानिक करार दिया है।

याचिकाकताओं ने ट्रंप के फरमान को वहां के संविधान के 14वें संशोधन के नागरिकता खण्ड में निहित अधिकार का उल्लंघन बताया जबकि न्याय विभाग के वकील ब्रेट शउमेट ने अपना पक्ष रखने के लिए और समय मांगा यानी सरकारी वकील भी ट्रंप के आदेश के संवैधानिक धरातल से अनभिग्य थे। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि संसार की शांति को नस्तनाबूद करती ट्रंप की दादागिरी से आने वाले समय में समस्याओं का अम्बार लगने की संभावना बलवती होती है। तेल के दाम पर नियंत्रण, निवेश का दबाव, आयात करने को मजबूर करने वाले प्रस्ताव, विश्व संगठनों को मुट्ठी में लेने की कोशिशों सहित अनेक कार्यों की बानगी देखने को मिल गई है। ऐसे में प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ में पधारे अघोरी बाबा कालपुरुष की भविष्यवाणी सत्य होती प्रतीत हो रही है जिसमें उन्होंने कहा था कि मैं पिछले सात महाकुम्भों में आया हूं, हर बार मैं इस क्षेत्र से चला हूं लेकिन इस बार संकेत अलग हैं, दाह संस्कार स्थल पर कौवे एक अलग ही गाना गा रहे हैं, मुर्दे ज्यादा बेचैन होते हैं, चिता जल जायेगी, हवा काली हो जायेगी, नदी को सब याद है जो आदमी भूल गया, जब गंगा रोयेगी तो आंसू मैदानों पर गिरेंगे, धरती अपनी सांसे बदल रही है, पहाड अपनी बर्फ छोड देंगे, कई मंदिर धरती पर लौटेंगे, जब नदी अपना रास्ता बदलेगी तो शहरों को एहसास होगा कि वे उधार की जमीन पर बसे हैं, अगले चार वर्ष में आकार लेंगे जिसे मनुष्य स्थाई या शाश्वत मानते है, यह शुरू हो गया है। अघोर साधना को समर्पित बाबा कालपुरुष के अनगढ और अटपटे शब्द संकेत ठीक नास्त्रेदमस की तरह ही हैं जिनका विस्तार अध्यात्मिक संकेतों के विश्लेषक या फिर अघोर पंथ के किसी बडे तपस्वी से ही जाना जा सकता है। मगर वर्तमान में जिस तरह से अमेरिका, चीन, रूस सहित अनेक मुस्लिम राष्ट्र अपनी विस्तारवादी नीतियों पर मानवता की बलि देने पर तुले हैं, उससे भविष्यवाणी का प्रथम चरण प्रभावी होता दिख रहा है। यदि इसे झुठलाना है तो रेखांकित राष्ट्रों के आम नागरिकों को अपने देश की नीतियों-रीतियों की निष्पक्ष समीक्षा करके सकारात्मक आंदोलन छेडना होगा तभी मानव और मानवता संरक्षित रह सकेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

## संपादकीय

### ममता कुलकर्णी का ग्लैमर से वैराग्य का सफर

कई लोग सफलता और भौतिक सुख को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मान लेते हैं, लेकिन जिंदगी कब-कहां लेकर चली जाए, कौन जानता है। चर्चित हीरोइन का किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बन जाना बहुत कुछ सोचने को मजबूर करता है। ममता कुलकर्णी लंबे समय तक ग्लैमर की जिस दुनिया में रहीं, वह दुनिया जितनी आकषर्क दिखती है, उतनी ही मुश्किल भी है। ममता का जीवन भी इससे अछूता नहीं रहा। जैसे-जैसे उनकी लोकप्रियता बढ़ी, वैसे-वैसे विवाद भी उनके जीवन का हिस्सा बनते गए लेकिन ग्लैमर और ऐर्य से भरी जिंदगी को छोड़ कर वैराग्य के जिस सफर पर वह चल पड़ी हैं, यह कोई सहज मोड़ नहीं है। किसी भी व्यक्ति के लिए वैराग्य का मार्ग अपनाना बहुत कठिन होता है। लेकिन ममता ने यह कदम उठाया है और अध्यात्म के जरिए आत्मिक शांति की खोज शुरू की है तो इसके कुछ निहितार्थ तो होंगे ही। मायानगरी मुंबई में पहचान बनाना लाखों युवाओं का सपना होता है। हर युवा बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में प्रवेश करना और उसमें अपनी पहचान बनाना चाहता है। ममता का भी यह सपना था, जिसे उन्होंने साकार किया। नब्बे के दशक में ममता कुलकर्णी चर्चित अभिनेत्रियों में से एक रहीं। बॉलीवुड में उन्होंने ह्यवक्त हमारा हैह्ल,ह्यचाइना गेटह्ल, ह्यसबसे बड़ा खिलाड़ीह्ल, ह्यक्रांतिवीरह्ल, ह्यबाजीह्ल, ह्यकरण-अर्जुनह्ल जैसी तमाम फिल्मों से अलग पहचान बनाई लेकिन ग्लैमर और सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद उन्होंने जिस तरह अपनी जिंदगी की दिशा बदली है, वह उनके जीवन में आए उतार-चढ़ावों को दशार्ने के लिए काफी है। एक ओर जहां उनके ग्लैमरस फोटोशूट और बोल्ड व्यक्तित्व ने उन्हें मीडिया की सुर्खियों में बनाए रखा, वहीं उनका नाम कई विवादों से भी जुड़ा। इसके उपरांत धीरे-धीरे वह फिल्मी दुनिया से दूर होती चली गई। फिल्म संसार से गायब होने के बाद ममता ने अध्यात्म की राह चुनी। खुद को मीडिया और सार्वजनिक जीवन से दूर ले गई। धीरे-धीरे उनका जुड़ाव आध्यात्मिकता की ओर बढ़ता गया। ममता की 2013 में आई किताब ह्यऑटोबायोग्राफी ऑफ एन योगिनीह्ल भी इस तरफ इशारा कर रही थी। ममता ने एक दशक पहले कहा था कि कुछ लोग दुनिया के कामों के लिए पैदा होते हैं जबकि कुछ ईर के लिए पैदा होते हैं। मैं भी ईर के लिए पैदा हुई हूं। ममता ने फिल्मी दुनिया से दूर होकर अध्यात्म का रास्ता अपना लिया है। महाकुंभ के दौरान उन्हें किन्नर अखाड़े ने महामंडलेर की उपाधि दे दी है। वैराग्य धारण करने के बाद ममता को नया नाम ममतानंद गिरि भी मिल गया है। जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखने के बाद ममता शायद यह सोच कर संन्यासिन बनी हैं कि सच्ची खुशी और शांति बाहरी दुनिया में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में होती है। ग्लैमरस हीरोइन से महामंडलेर तक की उनकी यात्रा से यह संदेश तो मिलता ही है कि जिंदगी में कभी भी नई शुरूआत की जा सकती है। ममता ने विवादों और संघर्ष से घिरने के बावजूद अपनी राह

## चिंतन-मनन

### अहंकार त्यागने वाले ही महापुरूष होते हैं

बहुत से लोग दिन-रात प्रयास करते हैं कि उन्हें किसी तरह उच्च पद मिल जाए। खूब सारा पैसा हो और आराम की जिन्दगी जियें। जब ये सब प्राप्त हो जाता है तो इसे ईश्वर की कृपा मानने की बजाय अपनी काबिलियत और धन पर इतराने लगते हैं। जबकि संसार में किसी चीज की कमी नहीं है। अगर आप धन का अभिमान करते हैं तो देखिए आपसे धनवान भी कोई अन्य है। विद्या का अभिमान है तो ढूंढ़कर देखिए आपसे भी विद्वान मिल जाएगा। इसलिए किसी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। जो लोग अहंकार त्याग देते हैं वही महापुरूष कहलाते हैं। महाभारत में कथा है कि दुर्योधन के उत्तम भोजन के आग्रह को ठुकरा कर भगवान श्री कृष्ण ने महात्मा विदुर के घर साग खाया। भगवान श्री कृष्ण के पास भला किस चीज की कमी थी। अगर उनमें अहंकार होता तो विदुर के घर साग खाने की बजाय दुर्योधन के महल में उत्तम भोजन ग्रहण करते लेकिन श्री कृष्ण ने ऐसा नहीं किया। भगवान श्री राम ने शबरी के जूठे बेर खाये जबकि लक्ष्मण जी ने जूठे बेर फेंक दिये। यहीं पर राम भगवान की उपाधि प्राप्त कर लेते हैं क्योंकि उनमें भक्त के प्रति अगाध प्रेम है, वह भक्त की भावना को समझते हैं और उसी से तृप्त हो जाते हैं। अहंकार उन्हें नहीं छूता है, वह ऊंच-नीच, जूठा भोजन एवं छप्पन भोग में कोई भेद नहीं करते। शास्त्रों में भगवान का यही स्वभाव और गुण बताया गया है। महात्मा बुद्ध से संबंधित एक कथा है कि एक बार महात्मा बुद्ध किसी गांव में प्रवचन दे रहे थे।

# उत्तराखंड : पारिस्थितिकी परिवेश संभालें

दिसम्बर 2022 में जोशीमठ में अपने भवनों, सड़कों, खेतों में दिखतीं दरारें, कहीं-कहीं भवनों का तिरछा होता देख तथा पानी के फव्वारे फूटते देख भयंकर जाड़ों में भी दिन-रात भारत-चीन के सीमांत नगर जोशीमठ के निवासी सुरक्षित पुनर्वासन के लिए प्रदर्शन में जुटे थे। इसरो की वेबसाइट के अनुसार अप्रैल- नवम्बर, 2022 के बीच धंसाव 8-9 सेमी. था जबकि दिसम्बर 27, 2022 से जनवरी 8, 2023 के केवल बारह दिनों में यह 5-4 सेमी. था। उन्हीं दिनों अन्य नगरों और गांवों से भी जोशीमठ जैसी स्थितियों के उपजने की खबरें आने लगी थीं। तब उत्तराखंड सरकार ने जोशीमठ सहित एक दर्जन से ज्यादा नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। पुनः 2024 में चारधाम यात्रा पड़ावों और प्रमुख पर्यटक स्थलों में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की एक ही दिन में हजारों की भीड़ पहुंचने तथा वाहनों से जाम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने यात्रा मागरे के पड़ावों और भारी भीड़ से बोझिल नगरों की धारण क्षमता का आकलन करवाने का अपना मंतव्य व्यक्त कर दिया था किन्तु ठोस कार्रवाई न तो 2022 में हुई और न ही 2025 तक भी होती दिखी है।

जोशीमठ का परिप्रेक्ष्य जनसंख्या भार और बाहरी आती-जाती भीड़ की बजाय वहां की भूगर्भीय कमजोरियों का है जबकि तीर्थ और पर्यटन स्थलों का मामला भीड़भाड़ का है। जोशीमठ की बसावट एक पुराने भूस्खलन, हिमस्खलन मोरेन हिमोड के ऊपर है। ड्रेनेज पैटर्न की भी समस्या है। हालांकि स्थानीय ह्यजोशीमठ बचाओ संघर्ष समितिई भूधंसाव और दरारों के लिए एक जल विद्युत परियोजना की कई किमी. की सुरंग और हेलंग बायपास निर्माण को आज भी जिम्मेदार मानती है। निस्संदेह उत्तराखंड के पर्वतीय नगर और गांवों की धारण क्षमता के आकलन की आवश्यकता है परंतु इसके लिए सरकार और आम जन में भी एक समग्र समझ पैदा होना जरूरी है।

धारण क्षमता आकलन प्राथमिक समाधान की प्रक्रिया



नहीं है, बल्कि वहनीय क्षमता की लक्ष्मण रेखा को लांघने के जोखिमों के संदर्भ में सचेत होने की प्रक्रिया है। धारण क्षमता जान कर तब फायदा है जब हम उसके प्रति संवेदित हों किन्तु पिछले दो सालों से स्मरण कराया जा रहा है कि दिल्ली से देहरादून का सफर अब सात की जगह दो घंटे का होने वाला है। देहरादून से मसूरी और वहां से होते हुए पर्यटन और तीर्थस्थलों तक पहुंचने में जाम न लगे, पार्किंग में भी दिक्कत न हो, इसके लिए सुरंगें प्रस्तावित हैं। ऋषिकेश से टिहरी बांध झील तक सफर दो घंटे कम हो जाए, इसके लिए भी कई किमी. की सुरंग बनेगी। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के हवाले से एक समाचार था कि गंगोत्री और यमुनोत्री को जोड़ने वाली उत्तराखंड की सबसे लंबी सुरंग बनाई जानी है। साढ़े चार किमी. लंबी यह राह तीन साल में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। सैकड़ों किमी. सुरंग जिन गांवों के नीचे जाएंगी उनसे उन गांवों की धारण क्षमता बढ़ेगी तो नहीं, घटेगी ही। जहां रेलवे सुरंग या जलविद्युत परियोजनाओं की सुरंग गांवों और के नीचे खोदी गई हैं, उन सब के यही अनुभव हैं।

खास बात यह है कि ये प्रस्तावित मेगा निर्माण उन क्षेत्रों के बीच से होने हैं जो राज्य के दशकों से आधिकारिक चिन्हित इको सेंसेटिव जोन हैं। टिहरी बांध जलाशय निर्माण के साथ ही उत्तरकाशी से आगे तक भागीरथी इको सेंसेटिव जोन अधिघोषित हो गया था। इसमें कई पारिस्थितिकीय प्रतिबंध लगाए गए थे। देहरादून-मसूरी का क्षेत्र निर्माण कायरे के संदर्भ में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में ही इको सेंसेटिव क्षेत्र घोषित कर दिया गया था। अब तो हवाई पट्टियों के निर्माण की भी होड़ लगी है। एक साथ अंडे और मांस पाने के लिए मुर्गी को मारने में भी जब कोई गुरेज नहीं तो धारण क्षमता जान कर भी क्या होगा या फिर इसे जाना ही क्यों जा रहा है।

ख्याल यह भी रहे कि भीड़ से बदरीनाथ केदारनाथ जैसी जगहों पर कूड़ा प्रबंधन, खुले में शौच रोकना जैसी समस्या भी हो जाती हैं।

जोशीमठ जैसे नगरों के भूगर्भीय कारकों को तो बदला नहीं जा सकता। केवल उन कमजोरियों को और कमजोर न करने की दिशा में सचेत रहना होता है। किसी स्थल की धारण क्षमता को केवल इंजीनियरिंग संदर्भ में मृदा परतों पर किसी निर्माण भार की मान्य परिभाषा से इत्तर अभी भी भूगर्भीय हलचल में भूकंपकीय और जलवायु बदलावों के दंशों से निरंतर सहम जाने वाले हिमालयी क्षेत्रीय पारिस्थितिकी परिवेश के संसाधनों पर भार से भी जोड़ कर समझें। जहां मानव के वश के बाहर के इन कारणों के कारण धारण क्षमता के संदर्भ में अंतिम रूप से कभी भी कुछ कहना संभव नहीं होगा। मानव वश के समाधान तो बापू के इस कथन में ही ढूंढें कि पृथ्वी-प्रकृति के पास दुनिया भर के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है किन्तु लालच के लिए नहीं है। उसी तरह हम धारण क्षमता बढ़ा सकते हैं। हम जर्जर होकर भी फिर से उठने की राह पकड़ सकते हैं किन्तु अनुशासित होकर उपभेग को कम से कम करके लालच को कम करके।

बहुत जरूरी है कि यदि आपको पहाड़ों में उनकी धारण क्षमता को अपने लिए कम से कम क्षत-विक्षत करके रहना है तो अपनी मानसिक धारण क्षमता भी बढ़ाइए कि पहाड़ प्रकृति के साथ समन्वय में रह सकें। पहाड़ पहाड़ रह कर अपनी आबोहवा से जैव-विविधता से आपको पर्याप्त दे सकते हैं किन्तु उनको मैदान बना कर पाना चाहेंगे तो उसकी वहनीय क्षमता टूट जाएगी क्योंकि तब किसी भी निर्माण कारणों गहराई तक काटना होगा। ऐसे में अस्थिर ढलानों को स्थिर करने का काम न किया जाए तो निर्माण की धारण क्षमता सवालों के घेरे में ही रहेगी। वाहन खड़े करना भी उत्तराखंड में मौत को न्योता देना रहा है। ऐसे ही नागरीय जल स्रेतों की जलापूर्ति की कितनी ही क्षमता हो यदि भूस्खलन या सड़क निर्माण के दौरान गहरे कटानों या विस्फोटों से यदि वे क्षतिग्रस्त हो गए हों तो उनके पहले की आकलित धारण क्षमता पर तो भरोसा नहीं होगा।

**-वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**
**(लेख में विचार निजी हैं)**

# बरसों की आजादी और वर्तमान का विकास



रविशंकर

फरवरी 1, 2025 को पेश होने वाले आम बजट से किसानों को बड़ी उम्मीदें हैं। किसानों की नजरें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ऐलानों पर टिकी हैं। देश की कुल आबादी और श्रम बल का 70 फीसद ग्रामीण इलाकों में रहता है। अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाने के लिए उनकी क्रय शक्ति बढ़ाना जरूरी है। बजट में खेती-किसानी को लेकर सरकार कई बदलाव कर सकती है।

भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि क्षेत्र जलवायु बदलावों के चलते मुश्किल दौर में है। कृषि अर्थव्यवस्था का 15 फीसद हिस्सा है और 1.4 अरब लोगों को भोजन मुहैया कराती है। लेकिन मौजूदा समय में कृषि विकास दर घट कर 1.4 फीसद रह गई है। ऐसे में बजट कृषि क्षेत्र को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का अहम मौका है। कृषि क्षेत्र की सकारात्मक वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है क्योंकि अर्थव्यवस्था के कई सेक्टरों में मंदी का दौर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र बढ़ता है, तो न केवल किसानों की आय बढ़ाएगाङ्क बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार अवसर भी सृजित करेगा। कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी जिससे निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत होगा। पिछले कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र ने साबित किया है कि यह अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। खासकर प्राकृतिक आपदाओं और महामारी जैसी परिस्थितियों में।

बहरहाल, भारत में कृषि निर्यात बढ़ाने की क्षमता है लेकिन किसानों के सामने कई समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को जलवायु परिवर्तन, कच्चे माल की बढ़ती लागत, बंटी हुई जोत, कमजोर कृषि उपकरणङ्क कम उत्पादकता और बेरोजगारी से निपटने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। एक अध्ययन बताता है कि जलवायु झटके मसलन सूखा, बाढ़, लू, शीत लहर आदि कृषि उत्पादकता वृद्धि में 25 फीसद तक की कमी लाए हैं। दूसरी तरफ, बीते एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों में मेहनताने में वृद्धि या तो कम रही है, या फिर नकारात्मक जबकि मनरेगा के तहत रोजगार की मांग अभी भी अधिक है। उम्मीद है कि बजट में पीएम-किसान सम्मान निधि योजना, मनरेगा और पीएम-आवास योजना में फंड का आवंटन बढ़ सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग और निजी निवेश बढ़ाने के लिए मेहनताने में इजाफा जरूरी है। गौर करने वाली बात यह है कि कृषि प्रधान देश भारत में आजादी के 77 साल बाद भी किसानों की समस्याएं दूर नहीं की जा सकी हैं। किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य चुनौतियों के बीच संघर्ष कर रहा है। ज्यादातर किसान अपने बच्चों को खेती की जिम्मेदारी नहीं सौंपना चाहते। कृषि व्यवस्था में पूरी जिंदगी खपाने वाले किसान खेती को घाटे का सौदा बताते हैं। आखिर, क्या कारण हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान सरकार नहीं कर पाई है जबकि भारत विश्व की टॉप पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। योजनाबद्ध तरीके से कृषि में निवेश के बाद भी भारतीय किसान दूसरे देशों के मुकाबले पिछड़ा हुआ है। देश की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता वैश्विक औसत से कम है। किसानों के असंतोष का सबसे बड़ा कारण उपज का सही मूल्य न मिलना है। किसानों के लिए नीति-निर्धारक समय-समय पर जो उपाय करते हैं, वे तात्कालिक राहत पहुंचाने वाले होते हैं। जरूरत ऐसे संरचनात्मक उपायों की है जो दीर्घकालिक हों और किसानों की समस्या को स्थायी तौर पर हल कर सकें। जैसे-यूनिवर्सल बेसिक इनकम जैसी योजना। इससे हर महीने निश्चित आय हो सकेगी और किसान उपज को औने-पौने दामों पर बेचने को विवश नहीं होंगे। लेकिन वास्तविकता यह है कि बिजली-पानी, खाद, कृषि के बुनियादी ढांचे, विपणन और जोखिमों का सामना करने की क्षमता आदि जैसी समस्याओं को ही दूर करने में हम विफल रहे हैं।

कृषि को अभी तक की सरकारें सिर्फ देश की अवाम का पेट भरने तक का ही संसाधन मानती आई हैं। कृषि के माध्यम से जीडीपी बढ़ाने पर कभी गहन मंथन नहीं हुआ। देश के अलग-अलग हिस्सों में



किसानों की समस्याएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन कुछ समस्याएं हैं, जो सब किसानों के साथ हैं। पिछले कई सालों से खेती की लागत जिस तेजी से बढ़ी है, उस अनुपात में फसलों के दाम बहुत कम बढ़े हैं। कृषि क्षेत्र में दबाव कम करने और ग्रामीण मांग बढ़ाने की जरूरत है ताकि टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित हो सके और उत्पादक रोजगार तैयार हो सकें। इससे किसानों, युवाओं और महिलाओं को लाभ होगा। बजट को गरीब समर्थक नीतियों और राजकोषीय घाटे के लक्ष्य के बीच संतुलन कायम करना होगा। राजस्व बढ़ाने, कर रियायत कम करने और अनुत्पादक गतिविधियों में व्यय कम करने पर काम करना होगा ताकि कृषि समर्थक लक्ष्य हासिल हो सकें।

# जायका

## सोया बिरयानी

### सामग्री

▸▸ चावल = 3 कप, पानी = 6 कप, देसी घी = कप, सोया चंक्स (पानी में भिगोकर निचोड़े हुए) = 1 कप, दाल की बड़ी = 1 कप, तेल = 1 चम्मच, तेज पत्ते = 2, सूखी लाल मिर्च = 3-4, बिरयानी मसाला = 1 चम्मच, प्याज बारीक कटा = 1 कप, जीरा = 1 चम्मच

### मसाला

▸▸ गरम मसाला = चम्मच, पिसा जीरा = चम्मच, साबुत धनिया = 1 चम्मच, लाल मिर्च = चम्मच, इलायची पाउडर = चम्मच, पिसा जायफल = आधाचम्मच, नमक = स्वादानुसार, काली मिर्च = स्वादानुसार, मटर उबली = सजाने के लिए, काजू तले = सजाने के लिए।

### बनाने की विधि

▸▸ चावल धोकर आधे घंटे तक पानी में भिगोएं। 1 चम्मच गरम तेल में तेज पत्ता, सूखी लाल मिर्च, जीरा, प्याज व बिरयानी मसाला मिलाएं। प्याज को गुलाबी होने तक भूनें, फिर सोया चंक और बड़ी मिला दें। अच्छी तरह चलाएं, मसाले मिलाकर पानी डाल दें उबाल आने दें, चावल डालकर धीमी आंच पर 10-15 मिनट तक पकाएं। कुकर की भाप निकलने पर पुलाव राइस ट्रे में डालकर उबली मटर और फ्राइड काजू से सजाकर परोसें ।



नाश्ते में गरमा-गरम भाप छोड़ती हुई भरवां इडली आपके लिए बढ़िया रेसिपी का काम करती है। वैसे रवा इडली तुरन्त जब भी मन चाहे बना सकते हैं, लेकिन इडली को मन पसन्द पिठ्ठी भर कर बनाया जाए तो जायका और भी बढ़ जाता है।

## भरवां रवा इडली



### आवश्यक सामग्री

रवा (सूजी) - 300 ग्राम (1 1/2 कप), दही - 300 ग्राम (1 1/2 कप), पानी - 50 ग्राम से कम (1/4 कप), नमक - स्वादानुसार या 1 छोटी चम्मच, ईनो साल्ट - 1 छोटी चम्मच, तेल - 2 बड़ी चम्मच, राई - एक छोटी चम्मच, करी पत्ता - 7-8, उरद दाल - 1 छोटी चम्मच, हरी मिर्च - 1 (बारीक कतरी हुई)

### पिठ्ठी बनाने के लिए

उबले आलू - 3 मीडियम आकार के, पालक - एक कप बारीक कटा हुआ, हरी मिर्च - 1 (बारीक कटी हुई), अदरक पेस्ट - 1 छोटी चम्मच, नमक - आधा छोटी चम्मच, तेल - 2 छोटी चम्मच

### बनाने की विधि

सबसे पहले दही को फेंट लीजिए। किसी बर्तन में सूजी छान लीजिए और उसमें दही डाल कर अच्छी तरह मिला लीजिए। इसमें पानी और नमक डाल कर और फैंट लीजिए (मिश्रण के अन्दर गुठलियां न रहें)। किसी छोटी कड़ाई में 2 छोटी चम्मच तेल डालकर गरम कीजिए, राई डालिये, राई के तड़कने पर, करी पत्ता, उरद दाल डाल कर, दाल को हल्का ब्राउन होने तक भून लीजिए, हरी मिर्च डालकर थोड़ा सा भून लीजिए, सारे मसाले मिश्रण में मिला दीजिए। मिश्रण को 15 मिनट के लिए ढंककर रख दीजिए, ताकि सूजी के कण फूल जाएं। साथ ही पिठ्ठी भी तैयार कर लें। इसके लिए आलू को छील कर बारीक तोड़ लीजिये, कड़ाई में तेल डालकर, हरी मिर्च और अदरक डालिए, पालक डालकर नरम होने तक पकाइए, आलू और नमक डालिए और अच्छी तरह मिला दीजिए, इडली में भरने के लिये पिट्ठी तैयार है। कुकर में 2 छोटे गिलास पानी डालकर आग पर रख दीजिए, पानी को गरम होने दीजिए। मिश्रण में ईनो साल्ट डाल कर, चमचे से चला कर अच्छी तरह मिला लीजिए, जैसे ही मिश्रण फूलने लगता है चमचे से चलाना बन्द कर दीजिए (ईनो साल्ट डालने के बाद् मिश्रण को ज्यादा नहीं फेंटना पड़ता)। इडली स्टैन्ड को थोड़ा तेल लगा कर चिकना कर लीजिए। मिश्रण को चमचे की सहायता से इडली के प्रत्येक खाने में थोड़ा-थोड़ा आधे खाने से कम भर दीजिए। पिठ्ठी से थोड़ी थोड़ी पिठ्ठी उठाइए और मिश्रण के ऊपर प्रत्येक खाने में रखिए, पिठ्ठी के ऊपर से चमचे से मिश्रण डालकर पिठ्ठी को ढंक दीजिए। इडली स्टैन्ड के सारे खांचे इसी प्रकार भर कर तैयार कर लीजिए। एक बार में इडली स्टैन्ड के अनुसार 12 या 18 इडली बन जाती है। इडली स्टैन्ड में खांचों को जमा लीजिए और कुकर के पानी में भाप आने पर इडली स्टैन्ड कुकर में रख दीजिए। कुकर का ढक्कन लगा दीजिए, लेकिन ढक्कन से सीटी हटा लीजिए। तेज आग पर इडली 10 मिनट तक पकने दीजिए, कुकर का ढक्कन खोलिए (देखने के लिए कि इडली बन गई है इडली के अन्दर चाकू गड़ाकर देख लें, यदि चाकू से मिश्रण नहीं चिपकता तब इडली बन चुकी है) इडली स्टैन्ड को कुकर से निकालिए, खांचे अलग कर लीजिए, ठंडा होने पर चाकू की सहायता से खांचों से इडली निकाल कर प्लेट में रख लीजिए। भरवां रवा इडली तैयार है। गरमा-गरम भरवां रवा इडली आप सांबर, नारियल की चटनी, चने दाल की चटनी या मूंगफली की चटनी के साथ परोसिए और खाइए।




# चटख व भड़कीले रंगों का मौसम

यह मौसम ऐसा है न तो अधिक गर्मी होती है और न ही अधिक ठंड । यही वजह है कि इस मौसम में चटख व भड़कीले रंग अधिक पसंद किए जाते हैं। आइए जानते हैं क्या हैं खास।

### ग्रीन का क्रेज

हरे रंग के कई ऐसे शेड्स हैं, जो आजकल काफी पसंद किए जा रहे हैं। इनमें भी मुख्यतः लीफ ग्रीन, रेडियम ग्रीन, आर्मी ग्रीन, एमरल्ड ग्रीन, सी ग्रीन और फ्लोरसेंट ग्रीन पहली पसंद होते हैं। आजकल यूथ की यह पहली पसंद है। यहां तक कि लैदर जैकेट और बेल्ट्स तक में ये कलर्स पसंद किए जा रहे हैं। डार्क ग्रीन जैकेट और ट्राउजर के साथ लाइट ग्रीन शर्ट और डार्क ग्रीन टाई आपको एक अलग ही लुक देगी। इसके अलावा आप चाहें तो टीशर्ट-जींस में भी इस रंग को स्टाइल से कैरी कर सकते हैं।

### हॉट रेड

पिछले कुछ सालों में फैशन जगत ने रंगों को लेकर नई परिभाषा गढ़ी है। इसका सीधा-सादा तात्पर्य यह है कि जो आपको पसंद हो, वो पहनें और बिंदास होकर पहनें। यही कारण है कि अब चटख रंग केवल लड़कियों या महिलाओं तक ही सीमित नहीं रह गए हैं। लड़के भी अब आसानी से तेज रंगों के ड्रेस में देखे जा सकते हैं। इसमें भी लाल रंग सबसे ऊपर है। दुल्हनों का तो यह सबसे पसंदीदा रंग रहा है। चाहे शिफॉन की साड़ी हो, सलवार सूट, इवनिंग गाऊन या फिर लहंगा युवतियां लाल रंग की दीवानी हैं। अब पुरुष भी आपको लाल शर्ट, कुर्ते, जूते और यहां तक कि ट्राउजर में भी दिखाई देने लगे हैं।

### कुछ अन्य कलर्स

इन प्रमुख रंगों के अलावा आप मल्टीकलर कॉम्बिनेशन तथा अन्य चटख रंगों का भी उपयोग कर सकते हैं। खासतौर पर त्यौहारों और पार्टी के समय चटख रंगों से आपका लुक बोल्ड हो जाता है। ड्रेस के अलावा एसेसरीज भी चटख कलर में पसंद किया जाने लगा है।



### सदाबहार यलो

भारतीय त्यौहारों और धार्मिक अनुष्ठानों में पीले परिधानों का बहुत अधिक महत्व है। इसमें गोल्डन यलो, लेमन तथा तेज पीले रंग का क्रेज ज्यादा है। इन्हें भी आप वेस्टर्न और ट्रेडिशनल दोनों तरह के परिधानों में पहन सकते हैं। वैसे पीला कलर बसंत के मौसम में अधिक पसंद किया जाता है।

### ब्यूटीफुल ब्लू

आंखों को ठंडक देने वाला यह रंग, खासतौर पर लड़कों की पहली पसंद होता है। शर्ट्स, कुर्ते, टीशर्ट से लेकर शॉर्ट्स तक आपको ब्लू के ढेर सारे शेड्स मिल जाएंगे, जो सभी को लुभाते हैं। आजकल रेडियम ब्लू, सी ब्लू, शॉकिंग ब्लू, डेनिम, इजिप्शियन ब्लू, टर्किश ब्लू, सफायर ब्लू आदि जैसे कई शेड्स डिजायनर ड्रेसेस और एसेसरीज में लोगों को लुभा रहे हैं।



# अपनी बॉडी के हिसाब से ही कैरी करें ड्रेस

हर कोई चाहता है वह सेलीब्रिटी की तरह दिखें। इसके लिए वह महंगे से महंगे कपड़े और एसेसरीज खरीदता है,लेकिन फिर भी नहीं मिल पाता है वह लुक, क्योंकि हर सेलीब्रिटी का सेंस ऑफ स्टाइल अलग होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप अपने बॉडी के हिसाब से ही कोई ड्रेस कैरी करें।

**स्टाइल** स्टेटमेंट एक सेलीब्रिटी को दूसरे सेलीब्रिटी से अलग करता है। यदि आप किस सेलीब्रिटी का लुक चाहती हैं तो पहले यह तय करें कि आप किस सेलीब्रिटी की तरह दिखना चाहती हैं। आपका बॉडी इमेज या हेयर स्टाइल जिस सेलीब्रिटी से मिलता हो, उसके स्टाइल को फॉलों करें।

### जानकारी है जरूरी

आपने जिस सेलीब्रिटी को चुना है। उसके बारे में जानकारी हासिल करें। उसके स्टाइल के बारे में पता करने के लिए उसके कपड़े, उसके हेयर कट, कपड़ों का रंग को कॉपी करने की कोशिश करें। एक सेलीब्रिटी की तरह वार्डरोब बनाना तो मुश्किल है, लेकिन उससे मिलता-जुलता वार्डरोब जरूर बनाया जा सकता है। उसके जैसे आउटफिट्स का चुनाव करें। पार्टियों में वह किस तरह के कपड़ों में जाते हैं, उनके बोलने-चालने का अंदाज क्या है आदि के बारे में जानकारी हासिल करें और उन्हें अपना स्टाइल आइकॉन बनाएं।

### ब्रांडेड कपड़े पहनें

हर सेलीब्रिटी के डिजाइनर अलग होते हैं और वे डिजाइनर द्वारा बनाए गए कपड़े ही पहनते हैं। सेलीब्रिटी लुक चाहिए तो आपको भी ब्रांडेड कपड़ों का चुनाव करना पड़ेगा, क्योंकि साधारण कपड़े आपके सेलीब्रिटी लुक की इमेज को खराब कर सकते हैं।

### एसेसरीज भी हो खास

एसेसरीज सेलीब्रिटी लुक के लिए बहुत मायने रखता है। हर सेलीब्रिटी का ट्रेडमार्क होता है। वे एसेसरीज का ट्रेडमार्क देखकर ही पहनते हैं। उनके ट्रेडमार्क के अनुरूप ही एसेसरीज का चयन करें। आपके इस अंदाज से एक समय के बाद सेलीब्रिटी की तरह लोग, आपको भी सेंस ऑफ स्टाइल के कारण पहचानने लगें।



घर को संभालने वाली और मां की संपूर्ण जिम्मेदारियां संभालने वाली महिलाओं के कार्य की कीमत आज तक कोई नहीं लगा पाया है। कहने को तो हाउसवाइफ की नौकरी-व्यवसाय के नजरिए से कोई स्थान नहीं है।

# कामकाजी महिलाओं व पुरुषों से अधिक काम करती हैं घरेलू महिलाएं

**समझा** जाता है कि इन घरेलू महिलाओं की समाज के आर्थिक उत्थान में कोई भूमिका नहीं होती है और उन्हें बेरोजगार की श्रेणी में समझा जाता है। लेकिन घरेलू महिला अन्य कामकाजी महिलाओं व पुरुषों से कई गुना अधिक काम करती हैं और वह भी बिना वेतन के।

- एक महिला जो मां होती है, वह घर और बच्चों को संभालने में 70 घंटे हर हफ्ते लगी रहती हैं वह भी बिना अवकाश और वेतन लिए। उनके इस योगदान के लिए कितना वेतन होना चाहिए, इस बात को लेकर परिवारों का सर्वे किया गया। शोधकर्ताओं ने सर्वे के आधार पर यह गणना की कि घर में कड़ी मेहनत करने वाली मां को 37 हजार पाउंड यानी तकरीबन 27 लाख रुपए सालाना वेतन के रूप में मिलना चाहिए। इस सर्वे में यह बात जाहिर हो गई है कि एक जूनियर डॉक्टर से भी ज्यादा लंबी शिफ्ट होती है मां की, यानी दस घंटे से भी अधिक। छह में से केवल एक महिला इस बात को स्वीकार करती हैं कि वह अपनी इस लाइफस्टाइल से खुश है।
- मां का सबसे ज्यादा समय घर की साफ-सफाई और खाना पकाने में खर्च होता है। इसी के साथ अपने बच्चों को संभालने और कपड़े धोने में वक्त चला जाता है। सुबह बच्चों को उठाने और स्कूल के लिए तैयार करने में एक मां को 55 मिनट लग जाते हैं और इतना ही समय उन्हें रात में सुलाने में खर्च होता है। यह सर्वे तीन हजार महिलाओं पर किया गया, जिनके बच्चे 16 वर्ष से कम उम्र के थे।

# शुरुआती स्तर पर ही करें रिटायरमेंट की प्लानिंग

हर किसी के लिए रिटायरमेंट का मतलब अलग-अलग होता है। कुछ लोगों के लिए यह रोज की जद्दोजहद भरी जिंदगी के बाद सुखमय जीवन बिताने का मौका है। वहीं कुछ लोग इसे भयावह और अनिश्चित जिंदगी के तौर पर देखते हैं। रिटायरमेंट को सुखमय बनाने के लिए पहले से ही योजना बना कर चलना जरूरी होता है। आदर्श तरीका यह है कि आप शुरुआती स्तर पर ही इसकी प्लानिंग करें।

### सही निवेश की योजना

यदि आप सरकारी नौकरी से रिटायर होते हैं तो पैसे का सही जगह निवेश करने का जरूर प्लानिंग करें। अपने पास पूंजी जमा करने के बाद एक अहम काम करना जरूरी है- अपने प्रियजनों के लिए संपत्ति का बंटवारा करना। जीवित रहते हुए वसीयत ना बनवाने से आपके जाने के बाद प्रियजनों और सगे-संबंधियों को आपकी मर्जी के मुताबिक संपत्ति मिलना मुश्किल हो सकता है। ऐसे कई सारे मामले हैं, जहां संपत्ति बंटवारा ने खुशहाल परिवार को परेशानी की दलदल में फंसा दिया।

### फायदेमंद है इंश्योरेंस प्लान

न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी जैसे कई बीमा कंपनियां सीनियर सिटिजन को ध्यान में रखकर कई इंश्योंरेंस प्लान चला रखी है। बस आप में अपने पैसे को सही तरीके से निवेश करने की आदत और कौशल होनी चाहिए। बीमा प्लान लेने से आकस्मिक दुर्घटना से कवर मिलने के साथ-साथ आर्थिक मजबूती मिलती है।

### नई जगह निवेश से बचें

रिटायरमेंट के बाद बची पूंजी को शेयर बाजार और कमोडिटी मार्केट में लगाना आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से बेहतर नहीं माना जा सकता है। 60 साल के बाद नया कारोबार शुरू करने के लिए रिटायरमेंट फंड का इस्तेमाल करना भारी जोखिम भरा है। यदि आप चाहें तो बची पूंजी बैंक में जमा कर सकते हैं। इससे मिलने वाली ब्याज आपके लिए पेंशन का काम करेगी।

### टाइम प्लानिंग

बहुत से लोग रिटायरमेंट के बाद परेशान हो जाते हैं कि आखिर वे अब क्या करें। खाली समय के लिए प्लानिंग नहीं होने की वजह से वे अकेलापन महसूस करते हैं। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि आप खुद किसी ऐसे काम में लगाएं, जहां आप स्वयं को व्यस्त रख सकें। मसलन सोशल वर्क के बारे में सोचें। इसके माध्यम से आपका समय व्यतीत हो जाएगा।






### हेल्थ पर विशेष ध्यान

अगर आपने हेल्थ इंश्योरेंस करा रखा है तो आपकी रिटायरमेंट के बाद जिंदगी बेफ्रिक भरी हो सकती है। लेकिन अगर आपने आपने नौकरी के दौरान इसकी योजना नहीं बनाई है तो अपने हेल्थ का जरूर ध्यान रखें। समय-समय पर डॉक्टरों से मिलकर अपने स्वास्थ्य का जरूर चेकअप करते रहें। अक्सर इस उम्र में लोग कई बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। रोजाना कुछ तंदुरुस्ती आदतों को अपनी रूटीन में डालना बेहतर है।

# सब-इंस्पेक्टर शशिकांत समेत नौ पुलिसकर्मियों को मिला राष्ट्रपति मेडल

- लिस्ट में एडीजी से दारोगा तक शामिल

प्रातः नागपुरी संवाददाता



## सब-इंस्पेक्टर शशिकांत ने 400 केस का किया निष्पादन

शशिकांत, निगरानी ब्यूरो में दारोगा हैं। वे 1999 में बिहार पुलिस में कांस्टेबल पद पर बहाल हुए थे। जनवरी 2024 में सब-इंस्पेक्टर रैंक पर प्रोन्नति मिली। इन्होंने 400 से अधिक ट्रैप के मामलों का निष्पादन किया, जिसमें भ्रष्ट लोकसेवकों को रंगे हाथ घूस लेते पकड़ा गया। इसी उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिया गया है। मूलरूप से नालंदा जिला के हिलसा के रहने वाले हैं।



**पटना।** गणतंत्र पर उल्लेखनीय सेवा करने वाले बिहार के 9 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है। इसमें एडीजी (गृह-विशेष शाखा) केएस अनुपम और पटना के ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार को राष्ट्रपति की तरफ विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया है। कमांडेंट रहे और वर्तमान में कैमूर के एसपी हरिमोहन शुक्ला, पटना के एसपी (विधि-व्यवस्था) संजय कुमार, निगरानी एसपी मनोज कुमार, पटना निगरानी ब्यूरो में तैनात जय प्रकाश, संजीत कुमार एवं शशिकांत के अलावा वैशाली जिले में तैनात जमादार (एएसआई) अतिमेष कुमार उपाध्याय को सराहनीय सेवा पदक से नवाजा गया है। बिहार के जिन 9 अधिकारियों को सम्मानित किया गया है, उसमें चार अधिकारी निगरानी ब्यूरो के ही हैं। इनमें एसपी मनोज कुमार के अलावा तीन दारोगा जय प्रकाश, संजीत कुमार एवं शशिकांत शामिल हैं।

**एडीजी केएस अनुपम :** के. सुहिता अनुपम, बिहार कैडर की 1998 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। बिहार पुलिस में एडीजी रैंक की अधिकारी हैं। हालांकि मौजूदा पोस्टिंग गृह विभाग में बतौर विशेष सचिव के पद पर है। इनके पति एडीजी (सुरक्षा) अमृतराज भी बिहार कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं और अभी एडीजी (एसटीएफ) हैं। इससे पहले इन्हें 2008 में गैलेंटरी (वीरता) पुरस्कार और 2016 में राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक मिल चुका है। 2008 में उन्हें खगड़िया में हुए सामूहिक हत्याकांड के मामले में गैंग लीडर समेत सभी दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**एसपी मनोज कुमार :** मनोज कुमार, 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पटना में निगरानी ब्यूरो में एसपी हैं। निगरानी में उल्लेखनीय कार्रवाई करने के लिए सम्मानित किया गया है। मनोज कुमार ने 2004 में बीपीएससी की परीक्षा पास कर बिहार पुलिस सेवा में आए। प्रोन्नति पाकर 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी बने। वे मूल रूप से पटना के रहने वाले हैं। उन्होंने 1996 में पटना कॉलेज से पीजी की डिग्री प्राप्त की। स्कूली शिक्षा-दीक्षा भी पटना से हुई है।

**एसपी संजय कुमार :** संजय कुमार अभी पटना में एसपी (विधि-व्यवस्था) हैं। वे दिसंबर 2024 में आईपीएस कैडर में प्रोन्नत हुए हैं। 2005 में बीपीएससी पास कर डीएसपी बने। अलग-अलग पदों पर रहते हुए विधि-व्यवस्था संधारण में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। मूलरूप से अरवल जिला के सदर प्रखंड के भदासी गांव के हैं। स्कूली शिक्षा झारखंड के साहेबगंज स्थित सेंट जैवियर स्कूल से पूरी की।

**सब-इंस्पेक्टर संजीत कुमार :** संजीत कुमार, निगरानी ब्यूरो में दारोगा हैं। वे 1997 में कांस्टेबल के पद पर बिहार पुलिस में बहाल हुए। इसके बाद 2017 में जमादार (एएसआई) तथा 2023 के जून में दारोगा (सब-इंस्पेक्टर) बने। इन्हें निगरानी में उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया है। वे मूल रूप से पटना जिला के मोकामा के गुरुदेव टोला के रहने वाले हैं।

**सब-इंस्पेक्टर जयप्रकाश :** जयप्रकाश, निगरानी ब्यूरो में दारोगा हैं। वे 1992 में बिहार पुलिस में कांस्टेबल के पद पर बहाल हुए। 2016 में एएसआई और 2023 में सब-इंस्पेक्टर (दारोगा) बने। मूलरूप से भोजपुर के बड़हरा थाना के खबसपुर गांव के रहने वाले हैं। निगरानी ब्यूरो के कई विशेष कार्रवाई में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। पटना के जगदेव पथ मोहल्ले में मौजूद एक अपार्टमेंट से पुल निर्माण निगम के कटिहार डिविजन में तैनात कार्यपालिक अभियंता अरविंद कुमार को 16 लाख रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। अरविंद कुमार ने लाखों रुपये को जलाकर टॉयलेट के फ्लैश में बहा दिया था। इस विशेष ऑपरेशन में एसआई जयप्रकाश की अहम भूमिका रही है।

**अनिल कुमार :** ट्रैफिक डीएसपी-2 अनिल कुमार जहानाबाद के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वर्ष 2015 में सराहनीय कार्य के लिए भी पदक मिल चुका है। वर्ष 1994 में सार्जेंट के पद पर चयन हुआ था। वर्ष 2012 में वे मेजर बने। इस दौरान उन्होंने रांची, धनबाद, गिरिडीह, भागलपुर, दरभंगा, रोहतास में सेवाएं दीं। वर्तमान में पटना ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत हैं। इनके सुझाव पर वरीय अधिकारियों ने राजापुर पुल, बोरिंग रोड चौराहा और नेहरू पथ सहित कई जगहों पर यातायात में बदलाव किया। इसका फायदा वाहन चालकों को मिला।

# सीतामढ़ी में घूस लेते दबोचा गया रिश्वतखोर राजस्व कर्मी

- निगरानी विभाग ने 51 हजार रुपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सीतामढ़ी।** निगरानी विभाग की टीम ने बिहार के सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत पुपरी अंचल के राजस्व कर्मचारी सह प्रभारी अंचल निरीक्षक भोगेन्द झा को 51,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई गयी थी। बताया था कि दाखिल खारिज करने के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही है। विभाग ने अपने स्तर से इसका पता किया। इसमें रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया। इसी आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

**पटना ले गयी निगरानी टीम :** सोमवार की सुबह निगरानी की टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही पीड़ित ने राजस्व कर्मी को रिश्वत दी, तभी टीम ने उसे दबोच लिया। उसे गिरफ्तार कर अपने साथ पटना लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि राजस्व कर्मी से पटना में पूछताछ की जायेगी। विदित हो कि कुछ माह पूर्व निगरानी विभाग ने मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी अंचल के तत्कालीन सीओ पंकज कुमार को भी 20 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## गणतंत्र दिवस पर शान से फहराया तिरंगा



**मढ़ौरा ( सारण)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मढ़ौरा चीनी मिल के मैदान में आयोजित राजकीय समारोह में एसडीएम डॉ प्रेरणा सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इसके पूर्व एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह और डीएसपी नरेश पासवान ने परेड और मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। एसडीओ आवास सह गोपनीय शाखा और एसडीओ कार्यालय पर एसडीएम डॉ. प्रेरणा सिंह, एसडीपीओ आवास सह गोपनीय शाखा पर डीएसपी नरेश पासवान, प्रखंड कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी, नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन रूबी सिंह, अम्बेदकर पार्क पर विधायक जितेन्द्र कुनार राय, शहीद स्मारक पर कांग्रेस अध्यक्ष लालबाबू गिरि, थाना परिसर में थानाध्यक्ष इस्पेक्टर मूकेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया। रेफरल अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण चंद, हाई स्कूल शिल्हौड़ी में भूमिदाता परिवार के अनिल कुमार राय, राजकीय पोलिटेक्निक कॉलेज में प्रचार्य प्रो.अनिल सिंह, सरकारी आईटीआई पर प्रचार्य दीपक कुमार, व्यापार मंडल और केन यूनियन भवन पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष परमात्मा राय, शिल्हौरी पैक्स गोदाम पर पैक्स अध्यक्ष अभिषेक राय, भावलपुर में मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन सिंह, भुआलपुर में आरटीपीएस सेंटर पर मुखिया कुसुम देवी, हथिसार में मुखिया मुन्द्रिका प्रसाद यादव, मुबारकपुर में मुखिया सुनिल कुमार, बरदहिया पैक्स गोदाम पर नागेन्द्र राय, हसनपुरा पैक्स गोदाम पर पवन सिंह, अगहरा ग्राम कचहरी पर सरपंच निलम देवी ने झंडोत्तोलन किया। इसके अतिरिक्त प्रखंड के सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस को लेकर उल्लास दिखा।

# बिहार के एक ही परिवार के चार लोगों की दुर्घटना में मौत

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**पटना।** यूपी के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में स्नान करने के बाद घर लौट रहे बिहार के चार लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दरअसल, मोतिहारी के रहने वाले एक परिवार के चार लोग स्नान करने के बाद कार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई, जिसमें चारों की दर्दनाक मौत हो गई।

**एक ही परिवार के चार लोगों की मौत :** मृतकों में एक ही परिवार के पति, पत्नी और दो मासूम बच्चे शामिल हैं। सभी की मौके पर मौत हो गई। घटना उत्तर प्रदेश के फतेहाबाद थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई। सभी मृतक मोतिहारी के पिरारी गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद परिवार में हाहाकार मचा हुआ है और सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। रिपोर्ट के मुताबिक जिस वक्त यह हादसा हुआ उस समय कार और ट्रक की रफ्तार इतनी तेज थी कि वो डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी तरफ से आ रही एक ट्रक से टकरा गई और लगभग बीस फीट तक ट्रक के साथ घिसटती चली गई। घटना रात्रि करीब एक बजे के आसपास हुई।

**महाकुंभ मेले में स्नान के लिए सपरिवार गये थे ओमप्रकाश**



**दिल्ली में रहता था मृतक का पूरा परिवार :** मृतक ओमप्रकाश पेशे से चार्टर अकाउंटेंट थे। वो दिल्ली के उत्तम नगर में अपने परिवार के साथ रहते थे और तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी पढ़ाई मोतिहारी के गुरुकुलम में हुई उसके बाद उन्होंने पटना और दिल्ली में आगे की पढ़ाई की थी। उनकी शादी मुंगेर के जमालपुर की रहने वाली पूर्णिमा से साल 2015 में हुई थी और वो दिल्ली में ही रहकर नौकरी करते थे। घटना के बाद पूरे परिवार में सन्नाटा पसरा हुआ है। उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के बाद उनकी मां की स्थिति काफी खराब है।

## मोतिहारी में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पूर्वी चंपारण।** जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र से एक 26 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटका बरामद किया गया है। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के गोढवा पंचायत के बासमनपुर अगरवा गांव की है। मृतक बीरेंद्र प्रसाद के बेटे संजीव कुमार है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन में कोहराम मचा हुआ है,जबकि पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है।

# पेपर लीक माफिया संजीव मुखिया के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**पटना।** नीट व शिक्षक भर्ती समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक का मुख्य सरगना संजीव मुखिया के खिलाफ कोर्ट ने वारंट जारी कर दिया है। इसके साथ ही आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) ने संजीव मुखिया की गिरफ्तारी को लेकर उसकी तलाश तेज कर दी है। कुछ दिनों पहले तक उसके नेपाल में छिपे होने की सूचना मिली थी। इसको देखते हुए अलग-अलग टीम लगायी गयी है। अगर एक महीने में उसकी गिरफ्तारी नहीं होती है, या वह खुद आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो इश्तेहार तामिला करते हुए उसके घर की कुर्की-जब्ती की जायेगी।



**इओयू ने गिरफ्तारी का प्रयास किया तेज :** नालंदा का रहने वाला संजीव मुखिया की इओयू को लंबे समय से तलाश है। पिछले कई प्रतियोगी परीक्षाओं में उसके प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल होने की बात आयी है। वह नालंदा के ही नूरसराय वानिकी कालेज में वह तकनीकी सहायक के पद पर तैनात था। पद पर रहते हुए उसने अपने बेटे डा। शिव के साथ मिलकर पेपर लीक और परीक्षा में धांधली का बड़ा नेटवर्क तैयार किया। उसका बेटा सिपाही बहाली पेपर लीक मामले में अभी जेल में बंद है।

**मुखिया के संबंधित ठिकानों पर छापेमारी :** गौरतलब है कि संजीव मुखिया के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज करते हुए इओयू की टीम ने उसके घर समेत अन्य संबंधित ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में निवेश से लेकर जमीन-जायदाद के कागजात बरामद किये गये थे। इस मामले की जांच फिलहाल चल रही है।

# सारण में सड़क सुरक्षा पर गहन मंथन सांसद रुडी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

- एनएच पर अवैध निर्माण, बालू-गिट्टी भंडारण और जानवरों की आवाजाही रोकने पर चर्चा
- सड़क सुरक्षा नियमों का सख्त पालन, हेलमेट-सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग और गति सीमा पर जोर
- ओवरस्पीडिंग वाहनों की निगरानी, नाबालिग चालकों के खिलाफ कार्रवाई व दुर्घटना-प्रवण स्थलों की पहचान पर बल

प्रातः नागपुरी संवाददाता




छपरा (सारण)। सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार, सारण में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष श्री रुडी को राष्ट्रीय उच्च पथों (एनएच) के किनारे अवैध निर्माण, ईंट, बालू और गिट्टी आदि के अवैध भंडारण, और नीलगाय एवं अन्य जानवरों के मूवमेंट से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही, पिछले दो वर्षों में इस संबंध में की गई कार्रवाई का संपूर्ण विवरण भी अधिकारियों द्वारा बैठक में प्रस्तुत किया गया।

बैठक में सांसद और समिति के अध्यक्ष राजीव प्रताप रुडी ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1,78,000 लोगों की जान जाती है, जिनमें से 60 प्रतिशत पीड़ित 18-34 वर्ष की आयु वर्ग के होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। दुनिया भर में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में 11 प्रतिशत भारत में होती हैं। बैठक में सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त अनुपालन, हेलमेट और सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा का पालन, और ट्रैफिक नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने पर जोर दिया गया।

बैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं सारण के जिलाधिकारी अमन समीर, उप मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल बिहार विधानसभा जनक सिंह, सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह उपस्थित थे। इसके साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी, थानाध्यक्ष, अंचल अधिकारी, डीएफओ, रेंजर्स, जिला होमगार्ड अधीक्षक, आरसीडी, आरडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई, एनएच डिवीजन के कार्यपालक अभियंता, जिला परिवहन पदाधिकारी, चालक संघ के अध्यक्ष समेत संबंधित अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में ओवरस्पीडिंग, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग शामिल हैं। इनसे निपटने के लिए नाबालिग चालकों पर कार्रवाई, ओवरस्पीडिंग वाहनों की निगरानी, और दुर्घटना-प्रवण स्थलों पर सुधारात्मक कदम उठाने की बात कही गई।

बैठक में जिलाधिकारी, एनएचएआई, आरडब्ल्यूडी, आरसीडी, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में अवैध निर्माण, बालू और गिट्टी के भंडारण, और जानवरों की आवाजाही पर रोकथाम के निर्देश दिए गए। गुड समैरिटन की पहचान और सड़क सुरक्षा में नई तकनीकों के उपयोग पर भी चर्चा की गई।

सांसद ने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए। जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने पर भी बल दिया गया।

## पेज एक का शेष

### वक्फ संशोधन विधेयक...

पाल ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों ने विधेयक की सभी 44 धाराओं में सैकड़ों संशोधन प्रस्तावित किए थे, लेकिन उन्हें मतदान के जरिए खारिज कर दिया गया। समिति द्वारा प्रस्तावित महत्वपूर्ण संशोधन यह है कि वर्तमान कानून में मौजूद 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर मौजूदा वक्फ संपत्तियों को चुनौती नहीं दी जा सकती, अगर इन संपत्तियों का उपयोग धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा हो।

### उत्तराखंड में...

यूसीसी में सभी धर्मों में पुरुषों और महिलाओं के लिए समान शादी की उम्र, तलाक के आधार और प्रक्रियाएं तय की गईं हैं, जबकि बहुविवाह और हलाला पर बैन लगाया गया है। सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड जज रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति गठित की गई थी, जिसने लगभग डेढ़ वर्ष में कई वर्गों से बातचीत के आधार पर चार भाग में तैयार अपनी रिपोर्ट 2 फरवरी 2024 को राज्य सरकार को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर 7 फरवरी 2024 को विधानसभा के विशेष सत्र में यूसीसी विधेयक पास हुआ और उसके एक महीने बाद 12 मार्च 2024 को राष्ट्रपति ने भी उसे अपनी मंजूरी दे दी।

### झारखंड में 48...

राज्य में रिक्त पदों पर नियुक्ति की चल रही प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि विभिन्न कोटि के लगभग 48 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए अधियाचना झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है, जिसमें से 46 हजार पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जा चुका है। इनमें से 5 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और 28 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई अंतिम चरण में है। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 11वीं-13वीं सिविल सेवा परीक्षा की प्रक्रिया भी अंतिम चरणों में है, जल्द ही 342 पदों पर नियुक्ति हेतु परीक्षाफल प्रकाशित किए जाएंगे।

सीएम सोरेन ने कहा कि राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाने हेतु कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के निमित्त मुख्यमंत्री सारथी योजना चलाई जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत लगभग 4 लाख 84 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2 लाख 14 हजार प्रशिक्षित युवाओं को जॉब ऑफर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माताओं की परिकल्पनाओं के अनुसार लोगों से ऐसे राष्ट्र और राज्य के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया, जहां हर व्यक्ति का अधिकार सुरक्षित हो, सबको विकास का समान अवसर प्राप्त हो और कमजोर से कमजोर व्यक्ति की आवाज भी सत्ता के उच्चतम स्तर तक पहुंच सके।

### पीएम किसान की...

**कृषि मंत्री ने दी जानकारी :** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं बिहार के कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री को बहुत बधाई देता हूं। यहां कृषि और किसानों के लिए बहुत अच्छा काम हो रहा है। प्रधानमंत्री 24 फरवरी को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वितरण के लिए बिहार पधारेंगे।

फार्मर रजिस्ट्री जरूरी : भारत सरकार द्वारा फैसला लिया गया है कि दिसंबर 2024 से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का फायदा बिना फार्मर रजिस्ट्री कराये किसानों को देय नहीं होगा। अगर आपको पीएम किसान योजना का लगातार फायदा लेना है, तो अब इसके लिए आपको फार्मर रजिस्ट्ररी करानी होगी। फार्मर रजिस्ट्री कराने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2025 है।

ई-केवाईसी अनिवार्य : रजिस्टर्ड किसानों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। ओटीपी आधारित ई-केवाईसी पीएम किसान पोर्टल पर किया जा सकता है। साथ ही नजदीक के सीएससी सेंटर्स में बायोमैट्रिक के जरिए ई-केवाईसी कराया जा सकता है।

### मोरहाबादी मैदान में...

44 अधिकारियों-कर्मियों को पदकों से किया अलंकृत : संतोष गंगवार ने इस अवसर पर राज्य के 44 अधिकारियों-कर्मियों को पदकों से अलंकृत किया। सराहनीय सेवा के लिए 23 अधिकारियों, कर्मियों को व वीरता के लिए मिले छह अधिकारियों-कर्मियों के पदक शामिल हैं। वहीं, 15 अधिकारियों-कर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्री विशिष्ट ऑपरेशन पदक से सम्मानित किया गया।

### घर में ब्लास्ट...

उमेश दास ने बताया कि सभी रात में सोए हुए थे। इस दौरान पानी गिरने की आवाज आई। देखने पर मालूम हुआ कि वह पानी नहीं, बल्कि पेट्रोल था। घर के नीचे चारों ओर भारी मात्रा में पेट्रोल फैला हुआ था। बाहर से घर का दरवाजा बंद था। इसलिए कोई भी बहार नहीं निकल सका। ज्यादा वक्त नहीं लगा, इतने में आग लग गई। किसी ने बाहर से माचिस जलाकर फेंका। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। फिर अचानक से ब्लास्ट हुआ। धमाका इतना तेज था कि घर की छत दीवारों से अलग हो गई और पूरा घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गांव वाले पहुंचे और फिर बाहर निकाला।

उमेश दास ने बताया कि इस हादसे में उनकी सास बेदानी देवी की मौत हो गई है, जबकि पत्नी सबिता देवी और ससुर टुकून रविदास और छोटा बेटा सन्नी बुरी तरह झुलस गए। सबिता देवी और तुकुन रविदास को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। सन्नी की भी स्थिति ठीक नहीं है। वहीं एक और बेटा संदीप कुमार और बेटी लक्ष्मी कुमारी एसएनएमएमसीएच में भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। उमेश दास भी बुरी तरह झुलस गए हैं। उमेश दास ने बताया कि उनके सास और ससुर कोलकाता में रहते हैं। शुक्रवार को ही दोनों उनके घर पहुंचे थे। सास बेदानी की मौत हो गई है, जबकि ससुर तुकुन की स्थिति नाजुक है। उन्होंने बताया कि हमारा किसी के साथ कोई विवाद नहीं है।

### गृह मंत्री शाह...

उन्होंने माला अर्पित कर स्वामी जी को सम्मानित भी किया।

**अमित शाह और सीएम योगी पहुंचे स्वामी अवधेशानंद के आश्रम :** गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ में स्वामी अवधेशानंद जी के आश्रम का दौरा किया। दोनों ने संतों के साथ जलपान किया और कुंभ की तैयारियों पर चर्चा की।

**महाकुंभ की तैयारियों से प्रभावित किरेन रिजिजू :** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू भी महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ 2025 की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि सभी इंतजाम बेहतरीन हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश प्रशासन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी। बजट सत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी दल इसमें सक्रिय चर्चा करें।

**महाकुंभ में टीवी की रामायण के राम का संगम स्नान :** टीवी की रामायण के राम और भाजपा सांसद अरुण गोविल भी महाकुंभ पहुंचे। उन्होंने महाकुंभ को अद्वितीय आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी का जल अमृत के समान है और इसे पाना सौभाग्य की बात है। उन्होंने नौजवान पीढ़ी के धर्म और आध्यात्म से जुड़ने की इच्छा पर भी प्रसन्नता जताई।

**ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की महाकुंभ के लिए अपील :** मथुरा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने महाकुंभ को लेकर अपील जारी की है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, 'यह सभी सनातन धर्म के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रयागराज में 144 साल बाद महाकुंभ हो रहा है। 27 जनवरी से देवकीनंदन ठाकुर जी के नेतृत्व में धर्म संसद बुलाई गई है, जिसमें सनातन बोर्ड के गठन और सनातन धर्म की रक्षा पर चर्चा की जाएगी। आप सभी से निवेदन है कि आप सब इसमें जरूर शामिल हो।'

**महाकुंभ में उठी सनातन बोर्ड की मांग :** महाकुंभ में सोमवार को कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के नेतृत्व में धर्मसंसद का आयोजन शुरू हुआ। जहां देवकीनंदन ठाकुर ने एक बार फिर सनातन बोर्ड की मांग उठाई। इससे पहले मथुरा की भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी ने एक वीडियो जारी कर देवकी नंदन ठाकुर के नेतृत्व में धर्मसंसद की जानकारी दी थी।

**महाकुंभ के चलते अयोध्या में भी भक्तों का सैलाब :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के चलते अयोध्या में भी जबरदस्त भीड़ है। देश भर से जो लोग कुंभ में स्नान करने आ रहे हैं, उसके बाद अयोध्या और वाराणसी भी जा रहे हैं। अयोध्या की सड़कें और गलियां भक्तों से भरी हुईं हैं. पिछले सारे रिकॉर्ड टूटते हुए नजर आ रहे हैं।

### अगले मुख्य चुनाव...

**सेवानिवृत्त हो रहे राजीव कुमार :** अब तक जब भी मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त सेवानिवृत्त होते थे, तो वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त को सीईसी के पद पर नियुक्त किया जाता था। लेकिन पिछले साल मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के लिए एक नया कानून लागू हुआ है। इसके तहत एक खोज समिति पांच सचिव स्तर के अधिकारियों के नामों का चयन करेगी, जिन्हें बाद में सीईसी और ईसी के रूप में नियुक्त करने के लिए विचार किया जाएगा। सीईसी राजीव कुमार 18 फरवरी को 65 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपने पद से सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी आज...

**साढ़े तीन बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे प्रधानमंत्री :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साढ़े तीन बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जो खेलों के शुभारंभ से पहले महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में ऋषिकेश-हरिद्वार, शारदा कॉरिडोर और बदरीनाथ-केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

**मेजबान टीम से सबसे अधिक 1016 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम :** उत्तराखंड में पहली बार होने जा रहे राष्ट्रीय खेलों में मेजबान टीम से सबसे अधिक 1016 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। जबकि देश के सबसे छोटे संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप से मात्र दो खिलाड़ी राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा होंगे। खेलों में देश के 28 राज्य एवं विभिन्न केंद्र शासित प्रदेशों के 11340 खिलाड़ी दमखम दिखाएंगे। राष्ट्रीय खेलों में कई स्पर्धाएं रात में भी होंगी। एथलेटिक्स में सबसे अधिक 700 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

**इन राज्यों के इतने खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग :** राष्ट्रीय खेलों में आंध्र प्रदेश से 294, अंडमान व निकोबार से 28, अरुणाचल प्रदेश से 43, असम 301, बिहार 196, चंडीगढ़ से 205, छत्तीसगढ़ से 294, दादर एवं नागर हवेली से 13, दिल्ली से 633, गोवा से 172, गुजरात से 354, हरियाणा से 207, जम्मू-कश्मीर से 47, झारखंड से 201, कर्नाटक से 681, केरल से 596, मध्य प्रदेश से 472, महाराष्ट्र से 822, मणिपुर से 387, मेघालय से 53, मिजोरम से 74, नागालैण्ड से 10, ओडिशा से 423, पांडुचेरी से 56, पंजाब 479, राजस्थान 511, सिक्किम 33, तमिलनाडु 624, त्रिपुरा 20, उत्तर प्रदेश 393, पश्चिम बंगाल 411, तेलंगाना 282, लद्धाख सात, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड से 437 खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

# महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व के लिए मेला प्रशासन ने कसी कमर, 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

**महाकुंभनगर (एजेंसी)।** संगम की रेती पर उमड़ रहे जनसैलाब के बीच मेला प्रशासन ने 29 जनवरी को महाकुंभ के तीसरे स्नान पर्व मौनी अमावस्या के लिये चाक चौबंद इंतजाम किये हैं। मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस की हरसंभव कोशिश है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। संगम तटों पर बैरिकेडिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है ताकि भीड़ नियंत्रण में रहे। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए हर सेक्टर और जोन में विशेष व्यवस्था की गई है। इस दौरान किसी भी तरह का प्रोटोकॉल लागू नहीं होगा। संगम नोज पर अत्यधिक भीड़ जमा न हो, इसके लिए इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर मॉनिटरिंग करेगा। भीड़ वाले इलाकों में त्वरित कार्यवाही के लिए विशेष दल तैनात किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर खास निगरानी की जा रही है। साथ ही, अराजक और



संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।

मेला क्षेत्र में अतिक्रमण कर लगाए गए अवैध दुकानों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। निरंतर कारवाई भी की जा रही है, जिससे श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा के लिए साफ और चौड़ी सड़कें उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वच्छता कर्मियों को साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी पार्किंग क्षेत्रों को सक्रिय कर दिया गया है, जहां श्रद्धालुओं को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। ट्रैफिक प्लान के अनुसार पहले सबसे पास की पार्किंग में वहां पार्क कराए जाएंगे और इसके बाद दूसरी पार्किंग को उपयोग में लाया जाएगा। 2000 से अधिक नए साइनेज लगाए गए हैं ताकि लोग सही दिशा में आसानी से जा सकें।

श्रद्धालुओं को मेला का आधिकारिक चैटबॉट डाउनलोड करने की अपील की गई है। यह चौटबॉट श्रद्धालुओं को हर तरह की जानकारी देगा, जिससे उनकी यात्रा और भी सुविधाजनक होगी। इसके साथ ही गूगल नेविगेशन और पुलिसकर्मी भी श्रद्धालुओं को सही राह दिखाएंगे। शनिवार और रविवार की छुट्टी का असर महाकुंभ में साफ देखने को मिल रहा है। हर दिशा से श्रद्धालु संगम की ओर बढ़ रहे हैं। रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप और हाइवे पर श्रद्धालुओं का सैलाब देखा जा सकता है। पिछले दो दिनों (शुक्रवार और शनिवार) में ही सवा करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में स्नान किया है।

## हमारे पूर्वजों की इच्छानुसार पूरे देश में लागू होना चाहिए समान नागरिक संहिता : सुकांत मजूमदार

कोलकाता। समान नागरिक संहिता को लेकर भाजपा सांसद और पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने बात की। उन्होंने कहा, देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए, जैसा कि हमारे पूर्वजों ने सपना देखा था। हमारे संविधान में इसके बारे में लिखा है कि यह देश लोगों में पंथ, जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता है। हालांकि, अभी देश में यूसीसी लागू नहीं है, लेकिन सोमवार को उत्तराखंड इतिहास रचने वाला है। दरअसल, उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जहां यूसीसी लागू किया जाएगा। सोमवार से देवभूमि में यूसीसी लागू किया जाएगा। इस लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने पोस्ट में लिखा, संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप राज्य में समानता, न्याय और एकता को सुनिश्चित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हुए हम प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में राज्य के सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार और अवसर प्रदान करने के लिए समान नागरिक संहिता कानून लागू करने जा रहे हैं। समान नागरिक संहिता न केवल पूरे राज्य में लागू होगी, बल्कि यह राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के लोगों पर भी लागू होगी।




## गुरुग्राम में मानेसर पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा

गुरुग्राम । गुरुग्राम के मानेसर थाना पुलिस ने तीन बांग्लादेशियों को पकड़ा है। उनके पास से बंगाल के आधार कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि इन्होंने 8000 रुपये में फर्जी आधार कार्ड बनवाए थे। तीनों भाई-बहन हैं। डेढ़ साल पहले भारत आए थे यह पहले महाराष्ट्र में रहे। डेढ़ माह पहले ही यह गुरुग्राम आए और मानेसर में एक किराए के मकान में रह रहे थे। यहां पर एक युवती स्पा में काम कर रही थी। मानेसर चौराहे पर घूमते हुए युवती की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवती को पकड़कर पूछताछ की तब जाकर युवती की पहचान उजागर हुई। उसके बाद उसकी एक बहन और भाई को भी पुलिस ने पकड़ा लिया। तीनों से पूछताछ चल रही है। इसकी जानकारी जिला प्रशासन और गृह मंत्रालय को भी भेजी गई है।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल को दोषी ठहराया गया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को पिछले महीने विद्रोह का नेतृत्व करने के आरोप में कल दोषी ठहराया गया। वह अल्पकालिक मार्शल लॉ की घोषणा करने के बाद आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। येओल महाभियोग का भी सामना कर रहे हैं। पूर्व रक्षामंत्री और कई सैन्य जनरलों और पुलिस प्रमुखों को भी हाल ही में दोषी ठहराया जा चुका है। इन सभी पर येओल को अपराध करने में मदद करने का आपराधिक आरोप है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, अभियोजकों ने येओल को औपचारिक रूप से दोषी ठहराया है। येओल 26 जनवरी को संवैधानिक न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। संवैधानिक न्यायालय इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या संसदीय महाभियोग वैध था और क्या उन्हें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति पद से हटा दिया जाना चाहिए। जनमत सर्वेक्षणों में अधिकांश दक्षिण कोरियाई नागरिक महाभियोग को मंजूरी देने के पक्ष में हैं। द कोरिया टाइम्स की खबर के अनुसार, येओल को मार्शल लॉ घोषणा की विफलता से जुड़े विद्रोह का नेतृत्व करने के आरोप में रविवार को दोषी ठहराया गया। इसी के साथ वह हिरासत और औपचारिक रूप से गिरफ्तार किए जाने वाले पहले मौजूदा राष्ट्रपति बन गए। 19 जनवरी को उच्च पदस्थ अधिकारियों के लिए भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) ने उन्हें अदालत के आदेश पर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया था। हिरासत अवधि समाप्त होने से ठीक एक दिन पहले अभियोजकों ने उन्हें दोषी ठहराया।

## महिला की हत्या कर शव को जलाया, गाड़ी नंबर से आरोपी तक पहुंची पुलिस

नई दिल्ली। गाजीपुर में एक महिला का जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। महिला को एक सूटकेस के अंदर रखकर जला दिया गया था। जांच में पुलिस को मालूम हुआ कि महिला की गला दबाकर हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने के लिए शव को जला दिया गया था। सीसीटीवी में रिकॉर्ड गाड़ी नंबर के जरिए पुलिस आरोपी के पास पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी अमित तिवारी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 25 जनवरी को आरोपी ने महिला को खोड़ा कालोनी के घर में गला दबाकर मार डाला था। इसके बाद महिला की लाश को ठिकाने लगाने के लिए महिला के एक सूटकेस में डाला और फिर गाजीपुर में ले जाकर सूटकेस सहित आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि अमित का साथी उसके साथ ही खोड़ा कॉलोनी में रहता था। बता दें कि हत्या के बाद लाश को छुपाने के लिए सूटकेस का प्रयोग करने का ये कोई पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी इसतरह के कई मामले सामने आए हैं। बीते साल अगस्त में मुंबई से ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। दो मूक-बधिर (डीफ एंड डम्ब) दोस्तों ने मिलकर अपने तीसरे साथी की हत्या कर दी थी। मृतक भी मूक-बधिर था। मामले का खुलासा तब हुआ, जब हत्या को अंजाम देने के बाद एक आरोपी को आरपीएफ ने शक के आधार पर गिरफ्तार किया।

## कश्मीर में ठंड और बर्फबारी का कहर जारी, एक से पांच फरवरी तक हल्की बारिश का अनुमान

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में शीतलहर अपने चरम पर है, जहां कई क्षेत्रों में तापमान शून्य से काफी नीचे पहुंच गयास है। जोजिला पास ने माइनस 24.0एडिग्री तापमान के साथ ठंड के मौसम में सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया। जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में तापमान में गिरावट जारी है क्योंकि घाटी, जम्मू क्षेत्र और लद्दाख में पारा और गिर रहा है, जबकि श्रीनगर में तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। जहां मौसम विभाग ने 29 जनवरी तक शुष्क मौसम रहने की संभावना जाहिर की है। इसके बाद 29 जनवरी की रात और 30 जनवरी की सुबह हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। वहीं 31 जनवरी को कुछ स्थानों पर बर्फबारी का अनुमान जताया गया है। इसके बाद 1-5 फरवरी को बादल छाने और बीच-बीच में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने यह भी कहा है कि न्यूनतम तापमान में 2-4एड्रिगी की वृद्धि होने की संभावना है।

## दो किशोरों के हाथ-पैर बांधे गला बार-बार रेता, क्यों हुई यह हत्या, पुलिस को नहीं पता

गोरखपुर(ईएमएस)। दो दलित किशोरों के हाथ पैर बांधे, गला कई बार रेता और हत्या कर दी। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी तो दूर पुलिस अभी तक ये पता नहीं कर पाई कि आखिर इस हत्या के पीछे की वजह क्या है। पीएम रिपोर्ट से पता चला है शव मिलने से एक दिन पहले यानी गुरुवार की शाम को ही हत्या हुई है। वहीं हैवानियत की पुष्टि पीएम रिपोर्ट में नहीं हुई पर जांच के लिए स्वैब प्रिजर्व किया गया है। ऐसे में यह तय है कि उनके साथ जो भी हुआ है वह मौका-ए वारदात पर ही हुआ है। पुलिस को अभी तक की जांच में कोई इलेक्ट्रानिक्स साक्ष्य भी नहीं मिल पाया है। जब किशोर गांव से बाहर जा रहे थे तब उनकी मां से मुलाकात हुई थी ऐसा मां ने बताया है।

## फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल को रोकने के लिए स्वदेशी प्रणाली ने दिखाया असर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉलों के खतरे से निपटने के लिए भारतीय सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। फर्जी कॉल रोकने की स्वदेशी प्रणाली ने ऐसी कॉलों की संख्या को प्रतिदिन लगभग 4 लाख तक कम कर दिया है।

इस पहल ने दूरसंचार विभाग



(डीओटी) की आने वाली अंतरराष्ट्रीय स्पूफ कॉल्स के 90 प्रतिशत को ब्लॉक करने में सफलता पाई है।यह प्रणाली न केवल भारतीय नागरिकों को धोखाधड़ी से बचाने में मदद कर रही है, बल्कि साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। इन फर्जी कॉलों का इस्तेमाल भारतीय नागरिकों को धोखा देने, साइबर अपराध करने और वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए किया जाता था। ये कॉल अक्सर भारतीय मोबाइल नंबर (+91) प्रदर्शित करती थीं, लेकिन असल में ये कॉल विदेश से की जाती थीं। कॉलिंग लाइन आइडेंटिटी में हेरफेर के जरिए यह भ्रम पैदा किया जाता था। सरकार ने इस खतरे को रोकने के लिए कई सख्त कदम उठाए हैं। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से कहा गया है कि वे भारत के बाहर से आने वाली सभी कॉलों पर अंतरराष्ट्रीय कॉल का टैग लगाएं। इससे नागरिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि ऐसी कॉल किसी सरकारी संगठन से नहीं हो सकती। प्रमुख सेवा प्रदाता एयरटेल और बीएसएनएल सहित अन्य ने 20 से अधिक विदेशी वाहकों और एग्रीगेटर्स को ब्लॉक कर दिया है, जो फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सौंप रहे थे।

इसके अतिरिक्त, हाल ही में लॉन्च किए गए संचार साथी ऐप ने धोखाधड़ी वाली कॉल की पहचान और रिपोर्ट करना आसान बना दिया है। इस ऐप के जरिए नागरिक अपने कॉल लॉग से सीधे संदिग्ध कॉलों की रिपोर्ट कर सकते हैं। सरकार की इस पहल के बाद विदेशी धोखेबाजों ने स्पूफिंग के लिए अंतरराष्ट्रीय नंबरों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। इसे रोकने के लिए, दूरसंचार मंत्रालय लगातार निगरानी कर रहा है और नए कदम उठा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, प्रमुख सेवा प्रदाताओं ने इस नई प्रणाली को लागू कर लिया है, और बाकी भी इसे जल्द ही लागू करेंगे।

# केजरीवाल और आतिशी का गंभीर आरोप, हरियाणा से यमुना में जहरीला पानी छोड़ रही भाजपा सरकार

### हार के डर से दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले जल संकट ने आम आदमी पार्टी (आप) की चिंता बढ़ा दी है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि यमुना में अमोनिया की मात्रा बढ़ने की वजह से 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने इसके लिए हरियाणा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दोष मढ़ा है। चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश बताकर आतिशी ने कहा है कि उन्होंने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी है और मिलने का समय भी मांगा है। आप के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वाले यमुना में जहर मिलाकर भेज रहे हैं।

वहीं आतिशी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से यमुना में अत्यधिक अमोनिया वाला पानी छोड़ा जा रहा है। इसकारण दिल्ली के 3 बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला प्लांट बंद होने की कगार पर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसकी वजह से दिल्ली के 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से यमुना में अत्यधिक अमोनिया वाला पानी छोड़ा जा रहा है। इसकी वजह से दिल्ली के 3 बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला प्लांट बंद होने की कगार पर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इसकी वजह से दिल्ली के 30 फीसदी लोगों को पानी नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने लिखा, चुनाव में हार के डर से भाजपा दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। भाजपा अपनी हरियाणा सरकार से यमुना नदी में जहरीला पानी छुड़वा रही है। पानी में इतना अमोनिया है कि दिल्ली के 3 वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की कगार पर हैं। दिल्ली के 30 प्रतिशत लोगों को पानी नहीं



मिलेगा। हिंदू धर्म में पानी रोकने से बड़ा कोई पाप नहीं होता।

आतिशी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने फैक्ट्रियों का सारा गंदा पानी यमुना में छोड़ना शुरू कर दिया है। पिछले 10 दिनों से भाजपा सरकार अमोनिया वाला प्रदूषित पानी यमुना में छोड़ रही है। प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया है कि दिल्ली के तीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने के कगार पर हैं। यमुना में यमुना का स्तर लगातार बढ़ रहा है और 7.2 मिलीग्राम तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि यह जहरीला पानी है जो हरियाणा सरकार छोड़ रही है।

दिल्ली के पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया में लिखा कि लोगों को प्यासा मारने से बड़ा पाप नहीं होता। अपनी गंदी राजनीति के लिए बीजेपी दिल्ली वालों को प्यासा मारना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से बीजेपी वाले पानी में जहर मिलाकर दिल्ली भेज रहे हैं। अगर ये पानी दिल्लीवालों ने पी लिया, तब कई लोग मर जाएंगे। क्या इससे घिनौना काम कोई हो सकता है? जो जहर पानी में मिलाकर भेजा जा रहा है, वहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में साफ भी नहीं हो सकता।

## विहिप महाकुंभ में करा रहा बौद्ध सम्मेलन, क्या है भाजपा और संघ की सोची-समझी रणनीति

### -10 फरवरी से तीन दिवसीय सम्मेलन में बौद्ध भंते और लामा बुलाए गए

**प्रयागराज (एजेंसी)।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ में विश्व हिंदू परिषद की ओर से भी शिविर का आयोजन हो रहा है। हर महाकुंभ में विहिप की ओर से धर्म संसद का आयोजन होता है और हिंदू समाज में सकारात्मक परिवर्तनों के लिए प्रस्तावों पर चर्चा की जाती है। लेकिन इस बार का महाकुंभ खास है, क्योंकि पहली बार विश्व हिंदू परिषद ने बौद्ध सम्मेलन करने का फैसला किया है। अब तक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन ही वीएचपी करती रही है, लेकिन पहली बार बौद्ध सम्मेलन होने वाला है। महाकुंभ में 10 फरवरी से तीन दिन का सम्मेलन आयोजित होना है, इसमें बौद्ध भंते और लामा बुलाए गए हैं। ये भंते भारत के अलग-अलग राज्यों के अलावा रूस, अमेरिका, कंबोडिया, म्यांमार सहित कई देशों से आएंगे। विहिप के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा कि कुंभ आध्यात्मिक एकत्रीकरण का स्थान है। उन्होंने कहा कि शैव, जैन, सिख, बौद्ध सहित कई परंपराओं का जन्म भारत में ही हुआ। आपस में अलग-अलग विचारों के संतों का मिलना सामान्य प्रक्रिया है। इस आगे बढ़कर विहिप ने



बौद्ध संत सम्मेलन का आयोजन किया है। अपनी स्थापना के दौर से ही विश्व हिंदू परिषद ने हिंदू सम्मेलन के आयोजन लगातार किए हैं, लेकिन पहली बार है, जब बौद्धों को जुटाया जा रहा है। वीएचपी संघ का आनुषांगिक संगठन है और भाजपा भी संघ परिवार का ही एक राजनीतिक हिस्सा है। इसके बाद वीएचपी के सम्मेलन को संघ और भाजपा की कोशिशों से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल देश में दलित समाज का एक बड़ा वर्ग है, जो कि बौद्ध मत की परंपराओं को मानता है। इसके अलावा जिन लोगों ने बौद्ध परंपराओं को अपनाया नहीं है, उनमें भी उससे सहानुभूति रखने वालों की बड़ी संख्या है। पिछड़े समाज के भी तमाम लोग बौद्ध पंथ की परंपराओं को स्वीकार करते हैं और महात्मा बुद्ध में आस्था रखते हैं। इसके बाद भाजपा और आरएसएस की रणनीति है कि यदि इस वर्ग को साध लें तब चुनावी लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा सामाजिक रूप से हिंदुओं के साथ बौद्धों को जोड़ने में भी मदद मिलेगी। हाल में ही महाराष्ट्र के चुनाव में भाजपा ने इस पर खास फोकस किया था। यहां तक कि बौद्ध समाज से आने वाले रिजिजू को वहां जिम्मेदारी दी गई थी कि वे बौद्धों को जोड़ें।

**1966 में कुंभ में ही हुई थी विश्व हिंदू परिषद की स्थापना**

विश्व हिंदू परिषद ने 1966 में अपनी स्थापना के दौरान ही कुंभ में पहला हिंदू सम्मेलन किया था। तब वीएचपी का सम्मेलन आयोजित कराने में आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक श्री माधव सदाशिव राव गोलवलकर यानी गुरुजी की अहम भूमिका रही थी। तब से अब तक हर बार कुंभ में हिंदू सम्मेलन और धर्म संसद के आयोजन होते रहे हैं। लेकिन इस बार बौद्ध सम्मेलन हो रहा है और यह संगठन की नीति में बदलाव का संकेत है।

## भाजपा नेता जायसवाल ने लालू को फादर ऑफ क्राइम बताया, बिहार में तेज हुई सियासत

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की सियासत अपराध के सवाल पर गर्म हो गई है। जहां राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव अपराध को लेकर सवाल खड़े कर रहे हैं। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने लालू को फादर ऑफ क्राइम बता दिया है। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने भाजपा नेता जायसवाल के बयान का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सच कड़वा जरूर होता है। पटना हाई कोर्ट ने भी टिप्पणी करते हुए लालू-राबड़ी राज को जंगलराज करार दिया। हम तब आतंक राज कहते हैं। बिहार में अपराध के क्षेत्र में अति विशिष्ट योगदान और क्लेश के इतिहास को लिखा जाएगा तब लालू का नाम शीर्ष पर होगा। वहीं इसके बाद अब राजद सहित पूरा विपक्ष भाजपा को घेरने में जुटा हुआ है।

कांग्रेस प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने जायसवाल पर पलटवार कर कहा कि जायसवाल का अपने बारे में क्या ख्याल है ? सभी को पता है कि जायसवाल आज जिस मेडिकल



कॉलेज के मालिक बने हुए हैं, वह मेडिकल कॉलेज उन्हें कैसे मिला। बेईमानी, चोरी, अपराध या दादागिरी से मिला। जायसवाल जी, 20 साल से आपकी पार्टी बिहार में सत्ता में है और हर दिन पटना जैसे शहरों में मर्डर होता है। इसका जिम्मेदार कौन है बीजेपी या नीतीश कुमार ?

वहीं राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने जायसवाल पर पलटवार कर कहा कि सत्ता पद पर बैठे हुए लोग कहीं ना कहीं अपराध और अपराधियों को श्रेय दे रहे हैं। जेडीयू और बीजेपी के नेता बताएं कि आप लोग कहा करते थे ना किसी को फंसाते हैं, ना किसी को बचाते हैं। वहीं अब स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि आप बचाते भी हैं और फंसाते भी हैं। पूर्व डिप्टी सीएम रेणु देवी के भाई के मामले में आप अपने आप में झांक लिए होते तब ऐसी भाषा नहीं बोलते। बिहार में क्राइम, करप्शन एंड कम्युनलिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## ब्रह्मोस को लेकर उत्साहित है इंडोनेशिया, भारत की एयरक्राफ्ट बनाने की क्षमता में दिखाई रुचि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल है जो एयरक्राफ्ट बनाने की क्षमता रखते हैं। इंडोनेशियाई सेना ने भारत की एयरक्राफ्ट बनाने की क्षमताओं में गहरी रुचि दिखाई है। इसमें भी खासतौर पर ब्रह्मोस को लेकर काफी ज्यादा इंट्रेस्ट है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में बताया। हाल ही में हुई एक बैठक के दौरान जकार्ता से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय रक्षा अधिकारियों से यह बात कही।

हालांकि इंडोनेशिया से संभावित मिसाइल डील के लिए रूस की सहमति की जरूरत होगी। रक्षा मंत्रालय के सूत्र ने यह जानकारी दी। भारत अभी तक फिलिपीन्स को ब्रह्मोस मिसाइल बेचता है। कुछ साल पहले फिलीपीन्स से 335 मिलियन डॉलर का ऑर्डर आया था। वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया और मध्य पूर्व के देशों सहित कई देशों ने भारत-रूस संयुक्त मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है। इस मिसाइल के कई सिस्टम रूस से आते हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण और मजबूत हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने मुख्य अतिथि के रूप में रविवार को नई दिल्ली में भव्य गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लिया।

भारतीय अधिकारी अब शिप बनाने के क्षेत्र में जकार्ता के साथ सहयोग बढ़ा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पड़ोसी देश ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल डील को लेकर भी बातचीत कर रहे हैं। इंडोनेशिया की टीम इसको लेकर जल्द ही भारत का दौरा कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि मेजर जनरल यूनिआंतो के नेतृत्व में एक इंडोनेशियाई दल ब्रह्मोस एयरोस्पेस पहुंचा था। यहां पर सैन्य सहयोग और मिसाइल क्षमताओं को लेकर बातचीत हुई थी। वैसे तो इस बातचीत को दो साल हो चुके हैं, लेकिन अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# ट्रैविड हेड ने दिया संकेत, श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में देखने को मिल सकता है बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के उप-कप्तान ट्रैविस हेड ने संकेत दिया है कि मेहमान टीम 29 जनवरी से गॉल में श्रीलंका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को बदलने पर विचार कर रही है।

हेड ने पत्रकारों से कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इस समय कहां बल्लेबाजी करने जा रहा हूं। हम देखेंगे कि अगले कुछ दिनों में विकेट कैसा रहता है। पिछले कुछ समय से इस टीम में यह चर्चा का विषय रहा है कि ऑस्ट्रेलियाई पहली पारी, दूसरी पारी, क्रम क्यों नहीं बदलता? हम लचीले क्यों नहीं हो सकते? क्या कदम? हम कैसे बहादुर हो सकते हैं? ऐसा अभी तक नहीं हुआ है। क्या यह ऐसा करने का दौरा है? हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। मुझे लगता है कि यह समूह काफी अनुभवी है और इसमें कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं जो खेल की विभिन्न भूमिकाओं और विभिन्न स्थितियों में खेल सकते हैं, हम अलग-अलग लोगों को शामिल कर सकते हैं।

इस बात पर चर्चा शुरू हो गई है कि ऑस्ट्रेलिया को शीर्ष पर उस्मान ख्वाजा के साथ किसे जोड़ना चाहिए - या तो हेड, जिन्होंने 2023 में भारत में टेस्ट में भूमिका निभाई थी या युवा सैम कोंस्टास, जिन्होंने अपने टेस्ट करियर की शानदार शुरुआत की है। हेड ने कहा, आप बस इतना करने की कोशिश कर रहे हैं कि टेस्ट मैच जीतने के लिए क्या लचीलापन हो सकता है, इस पर ध्यान केंद्रित करें। अगर यह पहले दिन अधिक पारंपरिक होने और जब यह चरम पर हो जाए तो क्या नहीं कहना है, यह क्रम बदल सकता है। इस समय बहुत से लोग मेरी ओर आकर्षित हो रहे हैं और मैं कहां बल्लेबाजी कर सकता हूं, लेकिन यह हर किसी के लिए अलग हो सकता है।

हेड ने कहा, मुझे लगता है कि लोग (टीम के भीतर) इसके लिए तैयार हैं। खेल विकसित हो रहा है। मुझे नहीं लगता कि किसी ने सैम कोंस्टास को टेस्ट मैच के पहले सत्र में लैप करते देखा होगा। खेल विकसित हो रहा है, इसलिए क्यों न हम यह देखना



जारी रखें कि हम कहां छलांग लगा सकते हैं और कहां हमें फायदा मिल सकता है? अगर यह अलग-अलग पदों पर लोगों का उपयोग कर रहा है, तो यह पारंपरिक रूप से बहुत ज़्यादा नहीं किया जाता है, हमने अभी तक ऐसा नहीं किया है, लेकिन क्या यह दौरा इसके लिए उपयुक्त है? मुझे लगता है कि यह टीम काफी अनुभवी है और एक बेहतरीन स्थिति में है, जहां खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर इसके लिए तैयार रहेंगे। हम इंतजार करेंगे और देखेंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने जब 2022 में श्रीलंका का दौरा किया था तब हेड ने तीन पारियों में बल्ले से सिर्फ 7.66 का औसत बनाया था और उन्हें नागपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से बाहर रखा गया था। लेकिन वह भारत में अगले तीन टेस्ट में 47 का औसत बनाने में सफल रहे जिसमें इंदौर में मैच जीतने वाली पारी भी शामिल है। अब श्रीलंका लौटने पर हेड ने कहा कि 2022 की तुलना में अब वह एक बदले हुए बल्लेबाज हैं।

उन्होंने कहा, मैं अभी यही कहूंगा कि मैं जिस स्थिति में हूं, उसमें कुछ अलग नहीं है (चाहे मैं 3/32 पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरूं और स्पिनर शीर्ष पर हों या 0/0 पर जब स्पिनर भी अपना स्पेल शुरू कर रहे हों)। लेकिन तीन साल पहले यह पूरी तरह से अलग था। मैं एक अलग मानसिक स्थिति में था और अपने करियर के एक अलग दौर में था, थोड़ा अलग तरीके से बल्लेबाजी कर रहा था। मैं उस दौरे के तरीके से खुश नहीं था। बिल्कुल भी अच्छा नहीं खेला। और फिर मुझे भारत में एक और मौका मिला और मैं कुछ और काम करने में सक्षम था।

हेड ने कहा, मैं पिछली बार यहां और पाकिस्तान में थोड़े बदलाव से गुजरा था। मैंने थोड़ा और पारंपरिक खेलने की कोशिश की, और वह भारतीय श्रृंखला ऐसी थी जो एक या दूसरे तरीके से जा सकती थी। मैं अच्छा नहीं खेलता, और शायद मैं फिर कभी उपमहाद्वीप का दौरा न देखूं। या मैं वहां जाकर वही करूं जो मैं पिछले कुछ सालों से कर रहा हूं और थोड़ा अधिक आराम से खेलूं और इस बारे में चिंता न करूँ कि परिणाम क्या हो सकता है। इसलिए मैं उसी पर ध्यान दूंगा। मैं टेस्ट जीतने के लिए जहां भी होना चाहिए वहां सहज महसूस करता हूं। मुझे अब इस बात की चिंता नहीं है कि मैं कहां बल्लेबाजी करूं। मैं कुछ समय से ऐसा नहीं कर रहा हूं।

## आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुनी गईं स्मृति मंधाना

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2024 की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर चुना गया। भारत की उप कप्तान मंधाना ने 2024 में 13 पारियों में



747 रन बनाए जो किसी कैलेंडर वर्ष में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बाएं हाथ की यह बल्लेबाज 2024 में सबसे अधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने इस दौड़ में दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट (697 रन), इंग्लैंड की टैमी ब्युमोंट (554 रन) और वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज (469 रन) को पीछे छोड़ा। उन्होंने इस दौरान वनडे में चार शतक जड़कर महिला क्रिकेट का नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने इसके साथ सौ से अधिक बार गेंद को बाउंड्री पार पहुंचाया। मंधाना ने 2024 में 95 चौके और छह छक्के जड़ें। इस 28 साल की बल्लेबाज ने 57.86 की शानदार औसत के अलावा 95.15 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने बेहतर गेंदबाजी इकाई वाली टीमों के खिलाफ भी कई बड़ी पारियां खेली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जून 2024 में उन्होंने लगातार दो शतक लगाये। भारत ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता था। उन्होंने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी श्रृंखला के निर्णायक मैच में शतक लगाया था। मंधाना ने दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में भी शतक जड़ा था लेकिन उनकी शानदार पारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में एक छोर से विकेटों के पतन के बीच मंधाना ने 14 चौके और एक छक्के की मदद से 105 रन बनाए थे।

## आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुने गए अजमतुल्लाह उमरजई



**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी अजमतुल्लाह उमरजई को सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का 2024 का साल का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय पुरुष क्रिकेटर चुना गया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और आक्रामक बल्लेबाज उमरजई ने 2024 में अफगानिस्तान की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 24 साल के उमरजाई ने 2023 के अपने शानदार प्रदर्शन को आगे बढ़ाया और पिछले साल दुनिया के अग्रणी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल रहे। उमरजई ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन किया लेकिन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह सबसे प्रभावशाली साबित हुए। वह रहमानुल्लाह गुरबाज के बाद अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए दूसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज और एएम गजनफर के बाद दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

अफगानिस्तान ने 2024 में अपनी पांच में से चार एकदिवसीय श्रृंखलाएं जीतीं। उमरजई ने पिछले साल 14 मैच में 17 विकेट लेने के अलावा 417 रन बनाए। उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और जिंबाबवे के खिलाफ लगातार चार श्रृंखला जीती। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर उमरजई ने पूरे साल बल्ले और गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 52.12 की औसत से रन बनाए और 20.47 की औसत से विकेट लिए। उमरजई ने अपने साल के पहले ही एकदिवसीय मैच में श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 149 रन की पारी खेली थी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ 50 गेंद पर नाबाद 86 रन की आक्रामक पारी भी खेली जिससे अफगानिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय में जीत के साथ श्रृंखला अपने नाम की।

## भारतीय हॉकी को मैंने जितना दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है : पी आर श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बोर्ड के इम्तिहान में ग्रेस अंक पाने के लिये हॉकी स्टिक थामने से लेकर मेजर ध्यानचंद के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनने तक पी आर श्रीजेश ने लंबा सफर तय किया है और अब उन्हें लगता है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिए उन्होंने जो कुछ भी किया, उससे कहीं ज्यादा देश ने उन्हें लौटाया है। भारत के महानतम गोलकीपरों में शुमार श्रीजेश को पता ही नहीं था कि मेजर ध्यानचंद (1956) के बाद पद्मभूषण पुरस्कार पाने वाले वह दूसरे हॉकी खिलाड़ी है और इस उपलब्धि ने उन्हें भावुक कर दिया।

श्रीजेश ने पुरस्कार की घोषणा होने के बाद कह कि मुझे सुबह खेल मंत्रालय से फोन आया था लेकिन शाम तक आधिकारिक घोषणा होने का इंतजार था। इतने समय सब कुछ फ्लैशबैक की तरह दिमाग में चल रहा था। मैं राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग का मैच देख रहा था जब पुरस्कारों की घोषणा हुई। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य जीतने के बाद खेल से विदा लेने वाले 36 वर्ष के इस महान पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मैंने पहला कॉल केरल में माता पिता और पत्नी को किया जिनके बिना यह सफर संभव नहीं था। इसके बाद हरेंद्र सर (सिंह) को फोन किया जिनके मार्गदर्शन में मैने भारत की जूनियर टीम में पदार्पण किया था।

श्रीजेश ने कहा कि कैरियर से विदा लेने के बाद अब यह सम्मान मिलने से मुझे महसूस हो रहा है कि पिछले 20 साल में भारतीय हॉकी के लिये जो कुछ मैने किया है, देश उसके लिये मुझे सम्मानित कर रहा है। मैं देश को धन्यवाद बोलना चाहता हूं। जितना मैने दिया, देश ने मुझे उससे ज्यादा लौटाया है। यह पूछने पर कि ध्यानचंद के



बाद यह सम्मान पाने वाले दूसरे हॉकी खिलाड़ी बनकर कैसा लग रहा है, उन्होंने कहा कि वह इस बात से अनभिज्ञ थे लेकिन बाद में मीडिया के जरिए ही पता चला तो यकीन नहीं हुआ।

भारत की अंडर 21 पुरूष टीम के कोच बने श्रीजेश ने कहा कि मुझे पता नहीं था कि मैं ध्यानचंद जी के बाद यह पुरस्कार पाने वाला दूसरा हॉकी खिलाड़ी हूं ।सपने जैसा लग रहा है। भारत का हॉकी में इतना सुनहरा इतिहास रहा है और हमने इतने महान खिलाड़ी विश्व हॉकी को दिए हैं। ऐसे में ध्यानचंद जी के बाद मुझे यह पुरस्कार मिलना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।

इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा



नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गई। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

## माथे पर बिंदी, दबी मुस्कान, मोहम्मद सिराज क्या इस हसीना को कर रहे डेट

**मुंबई (एजेंसी)।** सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज और अभिनेत्री-गायिका जानाई भोसले के बीच डेटिंग की खबरें चल रही हैं। जानाई प्रतिष्ठित गायिका आशा भोसले की पोती हैं। जानाई ने बीते दिनों मुंबई के बांद्रा में अपने 23वें जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा की जिसमें वह सिराज के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं। दोनों के बीच केमिस्ट्री देखकर फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि उनमें बीच दोस्ती से अधिक कुछ और भी है। दोनों एक-दूसरे को गर्मजोशी भरी मुस्कान के साथ देख रहे हैं जिसे नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल दिखता है। उक्त पोस्ट में जानाई अपनी दादी आशा भोंसले, अभिनेता जैकी श्रॉफ और क्रिकेटर सिद्धेश लाड और श्रेयस अय्यर के साथ भी दिख रही हैं। अपनी दादी आशा भोंसले के साथ पिछले दिनों केक काटती दिखाई थी।

पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही क्रिकेअ फैंस के कमेंट्स की बहार आ गई। कुछेक प्रशंसकों ने तो हंसी मजाक में जानाई



को 'भाभी' (भाभी) तक करार दे दिया। एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में पूछा- क्या आप सिराज भाईजान से शादी करने जा रहे हैं? वहीं, दूसरे ने लिखा- डीएसपी साहब ऐसे हैं - यहां मैं पिगल गया। एक ने लिखा- यहां डीएसपी गिरफ्तार हो गए हैं। बता दें कि सोशल मीडिया पर मोहम्मद सिराज को डीएसपी भी कहा जाता है क्योंकि बीते साल ही टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद तेलंगाना सरकार की ओर से डीएसपी बना दिया गया था। अक्सर मैच के दौरान जब सिराज विकेट लेते हैं तो सोशल मीडिया पर उनके डीएसपी से जुड़े मीम्स ही बनते हैं।

जानाई भोसले छत्रपति शिवाजी महाराज पर केंद्रित एक फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं, और उनके जन्मदिन समारोह में क्रिकेटरों के साथ-साथ फिल्म और टेलीविजन उद्योग के सितारों सहित कई उल्लेखनीय अतिथि शामिल हुए। जानाई की बर्थडे पार्टी में भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर भी नजर आए। उनके जन्मदिन समारोह में उपस्थित लोगों में अभिनेता जैकी श्रॉफ सिद्धेश लाड, सुयश प्रभुदेसाई, पूर्व बिग बॉस प्रतियोगी आयशा खान और मुंज्या स्टार अभय वर्मा भी शामिल थे।

## केएल राहुल कर्नाटक की टीम में शामिल, इस टीम के खिलाफ खेलेंगे रणजी ट्रॉफी मैच

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को सोमवार को कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया जो 30 जनवरी से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर काबिज हरियाणा का सामना करेगी। राहुल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है।

यह विकेटकीपर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद कोहनी की चोट से उबर रहा था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह सभी पांच टेस्ट खेले थे। राहुल रणजी ट्रॉफी के अंतिम लीग मैच में कर्नाटक के लिए खेलेंगे जो 2020 में कोलकाता में बंगाल के खिलाफ खेलने के बाद उनका पहला रणजी ट्रॉफी



मैच होगा। ऋषभ पंत, रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और रविंद्र जडेजा जैसे भारत के अधिकांश सीनियर खिलाड़ी पिछले दौर में अपनी-अपनी घरेलू टीम के लिए खेले थे लेकिन राहुल पंजाब के खिलाफ मैच में बाहर रहे जिसे कर्नाटक ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पारी और 207 रन से जीता था।

राहुल के मंगलवार से कर्नाटक की टीम के साथ ट्रेनिंग करने की उम्मीद है। टीम का नेतृत्व सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल कर रहे हैं। कर्नाटक के तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी मजबूत मिली है क्योंकि विद्वथ कावेरप्पा की टीम में वापसी हुई है। कावेरप्पा चोट के कारण मौजूदा घरेलू सत्र के बड़े हिस्से से बाहर रह चुके हैं। कर्नाटक ग्रुप सी में 19 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि हरियाणा (26) और केरल (21) पहले दो स्थान पर हैं। नॉकआउट में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए कर्नाटक को अंतिम लीग मैच हर हाल में जीतना होगा।

### हरियाणा के खिलाफ कर्नाटक की टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), लोकेश राहुल, श्रेयस गोपाल , देवदत्त पडिक्कल, केवी अनीश, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, हार्दिक राज, प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा, वासुकी कौशिक, अभिलाष शेट्टी, यशोवर्धन परंतप, निकिन जोस, सुजय सटेरी और मोहसिन खान। 000

## वेस्टइंडीज ने पाक को दूसरे टेस्ट में हरा श्रृंखला बराबर की

**मुल्तान (एजेंसी)।** बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 133 रन पर समेटकर 120 रन से जीत दर्ज की और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी और जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। मेजबान टीम ने हालांकि वारिकन (27 रन पर पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की।

ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन पर दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया।



वारिकन 19 विकेट के साथ श्रृंखला के सबसे सफल गेंदबाज रहे। इस हार के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीम ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है।

सोमवार को पाकिस्तान के कल के दोनों नाबाद बल्लेबाज सऊद शकील (13) और रात्रि प्रहरी काशिफ अली (01) अपने स्कोर में इजाफा किए बिना पवेलियन लौटे। सिंक्लेयर ने दिन की तीसरी गेंद पर शकील को स्लिप में कैच कराया जबकि वारिकन ने काशिफ को बोल्ड किया। मोहम्मद रिजवान (25) और सलमान अली आगा (15) दोनों ने 39 रन की साझेदारी की लेकिन इसके बाद वारिकन का शिकार बने। वारिकन ने साजिद खान (07) को बोल्ड करके वेस्टइंडीज की जीत सुनिश्चित की। इसी स्थान पर पहला टेस्ट 127 रन से गंवाने के बाद वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में 38 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद टीम जोरदार वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रही। वेस्टइंडीज की टीम निचले क्रम के बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से पहली पारी में 163 रन बनाने में सफल रही और फिर पाकिस्तान को 157 रन पर समेट दिया। वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 244 रन बनाकर पाकिस्तान को 254 रन का लक्ष्य दिया जिसे मेजबान टीम हासिल नहीं कर पाई। वेस्टइंडीज डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर रहा।

## 'वही आत्मविश्वास', मांजरेकर ने इस युवा भारतीय बल्लेबाज की तुलना दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी से की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में तिलक वर्मा के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की है। वह तिलक के शांत रवैये और दबाव में अपनी टीम को जीत दिलाने की क्षमता से बेहद प्रभावित हैं। जब अधिकांश बल्लेबाज मुश्किल पिच पर संघर्ष कर रहे थे तब तिलक ने अपना धैर्य बनाए रखा और 72 रनों की नाबाद पारी खेली। अंतिम ओवर में भारत की जीत सुनिश्चित करने के बाद उन्होंने प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।



मांजरेकर ने कहा, उनका आत्मविश्वास यह है कि वह भारत को अंत तक जीत दिला पाएंगे और इस रन चेज में भी, 18वें ओवर के आसपास कोई घबराहट नहीं थी। 19वें ओवर में भी, आप देख सकते थे कि भारत को वह बाउंड्री नहीं मिल रही थी जो दबाव को कम कर सके। लेकिन वह अंत तक खेलकर काफी खुश थे। तिलक वर्मा का आत्मविश्वास संयम मांजरेकर को एमएस धोनी की याद दिलाता है, जो शांत दिमाग से मैच खत्म करने के लिए जाने जाते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने बताया कि जब भारत को अंतिम ओवरों में बाउंड्री लगाने में संघर्ष करना पड़ा, तब भी तिलक शांत रहे और अंत तक टिके रहने पर ध्यान केंद्रित किया।



## फरवरी में खत्म हो रहा माधबी का कार्यकाल, सेबी के नए चेयरपर्सन की तलाश शुरु

**केंद्र सरकार ने आवेदन किए आमंत्रित, 17 फरवरी है अंतिम तारीख**

**नई दिल्ली,** केंद्र सरकार ने शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके उत्तराधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। माधबी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 17 फरवरी 2025 है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने जानकारी दी कि नए अध्यक्ष को दो वेतन विकल्पों में से चुनने का अधिकार होगा। भारत सरकार के सचिव के समान स्वीकार्य वेतन। हर महीने 5,62,500 की कंसॉलिडेटेड सैलरी होगी। इस विकल्प में घर और वाहन की सुविधा शामिल नहीं है। नियुक्ति अधिकतम पांच साल की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। माधबी पुरी बुच ने 2 मार्च 2022 को सेबी चेयरपर्सन का कार्यभार संभाला था। वह सेबी की पहली महिला अध्यक्ष हैं और उनका कार्यकाल कई अहम फैसलों और विवादों से भरा रहा। इससे पहले, वह अप्रैल 2017 से मार्च 2022 तक सेबी की होल-टाइम मेंबर के रूप में कार्यरत थीं। नई नियुक्ति के लिए प्रक्रिया की शुरुआत के साथ, अब यह देखना दिलचस्प होगा कि इस पद पर कौन बैठता है और बाजार को किस दिशा में मोड़ता है।

## चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी

**- क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर, दिसंबर 2024 में 50.1 था**



**हांगकांग।** चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई है। यह मंदी का कारण मुख्य रूप से श्रमिकों के चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना माना जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जो कि दिसंबर 2024 में 50.1 था। सूचकांक के 50 से ऊपर होने का मतलब है कि उत्पादन गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट दर्शाता है। नये ऑर्डर तथा उत्पादन में भी कमी आई है। गैर-विनिर्माण क्षेत्र के लिए समानांतर क्रय प्रबंधक सूचकांक दिसंबर के 52.2 अंक से फिसलकर जनवरी में 50.2 अंक पर आ गया है। ब्यूरो के एक वरिष्ठ सांख्यिकीविद् ने कहा कि कारखाना गतिविधियों में गिरावट अंशिक रूप से छुट्टियों के कारण है। उन्होंने बताया कि चीन में सबसे बड़ा त्यौहार चुंग जी का सार्वजनिक अवकाश है, जो मंगलवार से शुरू होगा और चार फरवरी तक जारी रहेगा। इसके दौरान लाखों नागरिक अपने परिवार के साथ समय बिताने के लिए शहरों से गांवों की ओर लौटते हैं। चीन की अर्थव्यवस्था ने 2024 में पांच प्रतिशत वार्षिक दर से बढ़ाई थी, जो कि मजबूत निर्यात और प्रोत्साहन के परिणाम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा चीन से आयात पर शुल्क बढ़ाने की चेतावनी के बीच, देश का निर्यात परिदृश्य भी अनिश्चित है।

# ब्लैकस्टोन मुंबई 3.0 में 11 अरब डॉलर के निवेश करने के लिए तैयार

**मुंबई।**

देश में सबसे ज्यादा जीडीपी वाले राज्य महाराष्ट्र के लिए अच्छी खबर है। दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी में शुमार ब्लैकस्टोन अगले तीन से पांच साल में महाराष्ट्र में 11 अरब डॉलर के निवेश करने को तैयार है। इस रकम को राज्य के प्रमुख शहरों में डेटा सेंटर, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी संपत्ति में निवेश किया जाएगा। अमेरिका के इस इंस्टीट्यूशनल निवेशक ने भारत के तेजी से बढ़ रहे प्रॉपर्टी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की व्यापक रणनीति बनाई है। इसके तहत कंपनी ने दावोस में राज्य सरकार के साथ तीन अलग-अलग समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इस साल वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में राज्य के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ब्लैकस्टोन के कुल निवेश का करीब 5 अरब डॉलर मुंबई 3.0 में जाएगा। मुंबई 3.0 राज्य सरकार का एक अहम प्रोजेक्ट है। इसके तहत मुंबई और नवी मुंबई की क्षमता का विस्तार करने के लिए एक तीसरे शहर को विकसित किया जाएगा। मुंबई 3.0 को कर्नाला-साई-चिरनेर न्यू टाउन के नाम से भी जाना जाता है। इसके मुंबई के करीब स्थापित किया जाएगा। इससे मुंबई में जगह की कमी दूर होगी।

सूत्र ने कहा कि ब्लैकस्टोन पहला वैश्विक संस्थागत निवेशक होगा जो इस नए उभरते शहर में कार्यालय परिसरों, आतिथ्य संपत्तियों, खुदरा मॉल और वेयरहाउसिंग संपत्तियों के विकास को सपोर्ट करेगा। ब्लैकस्टोन ने अपने जॉइंट वेंचर पार्टनर पंचशील रियल्टी के साथ मिलकर राज्य में डेटा केंद्रों के विकास के लिए 3 अरब डॉलर तक का निवेश करने के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) के साथ एक समझौता किया है।

## रुपया गिरावट पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ ही 86.27 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरमी के बीच रुपया आज सुब शुरुआती कारोबार में 22 पैसे की गिरावट के साथ 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि शुक्रवार को भारतीय रुपये में बढ़त दर्ज की गई थी, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क संबंधी फैसले पर अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को यह गिरावट के साथ खुला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 86.35 पर खुला और फिर फिसलकर 86.44 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की गिरावट दिखाता है। वहीं रुपया शुक्रवार को 22 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.22 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ 107.67 पर बंद हुआ था।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कर्ज 12 प्रतिशत घटा

**- शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपए था**

**मुंबई ।** भारतीय रियल एस्टेट बाजार में स्थित मैक्रोटेक डेवलपर्स के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि उनकी कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया है। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित आंकड़ों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ब्रांड के तहत संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था। इसके बाद की चुनौतियों और संघर्षों के बारे में भी उन्होंने बात की। उन्होंने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा है और उनकी उम्मीद भी वित्त वर्ष के समापन में मजबूत होगी। उन्होंने कहा` कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पूर्व-बिक्री मामले में हमारी अब तक की सबसे मजबूत तिमाही रही। संग्रह के मामले में भी यह अब तक की सबसे अच्छी तिमाही रही। उन्होंने अपने भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों के बारे में भी बात की और कहा कि महत्वपूर्ण व्यावसायिक विकास और मजबूत परिचालन प्रदर्शन के दम पर उनका शुद्ध ऋण करीब 600 करोड़ रुपये कम हो गया है और अब करीब 4,300 करोड़ रुपये का है। इसका ऋण समता अनुपात 0.22 है।



# शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद, निवेशकों को 9 लाख करोड़ का नुकसान

**सेंसेक्स 824 अंक टूटा, निफ्टी 263 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को भारी गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। घरेलू । कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहने और अमेरिका की नई सरकार की कारोबार नीति को लेकर जारी संशय से भी बाजार टूटा। विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया। इसी कारण आज कारोबर के दौरान बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी और सेंसेक्स एक फीसदी से अधिक गिरा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 824.29 अंक करीब 1.08 फीसदी टूटकर 75,366.17 पर बंद हुआ था। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज काका निफ्टी भी 263.05 अंक तकरीबन 1.14 फीसदी नीचे आकर 22,829 पर बंद हुआ।

आज बाजार में गिरावट का कारण दुनिया भर में तकनीकी शेयरों में आई गिरावट रह। एआई क्षेत्र में में हाई-टेक चिप्स की भारी मांग से निवेशकों में भय का माहौल रहा और वे बाजार से दूसरे हो गये। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर अधिक टेरिफ शुल्क लगाने की घोषणा से बाजार में भारी गिरावट आई। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला लगातार जारी रहने से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ाहै। विदेशी निवेशक पिछले कारोबारी सत्र सेशन में सबसे बड़े बिकवाल रहे। उन्होंने कुल 13,988.96 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। शेयर बाजार में सोमवार को आई गिरावट से निवेशकों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ । बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 4,19,51,854 करोड़ रुपये था। यह सोमवारक को घटकर 4,10,08,631 करोड़ रुपये रह गया। इस प्रकार कंपनियों को 9.40 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इस बड़ी गिरावट के साथ



अपने ऑल टाइम हाई से लगभग 13 फीसदी नीचे आया है , वहीं, बीएसई सेंसेक्स भी अपने ऑल टाइम हाई से 12 फीसदी से अधिक गिरा है।

वहीं आज सुबह बाजार बड़ी गिरावट लेकर खुला। इससे पहले भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरा हफ्ता गिरावट में बंद हुआ। वहीं एशियाई बाजारों की शुरुआत सोमवार को बढ़त के साथ हुई, लेकिन बाद में यह मिलाजुला रुख अपनाए रहे। निक्कई 0.18 फीसदी गिरा, जबकि टोपिक्स 0.4 फीसदी ऊछला। वहीं ऑस्ट्रेलिया, ताइवान, और दक्षिण कोरिया के बाजार छुट्टी के कारण बंद रहे।

# स्टेनलेस स्टील की मांग बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचा खर्च को मिले प्राथमिकता : जिंदल

**सरकार से उम्मीद है कि वह स्टेनलेस स्टील उद्योग की कुछ प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करेगी**

**नई दिल्ली ।**

भारत के सबसे बड़े स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस को उम्मीद है कि आगामी केंद्रीय बजट में स्टेनलेस स्टील क्षेत्र के विकास में बाधा बनने वाली प्रमुख चुनौतियों से निपटने को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार से उम्मीद है कि वह स्टेनलेस स्टील उद्योग की कुछ प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करेगी, जिनमें जलमार्ग, रेलवे और तटीय परिवहन जैसे गतिशील बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाना, आवश्यक कच्चे माल के आयात पर शून्य आयात शुल्क जारी रखना और सस्ते आयात से होने वाले नुकसान को रोकना शामिल है। केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले जिंदल स्टेनलेस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा` कि स्टेनलेस स्टील की मांग बढ़ाने के लिए, हम सरकार को बुनियादी ढांचे पर खर्च को प्राथमिकता देते रहने और अंतर्देशीय जलमार्ग, रेल बुनियादी ढांचे और तटीय परिवहन जैसे गतिशील बुनियादी ढांचे के विकास पर खास ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने इस उद्योग के लिए और भी कई सुझाव दिए, जैसे कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करना और आयात शुल्क पर बदलाव करना। जिंदल स्टेनलेस ने सरकार को स्टेनलेस स्टील उद्योग के उत्थान के लिए और भी कई कदम उठाने की सलाह दी है, जिससे घरेलू उद्योग मजबूत हो सके और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद मिल सके। उनके अनुसार इन प्रयासों से स्टेनलेस स्टील उद्योग को नया उत्थान मिलेगा और देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक होगा। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए जिंदल स्टेनलेस ने सरकार से आग्रह किया है कि घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग को समर्थन प्रदान करने के लिए आवश्यक उपायों पर ध्यान दिया जाए। यह स्थायी सुधार उद्यमिता को प्रेरित करेगा और उद्योग को विकसित करने में साहायक साबित होगा। सरकार की दिशानिर्देशना और जिंदल स्टेनलेस की उम्मीदें मिलकर भारतीय स्टेनलेस स्टील उद्योग को नई ऊर्जा और उत्साह मिलेगा। यह उभरते भारत के लिए एक बड़ा कदम हो सकता है जो आर्थिक समृद्धि और उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स ने टीपी-लिंक के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली ।**

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने भारत में अपने नेटवर्किंग उपकरणों तथा स्मार्ट घरेलू उत्पादों के विनिर्माण के लिए अग्रणी वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड टीपी-लिंक के साथ साझेदारी की सोमवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों के अनुसार इस रणनीतिक साझेदारी का मकसद कनेक्टेड डिवाइस के लिए भारत की बढ़ती मांग को पूरा करना तथा भारत में विनिर्मित इलेक्ट्रॉनिक को निर्यात बाजारों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना है। इसमें कहा गया कि यह सहयोग टीपी-लिंक के मेक इन इंडिया दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता को और दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र बनने के भारत के संकल्प को मजबूत करता है। इन उत्पादों का विनिर्माण ओईएल की सुविधा में किया जाएगा, जिसकी प्रति वर्ष 60 लाख उपकरणों के उत्पादन की क्षमता है। विज्ञप्ति में कहा गया` कि यह सहयोग निर्यात बाजारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के विकास और विनिर्माण का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। इसमें कहा गया, ओईएल, टीपी-लिंक के लिए पावर एडॉप्टर, मैकेनिकल पार्ट्स और अन्य चीजें उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा। इस समझौते से आयात निर्भरता कम होगी और आपूर्ति पर बेहतर नियंत्रण मिलेगा।

# भारत के निर्यातकों की मजबूत स्थिति- अमेरिकी बाजार में भारतीय सामान का जलवा

**- पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात बढ़कर 59.93 अरब डॉलर हुआ**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में ट्रंप युग की शुरुआत हो गई हो और उन्होंने विभिन्न देशों, भारत सहित, पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी हो लेकिन भारत के निर्यातकों ने बजाय हर्जाने के अमेरिकी बाजार में अपनी मजबूती साबित की है। नवंबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार भारत ने अमेरिका को हर घंटे लगभग 80 करोड़ रुपए का सामान` निर्यात किया है। इसका मतलब है कि भारतीय उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ रही है और निर्यात में वृद्धि हो रही है। पिछले वित्त वर्ष के पहले 9 महीनों में, भारत का वस्तु निर्यात 5.57 फीसदी बढ़कर 59.93 अरब डॉलर पहुंच गया है, जो मौजूदा रुझान की मजबूती को दर्शाता है। इसके साथ ही दिसंबर में अमेरिका को भारत का निर्यात 8.49 फीसदी बढ़कर सात अरब डॉलर रहा है। भारतीय निर्यात में यह वृद्धि सकारात्मक संकेत देती है और भारत के भीतर उत्पादन की वृद्धि को प्रोत्साहित करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में निर्यात के लिए अच्छे मौके हैं, जिससे भारतीय उत्पादकों के लिए नये दरवाजे खुल सकते हैं। आगे चलकर, इस व्यापारिक संबंध का विस्तार होने की संभावना है और भारत और अमेरिका के बीच व्यापार में और बढ़ोतरी हो सकती है। इस रिपोर्ट से स्पष्ट



हो रहा है कि भारतीय निर्यातकों की क्षमता और उत्पादन अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज हो रही है। यह संकेत भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिका में बड़ी संभावनाएं दर्शाता है, जो आने वाले वर्षों में निर्यात में और वृद्धि को देख सकते हैं।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में 2024 में ऐतिहासिक वृद्धि

**- इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं में कुल निवेश 3.9 लाख करोड़ रुपए**

**नई दिल्ली ।**

2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। निवेश प्रवाह में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज करते हुए एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया ने बताया कि इक्विटी और इक्विटी-ओरिएंटेड योजनाओं में कुल निवेश 3.9 लाख करोड़ रुपए हुआ, जो 2023 के 1.6 लाख करोड़ रुपए से दोगुना बढ़कर अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि निवेशकों के बढ़ते विश्वास और दीर्घकालिक निवेश की ओर इशारा करती है। हालांकि, इस शानदार प्रदर्शन के बावजूद 2025 के लिए बाजार में सतर्कता का माहौल देखा जा रहा है। जर्मिनेट इन्वेस्टर सर्विसेज के सह-संस्थापक और सीईओ संतोष जोसेफ ने दिसंबर में इक्विटी फंड प्रवाह में कमी का संकेत दिया है, जिसे बाजार में बढ़ती अस्थिरता के कारण देखा जा रहा है। जोसेफ ने कहा कि इतिहास गवाह है कि इक्विटी फंड्स में निवेश प्रवाह बाजार के प्रदर्शन से गहराई से जुड़ा होता है। जब बाजार में अनिश्चितता रहती है, तो निवेशक गतिविधि धीमी हो जाती है। उन्होंने इस प्रवृत्ति का कारण बाजार में बढ़ती अस्थिरता बताया और जोड़ा कि 2025 में नए फंड लॉन्च और इक्विटी फंड जुटाव में कमी देखने का संकेत मिल सकता है। इसके बावजूद दीर्घकालिक निवेशकों के लिए स्थिति उत्साहजनक है और विशेषज्ञों का मानना है कि जो बाजार में बने रहते हैं, वे स्थिरता आने पर इक्विटी मार्केट्स की संपत्ति सृजन क्षमता का लाभ उठा सकते हैं।

इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में हुई इस वृद्धि ने दिखाया कि निवेशक आधुनिक और दीर्घकालिक योजनाओं को अधिक पसंद करने लगे हैं, पारंपरिक विकल्पों से हटकर।

# किसानों के लिए खुशखबरी: केंद्र सरकार का खेत से उपभोक्ता तक मॉडल

**- 40 रुपये किलो वाला गेहूं अब 30-35 में मिलेगा!**



**नई दिल्ली ।**

देश के करोड़ों किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। केंद्र सरकार एक नए मॉडल पर काम कर रही है, जिससे कृषि उत्पादों की खरीदी-बिक्री में बिचौलियों की भूमिका कम होगी तो अनाज की कीमतों पर इसका असर देखने को मिल सकता है, इसलिए हो सकता है कि जो गेहूं बाजार में 40 रुपये किलो मिल रहा है वह 35 रुपये किलोग्राम तक ग्राहकों को मिल जाए। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मॉडल के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह किसानों को अधिकतम लाभ पहुंचाएगा। इस मॉडल के तहत भारतीय किसान अपनी उपज को सीधे उपभोक्ताओं तक बेच सकेंगे, जिससे अनाज की कीमतों में स्थिरता आ सकती है। इसके अलावा सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसलों की खरीद, प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों को प्रोत्साहित करने और कृषि विज्ञान केंद्रों को मजबूत करने का काम भी जारी रखा है। चौहान ने कहा कि किसान भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनके बिना देश समृद्ध नहीं हो सकता। इसीलिए सरकार ने किसानों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

कृषि क्षेत्र और किसानों का योगदान अहम है, और ऐसे कदम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। इस नए मॉडल से किसानों को आर्थिक अवसरों में और सुधार मिलेगा, जिससे उनकी स्थिति में सुधार आ सकता है।

# इस बार का बजट 2047 के विजन को मजबूत करने वाला होगा

**अब खपत बढ़ाने के कदम उठाने की भी जरूरत है**



**नई दिल्ली ।**

इस बार को केंद्रीय बजट ऐसे समय में पेश किया जाएगा जब देश की आर्थिक वृद्धि में गिरावट देखी जा रही है। वित्तीय बाजारों में बढ़ती अस्थिरता, विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट और वैश्विक नीति की अनिश्चितताओं से चुनौतियां बढ़ गई हैं। साथ ही अमेरिका में नई सरकार बनने से वैश्विक माहौल और भी मु श्किल हो गया है। इन परिस्थितियों में बजट का मुख्य फोकस विकास को तेज करना और 2047 तक 'विकसित भारत' के विज़न को पूरा करने की दिशा में कदम उठाना होना चाहिए। कोविड के बाद सरकार का फोकस कैपेक्स के जरिए आर्थिक सुधार पर रहा है, जो अब तक सफल रहा है। हालांकि, इसे जारी रखने के साथ ही अब कंजम्पशन बढ़ाने के कदम उठाने की भी जरूरत है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कंजम्पशन यानी खपत बढ़ेगी, तो इससे प्राइवेट इन्वेस्टमेंट को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में 5 फीसदी तक की कटौती पर विचार करना चाहिए। भले ही इससे जीडीपी का 0.2 फीसदी राजस्व नुकसान होगा, लेकिन इससे लोगों की खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी और कंज्यूमर सेंटिमेंट में सुधार होगा। कमजोर जॉब क्रिएशन और कम रियल वेज ग्रोथ ने कंज्यूमर सेंटिमेंट को कमजोर किया है। आरबीआई के हाउसहोल्ड सर्वे के मुताबिक, महामारी के बाद से ही लोगों का भरोसा नकारात्मक बना हुआ है। ऐसे में टैक्स में कटौती और खर्च करने की क्षमता बढ़ाने से डिमांड में सुधार हो सकता है, जो अर्थव्यवस्था को गति देगा। सरकार को अपने फिस्कल कंसॉलिडेशन प्रयासों की गति को थोड़ा धीमा करने की जरूरत है, ताकि ग्रोथ बढ़ाने वाले कदमों पर ध्यान दिया जा सके। सरकार ने वित्त वर्ष 26 तक फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के 4.5 फीसदी से कम करने का लक्ष्य रखा था।

# गणतंत्र दिवस में सेंट गेब्रियल एंड मोनिका इस्कूल में होलक प्रतिजोगिता



**रांची।** मोरहाबादी कर एदलहातु इस्थित सेंट गेब्रियल एंड मोनिका इस्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाल गेलक। ई अवसर में द्रौपदी फाउंडेशन कर निदेसक सह इस्कूल कर प्रिंसिपल डॉ सुषमा केरकेट्टा तिरंगा फहरालयं। डॉ सुषमा केरकेट्टा, लायंस क्लब कर सदस्य, पूर्ब पार्षद द्रौपदी फाउंडेशन कर डॉ सुषमा शंकर संगे पहुंचल सउब गनमान्य अदमीमन झंडा के सलामी देलयं। मौका में इस्कूल कर छउवामन देस कर बिबिधता में एकता परदरसित करते रंग-बिरंगा परिधान में सारे जहां से अच्छा कर धुन में मार्च करते परेड कर सुरुआत करलयं। इकर से पहिले इस्कूल कर छउवामन प्रभात फेरी निकलालयं। प्रभात फेरी जोगो पहाड़, सिंदुवार टोला संगे एदलहातु बस्ती कर बिभिन्न छेतर में गेलक। क्लास नर्सरी से नौंवी तक कर छउवामन कर बीच बिभिन्न किसिम कर प्रतिजोगिता कर आयोजन भी करल गेलक। छउवामन के पुरस्कृत करल गेलक। देसभक्ति उपरे आधारित नाटक कर मंचन करल गेलक।

मौका में इस्कूल कर प्रिंसिपल कहलयं कि ई बछर 26 जनवरी के भारत आपन 76वां गणतंत्र दिवस मनात हे। एहे दिन 1950 में देस कर संविधान लागू होए रहे, जेकर से भारत एगो गनराज्य बइन गेलक। ई दिन भारतीय लोकतंत्र, स्वतंत्रता आउर समानता कर प्रतीक कर रूप में मनाल जायेला।

ई अवसर में बिसेस गोतिया के रूप में लायंस क्लब रांची कर अध्यछ अरूप अग्रवाल, निधि नागपाल, राजेश केशार, अनूप अग्रवाल दीपक लोहिया, पूर्ब वार्ड पार्षद वसंती लकड़ा, पूनम जैन, अनु जैन, कुमी जैन, शाश्वत गुनगुन, कार्यकारी प्रिंसिपल डेजी, वाइस प्रिंसिपल सायमन, प्रेमा, गुलराना, उषा, अंजू, संध्या, जयंती, गौरी, अनीता, सरिता, राजकुमार, राकेश, प्रकाश भी उपस्थित रहयं।

## सेल रांची इकाइ उत्साह कर संगे मनालक गणतंत्र दिवस



**रांची।** सेल रांची इकाइमन रास्ट्रवादी उत्साह आउर पारंपरिक उल्लास कर संगे 76वां गणतंत्र दिवस मनालयं। इस्पात भवन में ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन) वेद प्रकाश कार्वाहक ईडी (एम.टी.आई) संजय धर आउर अन्य करमचारीमन आउर उनकर परिवार कर सदस्यमन कर उपस्थिति में तिरंगा फहरालयं। इस्पात भवन कर अलावा संजय ने एमटीआई में भी तिरंगा फहरालयं। सेल सीएसआर इस्कूल में सीजीएम प्रभारी (पीएंडए) एस.जे. जाचुक, सेवा कार्यालय में प्रेमा तिर्की तिरंगा फहरालयं।

कार्यपालक निदेसक (डिजिटल परिवर्तन) वेद प्रकाश आपन भासन में गणतंत्र दिवस कर मूल सार उपरे प्रकास डाललयं। ऊ ई बात उपरे जोर देलयं कि ई बिबिधता में एकता कर सक्ति, न्याय आउर समानता कर महत्व आउर उत्कृस्टता कर खोज कर याइद दिलायला। ई मूल्य सेल में हमिन कर मिसन कर संगे गहराई से मेल खायेला। हमिन कर कंपनी कर ताकत न खली हमिन कर उत्पाद आउर सेवा कर गुनवत्ता में निहित आहे, बलकि काम कर प्रति हमिन कर समर्पन, सहयोग कर भावना, मूल्य कर प्रति प्रतिबद्धता आउर एगो महान रास्ट्र कर निरमान में जोगदान में भी निहित आहे।

इकर अलावा ऊ सेल रांची इकाइ कर सात गो कार्जछेतर कर बारे में बात करलयं, जे इस्थिरता, हरित इस्पात, आधुनिकीकरन आउर छमता वृद्धि, गुनबत्ता वाला कच्चा माल, अनुसंधान आउर नवाचार, डिजिटलीकरन आउर सुरछा संगे आगे कर चुनौति कर समाधान करेक ले बेस से तैयार हयं।

## भगवान बिरसा मुंडा जेल फन पार्क में करल गेलक ध्वजारोहन



**रांची।** गणतंत्र दिवस कर सुभ अवसर में रांची कर ऐतिहासिक भगवान बिरसा मुंडा फन पार्क परिसर में ध्वजारोहन सह पौधरोपन करल गेलक। ई अवसर में मुध गोतिया कर रूप में झारखंड कर बीर स्वतंत्रता सेनानी सहीद गनपत राय जी प्रपौत्री डॉ वंदना राय रास्ट्रीय ध्वज फहरालयं। सामाजिक संस्था टीम ग्रीन पार्क परिसर में झारखंड कर बीर स्वतंत्रता सेनानीमन कर नाव में पौधरोपन करलयं।

मौका में कतई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित करल

### ☐ झारखंड कर बीर सहीद कर नाव में संस्था टीम ग्रीन लगालयं पौधा

गेलक। ई अवसर में मुध रूप से प्रो राजेश लाल, जया राय, जेल पार्क कर संचालक आर्यन चोपड़ा, टीम ग्रीन कर निपुण जैन, रिलेशंस कर निदेसक आशुतोष द्विवेदी, डॉ सुभाष साहू, पंकज साहू, नमिता देवी, शुभम चौधरी, अरिहंत जैन, हरेंद्र कुमार, प्रीति कुमारी संगे ढेइरे गनमान्य अदमीमन उपस्थित रहयं।




## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाल गेलक



**रांची।** 76वां गणतंत्र दिवस राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेशम,अनगड़ा कर प्रांगण में, बहुत धूमधाम से मनाल गेलक। ई कार्जक्रम में मुध अतिथि अनगड़ा प्रखंड प्रमुख श्रीमती दीपा उरांव, वार्ड सदस्य श्रीमती पूजा कच्छप, समाज सेवी रामदेव बड़ाईक, किशुन बड़ाईक ,कृष्णा बड़ाईक, महादेव उरांव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमेश्वर महतो, उपाध्यक्ष श्रीमती होलिका देवी, सदस्य प्रदीप बड़ाईक, संयोजिका श्रीमती सरिता देवी, विद्यालय के प्राचार्य प्रेमचन्द बेदिया, सहायक अध्यापिका श्रीमती रोसालिया तिर्की, ग्राम प्रधान भरत मुंडा, ग्राम प्रधान बुधराम उरांव, श्रीमती मंजू देवी, बसंती देवी, ललिता देवी, रसोईयागण, विद्यालय कर छउवामन, आउरो सैकड़ों ग्रामीण आउर अभिभावकगन उपस्थित रहंय।

विद्यालय कर छउवामन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करलंय। पाछे से पुरस्कार वितरन हों करल गेलक। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाईड दने से छउवा मनकर बीच सर्टिफिकेट भी देल गेलक। मंच कर संचालन सहायक शिक्षक शंकर बेदिया करलंय। धन्यवाद ज्ञापन परमेश्वर महतो करलंय।










# रंगारंग कार्जक्रम कर साथ होलयं टुसू मेला कर सुरुआत



रांची। रांची जिला कर अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत आगर टोली/लाघुप टोली गांव में 26 जनवरी के टुसु मिलन समारोह कर संगे, टुसु मेला आयोजन कर सुरुआत स्वर्ण रेखा नदी (गेतलसूद डेम) कर अर् रा लाधुप टोंगरी में, रंगारंग सांस्कृतिक कार्जक्रम कर साथ करल गेलक। आयोजित कार्जक्रम में मुध गोतिया कर रूप में, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट गोतिया श्रीमती दीपा उरांव (प्रखंड प्रमुख), श्रीमती अनुराधा मुंडा (जिला परिषद् प.) एवं जलेन्द्र प्रसाद(भाजपा कार्य समिति सदस्य) उपस्थित रहंय।

मेला कर सुभारंभ विधायक फीता काइट के करलंय आउर टुसु मेला (टुसु परब) कर प्रासंगिकता उपरे कहलंय कि रदुसु परब से हामरेकर आपन संस्कृति के बढ़ावा मिलेला ,आपसी भाइचारा, जागरूकता कर भाव जागेला, आउर संगे-संगे टुसु परब हामरेकर सांस्कृति में, रंग भरेकर काम करेलार।

मेला आयोजन समिति कर अध्यक्ष धनकिशोर महतो, सचिव सुरज मुण्डा, कोषाध्यक्ष अनिल भोगता, अजय रजवार, उपाध्यक्ष बिहारी महतो , संतोष पहान, विजय रजवार, मुख्य संरक्षक - तीर्थनाथ महतो, संगे पंचायत, प्रखंड आउर जिला प्रतिनिधिगन ,गांव - गांव कर हजारों गणमान्य जन, तिरि - पुरुख आउर छउवामन मेला में उपस्थित रहंय। ढेइर देरी सांझ तक मेला आयोजन में आवल महिमान मन सांस्कृतिक कार्यक्रम कर लुत्फ उठालंय।













मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com